राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, सोमवार, 15 अप्रैल 2024

वर्ष 05, अंक 195, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

सड़कों पर इस तरह गड्ढा के कारणदुर्घटना में दो लोगों के साथ घोड़ा भी घायल...02

इजराइल पर ईरान के हमले की United Nations ने की कड़ी निंदा...12

सीबीआई में चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार रही मेघा इंजीनियरिंग के ख़िलाफ़ केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- चुनावी बॉन्ड खरीद मामले में दूसरा बड़ा नाम रही मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है. **हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक,** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई ने कथित भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के अमल में हुई गड़बड़ियों को लेकर की गई है.

मालूम हो कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी चुनावी बॉन्ड का डाटा, जिसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था, में खुलासा हुआ था कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है. पामिरेड्डी पिची रेड्डी और पीवी कृष्णा रेड्डी की कंपनी मेघा इंजीनियरिंग ने 966 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे थे. ख़बरों के अनुसार, हाल ही में हुई सीबीआई कार्रवाई एक शिकायत के संबंध में है, जिसमें एनआईएसपी/एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन लिमिटेड के दो अधिकारियों पर एमएनडीसी द्वारा मेघा इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल लिमिटेड को भुगतान के बदले रिश्वत लेने की बात कही गई है. ज्ञात हो कि मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड योजना में सामने आने के बाद से ही हैदराबाद स्थित ये कंपनी रडार पर है. खबरों से पता चलता है कि चुनावी बॉन्ड खरीदने के तुरंत बाद इस कंपनी को कई परियोजनाएं सौंपी गईं. एक विश्लेषण के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग को बॉन्ड खरीदने के समय 2019 से 2023 के बीच पांच प्रमुख परियोजनाएं मिलीं थी.

कंपनी द्वारा खरीदें कुल 966 करोड़ रुपये के बॉन्ड में से सबसे अधिक 584 करोड़ रुपये का चंदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास गया. जबकि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को 195 करोड़ रुपये, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) को 85 करोड़ रुपये और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) को 37 करोड़ रुपये का चंदा दिया गया. कंपनी से तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले. जनता दल (सेक्युलर), जन सेना पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) को 5 करोड़ रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक की राशि कंपनी की ओर से दी गई थी.

मेघा इंजीनियरिंग पर क्या है भ्रष्टाचार का आरोप?

समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया है कि शनिवार को सार्वजनिक की गई एफआईआर के अनुसार, सीबीआई ने 10 अगस्त, 2023 को एकीकृत इस्पात संयंत्र जगदलपुर में इनटेक वेल और पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के कार्यों से संबंधित 315 करोड़ रुपये की परियोजना में कथित रिश्वत देने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की थी. यह परियोजना मेघा इंजीनियरिंग को सौंपी गई थी. प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर, 18 मार्च को कथित रिश्वत मामले में एक नियमित मामला दर्ज करने की सिफारिश की गई थी जो 31 मार्च को दायर की गई. सीबीआई ने एनआईएसपी और एनएमडीसी लिमिटेड के आठ अधिकारियों- सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक प्रशांत दास, निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती, डीजीएम पीके भुइयां, डीएम नरेश बाबू, वरिष्ठ प्रबंधक सुब्रो बनर्जी, सेवानिवृत्त सीजीएम (वित्त) एल कृष्ण मोहन, महाप्रबंधक (वित्त) के राजशेखर, प्रबंधक (वित्त) सोमनाथ घोष को नामजद किया है. इन पर कथित तौर पर 73.85 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप है. केंद्रीय एजेंसी ने मेकॉन लिमिटेड के दो अधिकारियों, असिस्टेंट जनरल मैनेजर (कॉन्ट्रैक्ट्स) संजीव सहाय और डिप्टी जनरल मैनेजर (कॉन्ट्रैक्ट्स) के इलावरसु को भी नामजद किया है. इन पर कथित तौर पर 174.41 करोड़ रुपये के भुगतान के बदले 5.01 लाख रुपये लेने का आरोप है. ये भुगतान सुभाष चंद्र संगरा, महाप्रबंधक, एमईआईएल, मेघा इंजीनियरिंग और अन्य अज्ञात लागों को 73 बिलों (चालान) के जरिये किया गया था. चंद्रा और मेघा इंजीनियरिंग को भी मामले में आरोपी बनाया गया है.गौरतलब है कि मेघा इंजीनियरिंग के कार्यक्षेत्र में सिंचाई, जल प्रबंधन, बिजली, हाइड्रोकार्बन, परिवहन, भवन और औद्योगिक बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं शामिल हैं. वेबसाइट यह भी बताती है कि कंपनी केंद्र और राज्य सरकारों के साथ पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) में अग्रणी रही है और वर्तमान में देश भर के 18 से अधिक राज्यों में परियोजनाएं चला रही है.

इंटरनेट पर कंपनी के बारे में खोजबीन करने से पता चलता है कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं इसकी झोली में गई हैं, जिनमें सितंबर में मंगोलिया में 5,400 करोड़ रुपये का क्रूड ऑइल प्रोजेक्ट (मंगोल रिफाइनरी दोनों सरकारों के बीच की एक पहल है), मई में कुल 14,400 करोड़ रुपये की बोली के लिए मुंबई में ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल परियोजना के निर्माण के लिए दो अलग-अलग पैकेज और जून में अपनी कंपनी आईकॉम (IComm) के लिए रक्षा मंत्रालय से 500 करोड़ रुपये का ऑर्डर शामिल है. इसकी वेबसाइट के अनुसार, कंपनी जम्मू कश्मीर में ज़ोजिला सुरंग पर भी काम कर रही है. वेबसाइट पर और भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उल्लेख है जिनमें मुख्य तौर पर चारधाम रेल सुरंग, विजयवाड़ा बाईपास की छह लेन, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे, महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग, सोलापुर ङ्क कुरनूल ङ्क चेन्नई आर्थिक गलियारा जैसी प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं. इसी समूह की वेस्टर्न यूपी पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने भी चुनावी बॉन्ड में 220 करोड़ रुपये का चंदा दिया है, जो सबसे बड़े चंदादाताओं की सूची में सातवें पायदान पर है.

हिंदू बिजनेसलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 12 अक्टूबर 2019 को आयकर विभाग ने हैदराबाद में समूह के कार्यालयों का 'निरीक्षण' किया था. हालांकि, कंपनी ने एक बयान में इस बात से इनकार किया था कि यह कोई छापा या तलाशी थी और इसे 'नियमित निरीक्षण' बताया था.

जनवरी 2024 में डेक्कन क्रॉनिकल ने अपनी एक रिपोर्ट में कैग की ऑडिट रिपोर्ट का जिक्र किया था, जिसमें मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ तेलंगाना की एक प्रमुख सिंचाई परियोजना 'कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (केएलआईएस)' में किए गए काम को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे, कहा गया था कि कंपनी ने हजारों करोड़ रुपये के सरकारी धन का गबन किया. डेक्कन क्रॉनिकल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा केएलआईएस पर ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी को केवल चार पैकेजों में 5,188.43 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया था. कंपनी को तत्कालीन भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार का संरक्षण प्राप्त होने की बात कही जाती है.

आखिर किसके संरक्षण में रेलवे स्टेशन पर बिक रहा रेल नीर की जगह 5 स्टार अवैध पानी

स्वतंत्र प्रभात

वैंडरों और ठेकेदार की मिलीभगत से चल रहा काम

गोण्डा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत ठेकेदार और वैंडर अवैध बेंडरो को अपने यहां भारी संख्या में इकट्ठा कर रखा गया है।और फिर ट्रेन के आते ही वह सक्रिय हो जाते हैं। और फिर उनसे खाने से लेकर अनएप्रूव्ड ब्रांड पानी बेचवाते आते हैं।यह ब्रांड रेलवे स्टेशन के स्टॉल पर न बेचकर ट्रेनों में बेचा जा रहा है।दूसरे ब्रांड के पानी को महंगा बताकर 20 रुपए प्रति बोतल के हिसाब से वसूली हो रही है। और जिम्मेदारों के जानकारी के बावजूद खामोश बनकर बैठे रहते हैं।वही अवैध बेंडर और अनएप्रूव्ड पानी की बेचने वालों की हकीकत जाने के लिए निष्पक्ष प्रतिदिन के संवाददाता ने प्लेटफार्म पर पहुंचकर देखा तो कई प्रकार के वेंडर खाना और पानी बेच रहे थे।किसी के हाथ में रेल नीर था तो किसी के हाथ में अनएप्रूव्ड पानी लेकिन किसी भी वेंडर के पास रेलवे स्टेशन पर बेचने के लिए अधिकृत पास नहीं था।अधिकतर बेंडर अवैध तरीके से रेलवे स्टेशन पर लगे स्टालों के माध्यम से खाना और अनएप्रूव्ड पानी अवैध तरीके से बेच रहे थे।कई अवैध बेंडरो से इसकी जानकारी ली गई तो एक वेंडर ने बताया कि चंद्रमौली मिश्रा ठेकेदार का स्टाल जो बच्चा जयसवाल चला रहे हैं। हम उन्हीं के यहां के हैं।इसके बाद दूसरे व्यक्ति से पूछने पर पता चला कि हम अजय के स्टॉल से हैं और अजय हमें अनएप्रूव्ड पानी यहां रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आने पर बेचवा रहे हैं।ऐसे ही कई अवैध बेंडरो ने अजय का नाम बताया फिर एक व्यक्ति और फिर उससे पूछा गया कि किसके स्टॉल से हो तो उसने बताया हम इसराइल ठेकेदार के यहां के बेंडर हैं।ऐसे ही करीब गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आने के समय करीब सैकड़ो अवैध वेंडर आपको घूमते हुए नजर दिखाई देंगे।वही आरपीएफ कमांडेंट लखनऊ से दूरभाष पर अवैध वेंडर के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि गोंडा में लगभग दो सौ कि संख्या में अधिकृत वेंडर है।और 100 वेंडर ऐसे हैं जो ट्रेनों में 50 चढ़ते और 50 उतरते हैं।वहीं अवैध वेंडर के बारे में गोंडा आरपीएफ पोस्ट कमांडर नरेंद्र पाल सिंह से ली गई तो उन्होंने बताया कि पता करवाते है अनाधिकृत बेंडर होंगे तो चालान होगा।

गोण्डा- रेलवे स्टेशन पर रेल नीर की जगह दूसरे ब्रांड का पानी खुले आम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेनों में बेचा जा रहा है।दिन या रात के उजाले में साफ-सुथरा नजर आने वाले स्टेशन पर अनएप्रूव्ड ब्रांड के पानी की सप्लाई खुले आम अधिकारियों के नाक के नीचे बिकता रहता है।

चाहे दिन हो या रात को आने वाली ट्रेनों में सप्लाई किया जा रहा है।ऐसी ही एक पानी की खेप की खेप आने वाली ट्रेनों में चढ़ाया भी जाता है।और जिम्मेदार देखकर भी अनजान बन जाते हैं।गोंडा रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाएं को वाणिज्य विभाग या कमर्शियल विभाग के अधिकारियों को सुधारने के बजाय उसे बिगाड़ने में ही लगे रहते हैं।वही रेलवे के कुछ अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं कि ताकि यात्रियों को समुचित सुविधाएं मिल सके।इसके बावजूद कुछ जिम्मेदार अधिकारी और मुनाफाखोर व्यक्ति रेलवे के नियमों की अनदेखी करने से बाज नहीं आते।ऐसे में अगर आपको सच्चाई देखना है तो आप ट्रेन आने के समय पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लिए फिर आपको यहाँ पर अवैध बेंडरो झुंड आपको रेलवे स्टेशन पर देखने को मिलेगा जहां ट्रेन में पानी की खेप चढ़ाने से लेकर फुटकर बेचते हुए नजर आएंगे।

रेल नीर की है परमिशन

रेल यात्रियों को साफ व स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने के मकसद से लखनऊ मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर रेल नीर की सप्लाई शुरू की गई है ताकि उचित रेट पर यात्री पानी खरीद सकें लेकिन मुनाफे के चक्कर में अवैध सप्लायर खाने-पीने के सामान के साथ ही अनएप्रूव्ड ब्रांड पानी बेचने से बाज नहीं आ रहे है।

संक्षिप्त ख़बरें

बाबा साहब ने समाज के सभी लोगों के स्वाभिमान और सम्मान के उत्थान के प्रति काफी संघर्ष किया

हरदोई, आज बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी दामोदर बाजपेई ने कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए श्री बाजपेई ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना करते हुए समाज के सभी लोगों के स्वाभिमान और सम्मान के प्रति काफी संघर्ष किया। उन्होने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बताये मार्ग पर चल कर समाज हित में कार्य करना चाहिए।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

सहारनपुर। एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गआयुष्मान मेडप्लस देहरादून हॉस्पिटल एवं सर्व समाज महासंघ के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक कपिल सक्लानी, चिकित्सक मैत्रेयी चिकित्सक फरीद अहमद, आहार विशेषज्ञ आयुषी अग्रवाल, फ़ार्माशिष्ट प्रियंका व निशुल्क शिविर संयोजक आकाश त्यागी व उनकी टीम ने स्टाफ सलमान ने रोगियों का उपचार कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जानकारियां दी गई और आयुष्मान मेडप्लस हॉस्पिटल की ओर से गंभीर बीमारियों का इलाज कम खर्चे में अच्छा इलाज की जानकारियां दी गई गंभीर बीमारियों से बचने का तरीका बताया गया और बहुत लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई और सभी लोगों का बीपी ब्लड चेक अप हाइट वेट शुगर जांच आदि की गई और काफी टेस्ट किए गए चिकित्सक ने बताया कि यह स्वस्थ रहना ही जीवन है हमें खुद से भी बीमारियों से बचना चाहिए।

खबर का हुआ असर ग्राम विकास अधिकारी नेहा पर दर्ज हुआ एफआईआर

● वित्तीय अनियमितता व केयर टेकर का मानदेय हड़पने के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले विकास क्षेत्र साऊँघाट के ग्राम पंचायत बढ़या राजा में पूर्व में तैनात ग्राम विकास अधिकारी नेहा वर्मा की मुश्किले बढ़ना शुरू हो गयी हैं और केयर टेकर का मानदेय हड़पने तथा वित्तीय अनियमितता के मामले में ब्लाक प्रशासन ने स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत करवा दिया है।प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पंचायत बढ़या में तैनात पूर्व ग्राम विकास अधिकारी नेहा वर्मा ने केयर टेकर के मानदेय मद का पैसा हड़पकर व रुपया 106557.00 कन्सल्टिंग इंजीनियर श्रीमती कंचन गुप्ता के खाते में भेजकर वित्तीय अनियमितता किया था।वित्तीय अनियमितता के कारण सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने नन्द लाल राम ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर सचिव नेहा वर्मा के खिलाफ धारा 409 व 420 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।सूत्रों की माने तो कभी भी नेहा वर्मा पर पुलिस शिकंजा कस सकती है।

झोलाछाप के ऑपरेशन से किशोरी की हालत बिगड़ी

● दोबारा ऑपरेशन के लिए मांग रहा पैसा।

● मरीज के परिजनों ने पुलिस से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के सूदन खेड़ा मोहल्ला स्थित एक अवैध निजी नर्सिंग होम में झोलाछाप के इलाज से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। डॉक्टर के दोबारा ऑपरेशन करने के नाम पर रुपए मांगने पर मरीज के पिता ने पुलिस से आशा बहू और झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाइ है। क्षेत्र के कुर्मी सराय गांव निवासी लक्ष्मण ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव की आशा बहू ने पहले फुसलाकर उसकी बेटी अलका को सूदन खेड़ा मोहल्ला निवासी झोलाछाप डॉक्टर के यहां भर्ती करा दिया। डॉक्टर ने 80 हजार रुपए जमा कराकर बेटी की आंतों का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन सफल न होने पर डॉक्टर ने दोबारा ऑपरेशन करने की बात कही, जिसके लिए अब वह उसे और अधिक रुपए जमा करने के लिए दबाव बना रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने जेवर बेचकर डॉक्टर को 80 हजार रुपए दिए थे। अब वह इलाज के लिए इतने रुपए कहां से ले लाए। पीड़ित ने आशा बहू और झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

आरोपित झोलाछाप डॉक्टर के अवैध नर्सिंग होम पर कई बार हो चुकी है कार्रवाई

आरोपी झोलाछाप डॉक्टर पहले से भी विवादित रह चुका है। अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित करने को लेकर उस पर केस भी दर्ज हो चुका है। उसके ऊपर अपनी ही बहू का घर में सिजेरियन ऑपरेशन कर मार डालने का आरोप लग चुका है।

हालांकि इस मामले में मृतका के परिजनों को धन का लालच देकर मामले को रफा दफा कर दिया गया।

तो क्या आशा बहूओं की इस गोरखधंधे में है भूमिका??

सूत्रों की माने तो कस्बे में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व क्लिनिक आशा बहुओं की मिली भगत से फल फूल रहे हैं। गांव में तैनात आशा बहूएं कमीशन के चक्कर में गांव की भोली भाली महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न ले जाकर उन्हें असुविधा और समस्या बता कर भ्रमित करती हैं। मोटे लाभ के चक्कर मे निजी नर्सिंग होम में भर्ती करा देती हैं। जिससे न केवल मरीजों की जेब ढीली होती है बल्कि कभी कभार उनकी जान पर भी बन पड़ती है।

उच्च न्यायालय के आदेश को अंगूठा दिखा देवरिया में अवैध रूप से संचालित वी के एम ईंट भट्टे के बंदी की नोटिस के बावजूद प्रशासन की टालमटोल

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। उच्च न्यायालय के आदेश को अंगूठा दिखा देवरिया में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टे के बंदी की नोटिस के बावजूद देवरिया प्रशासन ईंट भट्ठे को बंद न कराकर टालमटोल में लगा हुआ है। बता दें कि भ्रष्ट्राचार पर योगी की सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है जबकि सरकार का दावा केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। कारण है उनके मातहत अधिकारी जिनके कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है। मामला है एन जी टी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों की अनदेखी करते हुए देवरिया में संचालित अवैध वी के एम ईंट भट्ठा उद्योग का।

क्षेत्रीय प्रदूषण कार्यालय गोरखपुर के आकड़ों की मानें तो देवरिया जनपद में स्थापित करीब 353 ईंट भट्ठों की सूची में 226 ईंट भट्ठा मानकों की अनदेखी कर जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जबकि प्रदूषण कार्यालय ने महज 127 ईंट भट्ठा उद्योग को पर्यावरण/प्रदूषण की सहमति प्रदान की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ईंट भट्ठा संचालन हेतु जारी 2012 मापदंडों के साथ अन्य मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

ऐसे ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ज़ारी मापदंडों को तार तार करते हुए देवरिया जनपद के नगर पंचायत बरियारपुर सीमा अंतर्गत वी के एम ईंट उद्योग एन जी टी को खुली चुनौती देते हुए जिला प्रशासन के संरक्षण में संचालित है। अवैध रूप से संचालित इस ईंट भट्ठा को बंद करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ ने गत 2021 में जिला प्रशासन को बन्दी का आदेश यह कहकर जारी किया था कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस ईंट भट्ठे को संचालित करने हेतु सहमति प्राप्त नहीं है। कुंभकर्णी निद्रा में सोए प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय ने मामले का पुनः संज्ञान लिया व गत तीन वर्षों से अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे को बंद करने का निर्देश क्षेत्रिय अधिकारी प्रदूषण गोरखपुर अनिल शर्मा ने उप जिलाधिकारी सदर देवरिया व थानाध्यक्ष बरियारपुर को गत 2 अप्रैल को पत्र भेजकर दिया है। सबसे बड़ी बात है कि



योगी की जीरो टॉलरेंस को उनके अधिकारी ही अंगूठा दिखाते नजर आ रहे हैं। और उच्च न्यायालय व शासन के आदेशों को अंगूठा दिखाते हुए ज़िला प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय के नोटिस को नजर अंदाज करता नजर आ रहा है क्योंकि नोटिस जारी होने के 9 दिन बाद भी वी के एम ईंट उद्योग एन जी टी के मानकों को तार तार करते हुए आज भी मानव मूल्यों से खेलते हुए जहरीला धुआं उगल रहा है। अब देखना है कि जिला प्रशासन के संरक्षण में संचालित वी के एम ईंट उद्योग पर बन्दी का ताला लटकता है या पूर्व की तरह ही निर्बाध रूप से संचालित होता है, भविष्य के गर्त में है।

छात्रा के साथ रेप के बाद आरोपी फरार, दो दिन तक पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस, परिजन लगाते रहे गुहार

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती में शौच करने गई बालिका से युवक ने किया रेप शौच के लिए गई बालिका के साथ दुष्कर्म जैसी जघन्य घटना का आरोपियों ने अंजाम दिया है. आरोप है कि नशीला पदार्थ सुंघाकर बाग में ले गया और बाद में दुष्कर्म कर अर्धनग्न अवस्था में बेहोशी की हालत में छोड़ कर फरार हो गए. बाद में पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची लेकिन थानेदार ने एक न सुनी जिसके बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से घटित घटना की शिकायत की जिसके बाद जांच शुरू हो गई है.जनपद में बालिकाओं के साथ हो रही घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। जहां एक तरफ यूपी सरकार यूपी के प्रत्येक थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाकर पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास कर रही है वही दुसरी तरफ यह योजना धरातल पर कितना कार्य कर रही है. इस सनसनी घटना ने उसकी पोल खोलकर रख दिया. जहां एक बालिका के साथ हुए दुष्कर्म जैसी घटना में तत्काल न्याय नहीं मिला और थाने का चक्कर लगाकर थक गई और पुलिस के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रही है।

शौच करने गई बालिका से दुष्कर्म ताजा मामला छावनी थाना क्षेत्र के एक गाँव का है जहाँ पर एक बालिका शौच के लिए मकान के पीछे गयी थी. वहां पर पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी ने बालिका को नशीला पदार्थ सुघा कर बाग़ में ले गया और बालिका के साथ दुष्कर्म किया। फिर अर्द्धनग्न व बेहोशी के हालत मे छोड कर फरार हो गये। होश आने पर बालिका ने घर पहुंचकर परिजनों से अपनी आपबीती सुनाई तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

संक्षिप्त ख़बरें

महादेव शुक्ल कृषक इंटरमीडिएट कॉलेज गौर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

बस्ती। बस्ती जिले में आज श्री महादेव शुक्ल कृषक इंटरमीडिएट कॉलेज गौर बस्ती के प्रांगण में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य आदरणीय अरविंद कुमार त्रिपाठी जी के नेतृत्व में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से बनाई गई और श्री तिवारी जी ने डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के उपलब्धियों को बताया और कहा की हम भारत वासी ऐसे महान पुरुष को जन्म जन्मांतर तक याद करते बाबा साहब का नाम अमर रहेगा रहेगा रहेगा कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, पवन कुमार शुक्ला, अनीस अहमद खान, हीरालाल, वीरेंद्र कुमार वरुण, प्रत्यूष कुमार सिंह, संदीप मणि त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश यादव, इंद्रमणि चौधरी, हरि गोविंद यादव, संतोष कुमार शुक्ला,जो सदैव सामाजिक कार्य को प्राथिमकता देते रहते वह भी इस कार्यकर्म बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए जितेंद्र कुमार, शिवपूजन, दुर्गा यादव, राघव मणि, मन्नू राम सहित सैकड़ो में लोग उपस्थित रहे।

बिजली तार के चिंगारी से आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

बस्ती। बस्ती जनपद में इस समय बिजली के तार की चिनगारी से आग लगने की घटना में इजाफा हो रहा है इसी कम में तीन स्थानों पर लगी आग से जंगल और गेहूं की फसल जलने की घटना सामने आई है।लालगंज थाना क्षेत्र के मथौली गांव के उदित यादव के गेहूं का अज्ञात कारणों से लगी आग में एक बीघा गेहूं जलकर राख हो गया एक भी दाना बचा नहीं। आबादी से सटा गेहूं का खेत होने की वजह से गांव वालों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। रुधौली थानाक्षेत्र के परसा जसी गांव में गेहूं के खेत में आग लग गई। अग्निशमन टीम दमकल लेकर गांव पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं हर्रैया थानाक्षेत्र के महादेवरी गांव में अज्ञात कारणों से जंगल में आग लग गई। मौके पर हर्रेया युनिट की फायर टीम दकमल लेकर पहुंची और कड़ी मशक्कत कर ने गांव के जगंल में फैले आग को बुझाया गया।

अज्ञात करणो से लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

भीटी अंबेडकर नगर। भीटी ग्राम पंचायत के दक्षिणी पूर्वी किनारे पर बाजितपुर गांव की सीमा पर बसे जैसराज पुत्र दुबरी के छप्पर के घर में अज्ञात कारणो से लगी आग से पूरी घर गृहस्ती जलकर राख हो गई यह घटना सुबह 8 बजे घटित हुई ग्रामीणों की मेहनत से आग पर काबू पाया गया उसके बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग तो बुझा दिया लेकिन यह परिवार पूरी तरह से खुले आसमान के नीचे आ गया यहां तक की जैसराज के शरीर पर पहनने के लिए कपड़े भी नहीं बचे। उनके ऊपर गिरी एक चिंगारी ने उनके शरीर पर पहना हुआ कपड़ा जला दिया लेकिन ईश्वर की कृपा से वह बाल बाल बच गए समाचार प्रेषण तक कोई जिम्मेदार अधिकारी पीड़ित के पास तक नहीं पहुंचा था। इस संबंध में तहसीलदार भीटी धर्मेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित की पूरी मदद की जाएगी।

नदी में स्नान करते समय पैर फिसलने से वृद्ध की मौत

अम्बेडकरनगर। जिले के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नीलकंठ सराय गांव निवासी राम खेलाड़ी पुत्र जगरूप उम्र लगभग 65 वर्ष रविवार प्रातः सरयू नदी में स्नान करने गए थे। नदी में स्नान करते समय पैर फिसलने से पानी के तेज बहाव में राम खेलाड़ी डूब गये। नदी में वृद्ध के डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासनिक अमला राजस्व पुलिस एवं स्थानीय गोताखोर की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर गोताखोरों ने वृद्ध की तलाश शुरू कर दिया। वहीं उपजिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज क्षेत्राधिकार राम बहादुर सिंह मौके पर मौजूद रहे। लगभग 2 घंटे की कठिन मशक्कत के बाद कुशल स्थानीय गोताखोर की टीम ने वृद्ध के शव को बरामद कर लिया।उपजिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज ने गोताखोरो की टीम का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

सड़कों पर इस तरह गड्ढा के कारणदुर्घटना में दो लोगों के साथ घोड़ा भी घायल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में सड़के इस कदर गड्ढे बदल गई हैं कि लोग रोजचोटिल हो जाते हैं जनपद के नगर थाना क्षेत्र के ग्रामीण आंचल में मार्ग जर्जर होने से बाइक चालक एवं उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति तथा एक अश्व (घोड़ा) तथा उसके पालक का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए पिछले मंगलवार को हुई घटना में घोड़ा पालक का पुत्र अंश नित्य की भांति सायंकाल घोड़े को टहलाते हुए अपने आवास बगिया पार से निकला था तथा कुछ समय बाद अपने घर चलने की तैयारी में घोड़े की रस्सी (लगाम) पकड़ कर चल रहा था कि इतने में बगिया पार निवासी असलम एवं उसका दोस्त तथा एक बच्चा (बगैर हेलमेट)विपरीत दिशा से अपनी बाईक तीव्र गति से चलाते हुए घोड़े पर जोर दार टक्कर मारी जिससे घोड़े की रस्सी पकड़ कर चल रहे अंश के सिर में तथा घोड़े की छाती में काफी चोटें आई अंश को बेहोशी की हालत में चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद उसे वृहस्पति वार को छुट्टी दे दी गई वहीं घोड़े की स्थिति नाजुक बनी हुई है घोड़े ने आहार लेना बंद कर दिया है वहीं बाईक चालक को गंभीर हालत में चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था । स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जर्जर मार्ग के निर्माण के लिए सड़क को बीच-बीच में लगभग पन्द्रह दिन पहले खोद दिया गया जिससे मार्ग की दशा अत्यंत दयनीय हो गयी सड़क से गिट्टीयां उखड़ कर आवागमन के विपरीत हो गई ऐसे में बाईक चालक ने तीव्र गति बाईक चलाते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया बाईक चालक सड़क की बिखरी गिट्टियां पर नियंत्रण खो दिया दिया जिससे घोड़ा एवं पालक पुत्र तथा बाईक चालक दुर्घटना के शिकार हुए सूत्रों द्वारा जानकारी मिलने पर स्थानीय खुफिया अधिकारी यशोदा सिंह ने भी घोड़ा पालक के पुत्र अंश से चिकित्सालय में पहुंच कर कुशल क्षेम की जानकारी लिया समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम थी ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की मांग किया है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गई अम्बेडकर जयन्ती, कमिश्नर ने उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती में भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर का 134वॉ जयन्ती आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने डा0 भीम राव अम्बेडकर के जयन्ती पर उनके आदर्शो एवं विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि डा0 भीमराव अम्बेडकर ने सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सबको सम्मान और व न्याय दिलाने का कार्य किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर अपर आयुक्त राजीव पाण्डेय, संयुक्त विकास आयुक्त पदमकान्त शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी संतोष पाण्डेय, न्याय सहायक रमेश चन्द्र कन्नौजिया, नाजिर अनुपम चौधरी, अमित उपाध्याय, शलभ श्रीवास्तव, आलोक सिंह, संदीप यादव, पवन यादव, संजय कुमार आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी एस, अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र, सीआरओ संजीव ओझा, उप जिलाधिकारी रामकृष्ण चौधरी व कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों द्वारा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी एस ने बाबा साहेब के जीवन परिचय पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जाति, धर्म, वर्ग से ऊपर उठकर समानता के साथ सामाजिक उत्थान के जो कार्य किए हैं उन्हें पीढ़ियां याद रखेंगे। उनका कहना था कि न्याय बंधुता, समता और स्वतंत्र समाज ही मेरे आदर्श है। बाबा साहब सभी के लिए आदर्श थे उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं जिससे समाज को एक नई दिशा और दशा मिल सके। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिवार के अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि राज्य की सेवा में हमें जो दायित्व सौंपा गया है उनका पूर्ण निष्ठा ईमानदारी एवं समय से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आपके पास अपनी फरियाद समस्या लेकर आने वाले लोगों की समस्या को प्रथम प्राथमिकता पर सुनकर उनका गुणवत्ता परक निस्तारण करें। अपने कार्य को सेवा भाव के रूम में लेकर अपने कर्म, वचन, व्यवहार से एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें।

अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र ने बाबा साहेब द्वारा दलित शोषित पिछड़ों के उत्थान के लिए किए गए कार्यो के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहेब ने समाज सुधार के लिए जो अवधारणा परिकल्पनाए एवं अनुच्छेद दिए गए हैं उससे समाज में समानता का अधिकार लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि मानव की मानव से जो समानता की परिकल्पना बाबा साहेब ने की थी वह साकार हो रही है यह संविधान की देन है कि उस में दिए गए अधिकारों से हमें समानता मिली है। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सूर्य लाल, जितेंद्र श्रीवास्तव, सांख्यिकी अधिकारी अजय चौधरी, राजेश रंजन, रंगीलाल, बृजेश श्रीवास्तव, नाजिर जितेंद्र श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्रा, अभिनव ओझा, धनंजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अपहरण के मामले में फरार चल रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की संपत्ति कुर्क

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के व्यापारी पुत्र राहुल मद्धेशिया के अपहरण के 23 साल पुराने मामले में फरार चल रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के नौतनवा स्थित आवास पर शनिवार को बस्ती जिले की पुलिस कुर्की करने पहुंची। नौतनवा पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में कुर्की की कार्रवाई की गई। डीएम की ओर से नियुक्त नायब तहसीलदार नौतनवा को कुर्क संपत्ति का रिसीवर बनाया गया है।

बस्ती के एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को अपहरण मामले में फरार घोषित कर रखा है। अदालत ने बस्ती प्रशासन को देश में मौजूद अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों का ब्योरा जुटा कर कुर्क करने का निर्देश दिया है। शनिवार को बस्ती कोतवाली निरीक्षक अनिल कुमार यादव एवं उप निरीक्षक जयप्रकाश पांडेय अमरमणि के नौतनवा की संपत्ति को स्थानीय पुलिस एवं तहसील प्रशासन के सहयोग से कुर्क करने पहुंचे। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने अमरमणि के नाम पर कोई भी संपत्ति अभिलेखों में दर्ज होने से इनकार कर दिया। हालांकि, बस्ती पुलिस ने अमरमणि के नौतनवा स्थित आवास का कुछ हिस्सा 81बी नौतनवा नगर पालिका द्वारा दिए गए आख्या के हिसाब से कुर्क करने की कार्रवाई की और लौट गई। इस दौरान एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य, सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी, तहसीलदार सहित नौतनवा, सोनौली के अलावा भी भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी रही। बस्ती के एएसपी ओपी सिंह ने भी कुर्की की कार्रवाई की पुष्टि की। एसडीएम नौतनवा नंदप्रकाश मौर्य ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर बस्ती पुलिस अमरमणि की संपत्ति कुर्क करने पहुंची थी। नौतनवा तहसील प्रशासन ने पुलिस के साथ पहुंचकर शास्त्रीनगर में उनके एक मकान को कुर्क करते हुए सील कर दिया है। मकान पर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। महरुआ पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।रविवार को महरुआ थाना अध्यक्ष विजय कुमार सोनी अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी भीटी के दिशा निर्देश पर अपराध और अपराधियों में भय व्याप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाना तथा अपराधियों को जेल भेजने के तहत चलाएं जा रहे अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित आरोपी दयाराम यादव पुत्र विश्व भोर ग्राम मुंगरी थाना बेवाना जिला अंबेडकर नगर को सुबह लगभग 6:30 थाना अध्यक्ष विजय कुमार सोनी उप निरीक्षक रामबली यादव हेड कांस्टेबल दीपक सिंह हेड कांस्टेबल मनोज सिंह सुरेश पाल सिंह सिपाही ललित आनंद सिपाही द्वारा घर से गिरफ्तार कर लिया गया तथा दूसरा आरोपी इरशाद पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी लोरपुर ताजन कोतवाली अकबरपुर को लगभग 5:30 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

जनपद में धूम धाम से मनाया गया बाबा साहब अम्बेडकर का जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर,बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर का 133 वा जन्मोत्सव पूरे जिले में धूम धाम से मनाया गया।बलरामपुर में बाबा साहब जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गौतम और रविंद्र गुप्ता कमलापुरी गौसेवक ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया, सुरेंद्र गौतम ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। रविंद्र गुप्ता गौ सेवक ने कहा कि डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख ले। बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि बाबा साहब का विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए। सभी को बराबर का अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। पचपेड़वा जुड़ीकुइया में बौद्ध विहार में पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलू ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर फूल चढ़ाकर नमन किया और कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि बाबा साहब व्यक्तिगत जीवन मे अनेक बाधाओं व कष्टों को सहा किंतु कभी भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। सार्वजनिक जीवन मे उन्होंने अश्पृश्यता व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। उन्होने कहा कि महापुरूषों के जीवन का अनुसरण करते हुए व्यक्ति को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश, प्रदेश की तरक्की, खुशहाली के लिए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस अवसर पर सोमेंद्र बौद्ध, पचपेड़वा नगर पंचायत चेयरमैन, पत्रकार अरुण देव पाठक, राजेश, रमेश सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत- रितेश पांडेय

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लास पूर्वक जनपद की बूथों पर डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मनाया। डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मण्डल के अपने बूथ 287 पर बाबा साहब की मूर्ति पर मण्डल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया,हंसवर ग्राम प्रधान कन्हैया लाल,बूथ अध्यक्ष रोहित कन्नौजिया के साथ माल्यार्पण किया।माल्यार्पण उपरांत उपस्थित लोगों से बाबा साहब की जीवन संघर्ष और समाज में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्म लिए भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर ने अपनी सारी जिंदगी समाज की जातीय व्यवस्था के खिलाफ़ संघर्ष में बिताया।उन्हें भारत की सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।डाक्टर साहब की स्मृतियों को सहेजने के लिए भाजपा सरकार ने उनके जन्म स्थान महू, लंदन की शिक्षा स्थान,दीक्षा भूमि नागपुर,महापरिनिर्वाण भूमि तथा चैतन्य भूमि मुंबई को भव्य रूप में विकसित कर देश को समर्पित करते हुए ऐतिहासिक सम्मान देते हुए पंचतीर्थ को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल किया।

भाजपा सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के फरीदपुर,भड़भड़पुर और गोसाई गंज विधान सभा क्षेत्र की चरावा में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित लोगों को अतिथि के रूप संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने गरीबों और मजलूमों के लिए बहुत सारे सुधारात्मक और समृद्धिशाली बनाने की कार्य किए हैं।डाक्टर साहब के पास 32 शैक्षिक डिग्रियां थी और वह 9 भाषाओं के जानकार थे।उन्होंने अनेकों पुस्तकें भी लिखी है।उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की कुरीतियों को समाप्त करने में लगाया था।भारत की संविधान को तैयार करने में बाबा साहब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।बाबा साहब संविधान निर्माता कहा जाता है।

वह अपनी माता पिता की 14 वीं संतान थे।रितेश पाण्डेय ने कहा कि वह भी बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के गरीबों के लिए सतत् संघर्ष करते चले आ रहे हैं।लोक सभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू और लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने भी डाक्टर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके समाज हित में किए गए कार्यों की चर्चा किया। कार्यक्रम में लोक सभा सह संयोजक राम मोहन भारती चरावां प्रधान राकेश कुमार,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश राजभर,प्रेम वर्मा शामिल रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,निवर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमा शंकर सिंह,चेयरमैन ओमकार गुप्ता, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने बूथों पर डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया।

बड़े धूमधाम से जिला कारागार में बाबा साहेब की मनाई गई जयंती

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। जिला कारागार अम्बेडकरनगर में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई ।सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने बाबा साहेब की चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला कारागार के जेल अधीक्षक के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा भारत के संविधान के विषय में उनके द्वारा बंदियों को जानकारी दी गई । जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बंदियों को अपने जीवन में सुधार लाने की बात कही।जिला कारागार अधीक्षक ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि बाबा साहेब के बताये रास्तों पर चलकर बंदियों के जीवन में सुधार हो और वह आगे चलकर सामान्य नागरिक की तरह जीवन बिता सकें।अंशुमान गर्ग द्वारा बताया की बाबा साहेब ने उस समय जातिबंधन की कुर्तियों के साथ भी कितनी धैर्यशीलता से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया । बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई पूर्ण की तथा विदेश में रहकर भी अपनी पढ़ाई पूर्ण की जबकि उस समय बाबा साहेब के सामने पारिवारिक व सामाजिक दोनों तरह की ही परेशानियां थी। इसी तरह मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में शांत व धैर्यशील रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। विपरीत परिस्थियों में मौन रहना सबसे बड़ा हथियार है। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह जेलर, गिरिजा शंकर यादव तथा डिप्टी जेलर, छोटे लाल सरोज, तेजवीर सिंह तथा फार्मासिस्ट अशोक कुमार पाण्डेय वरिष्ठ सहायक, रघुनाथ प्रसाद यादव, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार,अनूप कुमार गोंड ने भी अपने विचार रखें।

एनटीपीसी टाण्डा में अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टाण्डा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा द्वारा रविवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टाण्डा, अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, केऔसुब के उप कमांडेन्ट धर्मेन्द्र राजपूत, महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना, अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक ऑपरेशन, अभय कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेन्ट संजीव कुमार सिंह एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निरीक्षक अग्नि रोशियो बाबु, निरीक्षक कार्य राजीव कुमार एवं प्रवीण कुमार तथा एनटीपीसी परियोजना के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक कमांडेन्ट, संजीव कुमार सिंह ने 14 अप्रैल 1944 को शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जागरूक सप्ताह के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की विधिवत् जानकारी दी। कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी टाण्डा अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि अग्नि सुरक्षा जन जागरुकता के द्वारा हम आग से होने वाली दुर्घटनाओं से निजात पा सकते हैं। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन उप कमांडेन्ट धर्मेन्द्र राजपूत के औसुबल टाण्डा द्वारा दिया गया। उन्होने अपने संबोधन में अग्निशमन शाखा के बल के सदस्यों द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित किये जा रहे अथक प्रयासो की सराहना की एवं उपस्थित प्रबंधन वर्ग को सयंत्र की सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में आश्वस्त किया।

विजयकांत चौहान पर डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने की शूटिंग की

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। साउथ कोरिया से आये इंटरनेशनल न्यूज डॉक्यूमेंट्री जर्नलिस्ट यूना चोये, किंग जोए एवम लेंग्वेज ट्रांसलेटर शाहिद की टीम ने शेरे हिन्द एवं जूनियर भगत सिंह संस्थापक वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट संस्थापक विजयकांत चौहान के जीवन पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने के लिए नुमाईश कैम्प स्थित श्रीश्री गौदेवी गौशाला नुमाईश कैम्प में शूटिंग की। इस अवसर पर कोरियाई टीम का विजयकांत चौहान द्वारा पटका पहनाकर जोरदार अभिनन्दन किया गया। साउथ कोरिया की न्यूज डोक्यूमेंट्री जर्नलिस्ट की टीम द्वारा 4 घण्टे तक श्री गौ देवी मंदिर गौशाला नुमाइश कैम्प के प्रांगण में विजयकांत चौहान के पिछले लंबे समय से चल रहे गौरक्षा धर्मान्तरण लव जिहाद देश भक्ति अखण्ड भारत गौहत्या मुक्त भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने के प्रयास में किये जा रहे ऐतिहासिक कार्यो पे चर्चा करते हुए वीडियो शूट किए तथा गौशाला में सेवार्थ किये जा रहे कार्यो व गौ माता का चारा खिलाने के दौरान आम जनता से भी सवाल किए।

विजयकांत चौहान ने जर्नलिस्ट द्वारा किये गए लव जिहाद गौरक्षा धर्मान्तरण राष्ट्रवाद अखण्ड भारत गौहत्या मुक्त भारत के विषय पर बुलन्द होसलो के साथ जवाब दिए। सम्पूर्ण फ़िल्म शूटिंग के दौरान जर्नलिस्ट द्वारा देश भक्ति गीत गाती हुई सड़को पर मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाती हुए दौड़ती भगतसिंह सन्देश बाइक का वीडियो भी शूट किया पूरी शूटिंग के दौरान जर्नलिस्ट द्वारा पूरी गौशाला व मन्दिर का वीडियो शूट किया विजयकांत को मिले सम्मान पत्र सर्टिफिकेट आदि न्यूज मैगजीन छपे लेख का भी बारीकी से अध्ययन किया।विजयकांत ने कहा कि लव जिहाद एक भयानक अदृश्य आतंकवाद है जो पूरी दुनिए की बहन बेटियो को गुमराह कर नाम और पहचान बदलकर बलात्कार करता है इज्जत आबरू लूट कर उन्हें वीडियो बनाकर ब्लेक मेल करता है और उसके बाद उन्हें जेहादी देशो में आतंकवादी बनाकर दुश्मन देश के विरुद्ध इस्तेमाल करता है जो निंदनीय है जिसके विरुद्ध पूरी दुनिया के शांति प्रिय देशो को एक जुट होकर इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

समता, समानता के पक्षधर थे बाबा साहब-रतिराम

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। जे जे पुरम आईटीसी रोड पर जागृति फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा विश्व रतन बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 133 वां जन्मदिवस शिक्षा को समर्पित होकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना के साथ हुई मुख्य अतिथि रतिराम गौतम एवं उपस्थित सभी उपासक एवं उपाशिकाओ के द्वारा तथागत बुद्ध एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की गई जागृति फाउंडेशन के द्वारा प्रतिवर्ष बाबा साहब के जन्म दिवस के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया अध्यक्ष रतिराम गौतम ने कहा कि आज जब देश आजाद है तथा हमारे आपके सामने ऐसी कोई कठिनाई नहीं है जिसका सामना डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर को अपने जीवन में करना पड़ा था ,आज हम शिक्षा के क्षेत्र में उच्च कीर्तिमान स्थापित क्यों नहीं कर पा रहे हैं। समारोह में प्रमुख रूप से नरेश कुमार गौतम,डॉ.विजय पाल,अरविंद कुमार ,भोले शंकर ,इंजीनियर पी के डिंगल, ओम प्रकाश नौटियाल , पी के डिंगल,संतोष कुमार, अनुज कुमार,बाबूराम, संतराम ,संगीता रानी,संतोष, सुमिता देवी,सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

पुलिस महानिदेशक कारागार डॉ. एसएन.साबत का बड़ा एक्शन

लखनऊ। मेरठ के चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में शिक्षिका पर एसिड अटैक के मामले में बंद कैदी की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।आप सभी को बताते चल रहे है कि दिनांक-13 अप्रैल-2024 को निरुद्ध सिद्ध दोष बंदी रोहित पुत्र रिछपाल आयु लगभग 29 वर्ष निवासी ग्राम गंगोल थाना प्रतापपुर जिला मेरठ की अस्पताल के पृथक वास में हुई संदिग्ध मौत के मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले हेड जेल वार्डर हरिशंकर त्रिपाठी,रविंद्र सिंह,संजय सिंह व सनोज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।घटना स्थल का एसपी सिटी मेरठ द्वारा आज मौका मायना किया जा चुका है।वही यूपी सरकार के ईमानदार छवि के तेजतर्रार, कर्तव्यनिष्ठ, बहुचर्चित पुलिस महानिदेशक कारागार डॉ.एस.एन.साबत(आईपीएस)द्वारा घटना का तत्काल सज्ञान लेकर निर्देश दिए कि डीआईजी जेल मेरठ परिक्षेत्र मेरठ आईपीएस सुभाष चंद्र शाक्य द्वारा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाएगी साथ ही उक्त की न्यायिक जांच के लिए कारागार स्तर से पत्राचार किया जा चुका है। कारागार स्तर से उक्त की एफआईआर मेडिकल थाने कराने हेतु पत्र प्रेषित किया जा चूका है।

राम जानकी विवाह प्रसङ्ग सुन आनंदित हुए भक्त

हरदोई श्री सीताराम सुंदरकांड सत्सङ्ग सेवा समिति की ओर से चल रही श्री राम कथा के छठे दिन कथा व्यास अंजनी शरण महाराज द्वारा श्री राम जानकी विवाह का मोहक वर्णन सुनाया गया। धनुष भंग के बाद विधिवत रीतियों के अनुसार राम जी के साथ ही लक्ष्मण भरत व शत्रुघ्न का विवाह जनक जी की पुत्रियों के साथ संपन्न होता है। जब बारात विदा होती है तब समस्त जनकपुर वासियों के नयन अश्रु पूरित हो जाते है। बारात जब अयोध्या आती है तो वहाँ भव्य स्वागत किया जाता है। पूरी अयोध्या में उत्सव मनाया जाता है। कथा मे जुगुल किशोर, धीरज शुक्ल, चिंतन शुक्ल, आनंद अवस्थी, भगवान शरण गुप्त, संतोष द्विवेदी आदि रहे।

जागरण पंद्रह को

सोमवार को रात नौ बजे से वैष्णो माता का जागरण आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी संतोष मिश्र ने दी।

किसी भी आवेदन को संस्था स्तर पर लंबित न रखा जाए- रमाकांत

हरदोई जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत ने बताया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ष 2023-24 के द्वितीय चरण की समय सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्थाओं के स्तर से छात्रों के ऑनलाइन आवेदन अग्रसारण की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 है, यह अंतिम अवसर है, जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि समस्त पात्र छात्रों के आवेदन प्रत्येक दशा में अग्रसारित कर दें, जो छात्र अपात्र है। उनके ऑनलाइन आवेदन को संस्थाओं द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाए, किसी भी आवेदन को संस्था स्तर पर लंबित न रखा जाए, इसके अतिरिक्त 16 अप्रैल से 26 अप्रैल तक विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा सीट का वेरिफिकेशन और छात्रों की प्रमाणिकता का सत्यापन या ब्लॉक किया जाना है, इसलिए जनपद में स्थिति यूनिवर्सिटी/एफिलिएटिंग एजेंसी को भी सूचित किया जाता है कि संबंधित छात्रों की प्रामाणिकता सत्यपित करे।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खंड शिक्षा अधिकारी ने किया जागरूक

पाली,हरदोई। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में खंड शिक्षा अधिकारी भरखनी डॉ सुनील कुमार सिंह ने पहुंचकर सभी छात्रों व शिक्षकों को मतदान के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों , शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने छात्रों का आह्वान किया कि जो छात्र 18 वर्ष के हो गए हैं वे अपना वोट अवश्य बनवाएं तथा अपने परिवार व ग्राम वासियों को वोट बनवाने हेतु प्रेरित करें। प्रधानाचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने छात्रों को लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझाया तथा इसके विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। इस मौके पर विद्यालय समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पालिटेक्निक डिप्लोमाधारियों ने पालिटेक्निक बचाओ योगी जी अभियान चलाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X(एक्स) पर किया विरोध प्रर्दशन

● - जे ई भर्ती में डिग्रीधारियों के षड़यंत्र के विरोध में उतरे डिप्लोमाधारी मुख्यमंत्री से लगाई कार्यवाही की गुहार

● - अर्हता संबंधी षड़यंत्र के विरोध में सोशल मीडिया ङ्ग पर उतरे डिप्लोमाधारी कराया ट्रेंड

● - डिप्लोमाधारियों ने पॉलीटेक्निक चलो अभियान एवं मिशन रोजगार को फेल करने की साजिश का आरोप लगाया

● - लाखों डिप्लोमा छात्रों और हजारों पॉलीटेक्निक कॉलेजों के भविष्य से खिलवाड़ करना शिक्षामाफियाओं की साजिश



कार्यालय आदेश

उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लि. की सेवा नियमावली (इंजीनियर्स एण्ड आर्कीटेक्ट) 1980 के संशोधन सम्बन्धी कार्यालय आदेश संख्या-209/का.अनु-2/निदेशक मण्डल/रानिनि/2024, दिनांक 26.03.2024 को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

यह आदेश प्रबन्ध निदेशक के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किये जाते है।

ह0/-
(समीर कुमार माथुर)
महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं परिवाद)



Trending in India
#ManishSisodia

Trending in India
#POLYTECHNIC_BACHAO_YOGIJI
49.9K posts

Trending in India
Bhoiwada

Trending in India
मेजर जनरल
6,538 posts

Trending in Cricket
#CSKvsKKR
4,942 posts

Trending in India
Rahane

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ मे रविवार को डिप्लोमाधारियों ने पूरे दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X(एक्स) पर पालिटेक्निक बचाओ योगी जी अभियान चलाकर ट्विटर हैंडल पर जूनियर इंजीनियर भर्ती को उलझाने में लगे संगठनों के विरोध में लिखते रहे। उन्होंने बताया कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 4016 पदों पर अवर अभियंता की भर्ती का विज्ञापन निकाला है जिसमें अर्हता के बदलाव के लिए कुछ डिग्रीधारी संगठन पूंजीपति शिक्षा माफियों के साथ मिलकर षड़यंत्र रच रहे हैं जबकि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वृहद पीठ ने उन्हें जूनियर इंजीनियर पद के लिए अयोग्य करार दिया है परंतु ऐसे संगठन लगातार भ्रामक एवं गलत तथ्यों के साथ विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से भर्ती को उलझाने के लिये सक्रिय है। अभ्यर्थियों ने यह भी बताया विगत वर्षों की अवर अभियंता भर्ती भी इन्ही षड़यंत्रों के कारण 6 वर्षों से लंबित है और अभी तक पूरी नही हो पायी है अब इनकी नजर वर्तमान भर्ती पर टिकी हुई है।

ज्ञात हो कि इससे पहले भी 6 मार्च को भी डिप्लोमाधरियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसी संबंध में अपना विरोध जताया था तथा 15 मार्च को प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग के कार्यालय का डिग्रीधारियों के पक्ष में की गयी संस्तुति के विरोध में घेराव किया था जिसके अगले ही दिन 16 मार्च को लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष ने विवादित नोटिस को निरस्त करना पड़ा फिर 26 मार्च को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबंधक ने डिग्रीधारियों के पक्ष में एक कार्यालय आदेश जारी किया और इस आदेश को भी आनन-फानन में 30 मार्च को रद्द कर दिया गया।

डिप्लोमाधारियों ने आगे बताया कि माननीय न्यायालय और शासन द्वारा समर्थित अवर अभियंता सेवा नियमवली में बिना किसी शासकीय निर्देश के लगातार परिवर्तन करने के आदेश एवं उन आदेशों का आनन-फानन में निरस्त करना इस साजिश की स्वयं ही पुष्टि करता है। अभ्यर्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जूनियर इंजीनियर भर्ती को उलझाने के सम्बन्ध में लगातार हो रहे षड़यंत्रों एवं इसमें लिप्त विभागीय अधिकारियों की जाँच तथा उन पर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है जो शासन के मिशन रोजगार एवं पॉलीटेक्निक चलो अभियान योजना के विरोध कार्यरत हैं। बताते चले कि उत्तर प्रदेश में जूनियर इंजीनियर पद के लिये अनिवार्य अर्हता इंजीनियरिंग में डिप्लोमा है और इसमें परिवर्तन के लिए लगातार शिक्षामाफिया अधिकारियों पर विभिन्न माध्यमों से दबाब बनाने में लगे हुए हैं अगर इसको नही रोका गया तो इसके विरोध में डिप्लोमाधारी राष्ट्रीय स्तर पर उग्र हो सकते हैं।

अमिताभ बाजपेई व आलोक मिश्रा सहित 200 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

● - ईद के दिन सम्राट विकास ने किया था विरोध प्रर्दशन, पुलिस ने विकास को किया था गिरफ्तार, इसके विरोध में अमिताभ बाजपेई और आलोक मिश्रा ने काटा था थाने में हंगामा

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशी रहे सम्राट विकास की गिरफ्तारी के संबंध में थाने पर हंगामा करने के आरोप में थाना अर्मापुर पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप में विधायक अमिताभ बाजपेई और कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। विधानसभा चुनाव के पूर्व सपा प्रत्याशी ने ईद की नमाज के दिन एक स्टाल पर पोस्टर लगाकर सरकार के प्रति विरोध प्रकट किया था जिसे पुलिस ने आचार संहिता का उल्लघंन माना और गिरफ्तार कर लिया था। उपरोक्त जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजेन्द्र सिंह ने बताया कि दिनांक 11.4.24 को थाना अर्मापुर के ईदगाह में सम्राट विकास नामक व्यक्ति द्वारा किये गये अपराधिक कृत्य के सम्बन्ध में थाना अर्मापुर में

मु. अ. सं. 20/2024 धारा 188/341/353/171 (ग) भादवि पंजीकृत किया गया था और सम्राट विकास उपरोक्त को धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत गिरफ्तार कर थाना पनकी लाया गया था। इसी कारण वहां पर विधायक अमिताभ बाजपेई, आलोक मिश्र घोषित प्रत्याशी आगामी लोकसभा चुनाव, संजय यादव, इत्यादि द्वारा लगभग 200 व्यक्तियों के समूह के साथ विधियों / कानूनों का उल्लघंन किया गया, जिसकी जांच अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) कानपुर नगर द्वारा की गई। जांच के दौरान थाने पर उपलब्ध सी.सी. टी.वी. फुटेज व मौके पर बनाई गई वीडियो का अवलोकन किया गया जिससे स्पष्ट हो रहा है कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने और सम्पूर्ण कमिश्नरेट कानपुर नगर में धारा 144 सीआरपीसी लागू होने के बावजूद बिना पूर्व अनुमति के समय लगभग 11.15 बजे पूर्वान्ह थाना पनकी पर आकर आक्रामक भाषा शैली मे अ तार्किक बाते करते हुए अविधिक धरना प्रदर्शन किया गया, जिसके कारण लगभग एक घण्टे से अधिक समय तक कार्य सरकार बाधित रहा तथा लोक सेवकों के लोक कृत्य के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हुई। विभिन्न प्रयोजनों से थाने पर आने वाली आम जनता व पुलिस का इस दौरान थाना परिसर में आवागमन भी बाधित हुआ।

इस दौरान थाने पर अपने कार्य हेतु आये हुए आगन्तुकों को बिना उनका कार्य पूर्ण हुए उपरोक्त धरना प्रदर्शन के कारण वापस लौटना पडा । ईद का त्यौहार होने के कारण सभी राजपत्रित अधिकारीगण अपने-अपने आवंटित क्षेत्र में ड्यूटी रत थे। उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा किये जा रहे अविधिक धरना प्रदर्शन के कारण 03 राजपत्रित अधिकारियों व क्यू.आर.टी. पुलिस बल को अपना ड्यूटी क्षेत्र छोड़कर थाना पनकी पर आना पडा, जिसके कारण अन्य थाना क्षेत्रों में भी कार्य सरकार प्रभावित हुआ। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त व्यक्तियों व इनके समर्थकों द्वारा अभद्र, विद्वेषपूर्ण व क्षोभपूर्ण भाषा का प्रयोग किया जाना जांच से पाया गया है। उपरोक्त विधियों/कानूनों के उल्लघंन के सम्बन्ध में जांचोपरान्त, थाना पनकी पर मु.अ.सं. 144 / 2024 धारा 186/188/341/505 (2) भादवि व 125 लोक प्रतिनिधित्व अधि. 1951 का बनाम 1. अमिताभ बाजपेई, 2. आलोक मिश्र 3. संजय यादव 4. ओमा 5. रवि सिंह व लगभग 200 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आईपीएल के छै सट्टेबाजों को 33 लाख रुपए सहित पुलिस ने पकड़ा

● - आज तीन लोगों को पकड़ा, इससे पूर्व भी तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा था।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाले 03 और अभियुक्तों को 14 लाख रुपयों के साथ क्राइम ब्रांच पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। पूर्व में भी 03 अभियुक्तों गिरफ्तार कर 19 लाख रुपये बरामद किये गये थे। अब तक की कुल कार्यवाही में 06 अभियुक्तों से 33 लाख रुपये बरामद किये जा चुके हैं। पुलिस आयुक्त महोदय ने क्राइम ब्रांच की टीम को 50,000 नगद इनाम देने की घोषणा की। घटनाक्रम के अनुसार कल दिनांक 13 अप्रैल को होटल मेफेयर इन में पकड़े गए सट्टा खिलाने वाले गैंग के वांछित सदस्यों को गिरफ्तार करने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय एवं एस0ओ0जी0 प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव की टीम को लगाया गया था। दोनो टीमों द्वारा गैंग के अन्य वांछित सदस्यों रोहित गुप्ता आदि की पतारसी सुरागरसी की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनाक 14-04-2024 को मुखबिर एवं सर्विलांस के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्तों (1) रोहित गुप्ता को उसके दो साथी अभियुक्तगणों (2) विनोद गुप्ता एवं (3) बाल किशन गुप्ता के साथ मय स्कूटी के फायर स्टेशन, टाट मील के पास से करीब 10¬40 बजे दिन में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे का करीब 14 लाख रुपया एवं सट्टे से संबंधित हिसाब के कागजात बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0स0 43/2024 धारा 3 / 4 जुआ अधिनियम थाना हरबंश मोहाल पर पूर्व से पंजीकृत है।

अभियुक्तों से गहनता से पूछताछ की गयी तो उन्होने बताया कि हम लोग आईपीएल के माध्यम से सट्टा खिलवाते है तथा नम्बरो पर सट्टा खेलने वाले लोग शहर के विभिन्न क्षेत्रो मे हमारे एजेन्टो के माध्यम से नम्बर प्राप्त कर फोन पर सट्टा लगाते है। रोहित गुप्ता ने बताया कि हम लोग लखनऊ और आगरा के कुछ लोगों से भी जुड़े हैं, उनके माध्यम से भी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के द्वारा सट्टा खिलवाते हैं। कल होटल मेफेयर इन में पकड़े गए हमारे साथियों में सुनित आनंद, सुमित गुप्ता और मेरा भाई राहुल , मुदित आदि हैं। हम लोग होटलों में कमरे लेकर ढ्ढक्कक्र मैच के दौरान ऑनलाइन रहकर लोगों से बुकिंग करते हैं। होटल से सट्टा संचालित करना आसान होता है क्योंकि होटल में जल्दी जल्दी स्थान बदल बदल कर सट्टा संचालित करने में आसानी होती है। अभियुक्तों से विस्तृत पूंछ ताछ कर अन्य संलिप्त लोगों के बारे मे भी जानकारी की जा रही है तथा बाद वैधानिक कार्यवाही अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा मे रिमांड माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

सरोजनी नगर के अलीनगर सुनहरा व हरौनी में धूम धाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती रविवार को सरोजनीनगर के अलीनगर सोनहरा मनाई गई। साथ ही शहीद वीरांगना मां उदा देवी की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। इसके अलावा हरौनी में भाजपा नेता विरेंद्र रावत व संदीप कुमार ने संविधान निर्माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विरेंद्र रावत बाबा भीमराव आंबेडकर के जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर ने संविधान में सभी के हितों का पूरा ध्यान रखा और राष्ट्र हित में अपने जीवन को समर्पित कर दिया। देश हित

में बाबा साहब के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विनोद मौर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रज्जन लाल रावत, सभासद बन्थरा माधव लोधी, क्षेत्र पंचायत सदस्य आशीष कुमार रावत, मंडल मीडिया प्रभारी सरोजनीनगर संदीप कुमार रावत,शिव चंद कुशवाहा, मनीष रावत, हीरा लाल रावत, सूर्य कांत मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

गरीब बच्चों मे शिक्षा की अलख जगाने का प्रयास कर रही इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई जरूरतमंद बच्चों को लगातार प्रत्येक रविवार को पोस्टिक भोजन कराकर उनमें शिक्षा की अलख जगाने का भी प्रयास कर रही हैं। इसके लिए गरीब बच्चों का भविष्य संवारने के लिए शिक्षा सामग्री की आवश्यकता को भी पूरा करने के लिए संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने सभी सक्षम जन मानस से आगे आने की अपील की। उनका कहना है कि तरह के पवित्र कार्य को करने के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। निराश्रित, अकिंचन, असहाय बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने वाली इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने लॉकडाउन के दौरान भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी। आशियाना क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र व गांवों तक में जाकर जरूरतमंदों तक भोजन व राशनकिट पहुंचाती थी संस्था।

संस्था के संरक्षक अनिल शुक्ला ने बताया कि संस्था ऐसी ऐसी जगहों पर भी भोजन बांटती थी। जहां पर जरूरतमंद या प्रवासी कामगार ठहरे हुए होते थे। इस मिशन में उनके साथ संस्था के सभी सदस्य शामिल रहे। राष्ट्रीय महासचिव नीरज शर्मा बताते है किआज कढ़ी चावल, केला व चॉकलेट का वितरण कर रहे है और संस्था द्वारा वितरण का कार्यक्रम सभी लोगों के सहयोग से चल रहा है। इस अभियान के लिए संस्था लोगों से पैसे की डिमांड नहीं करती। अपने साम?र्थ्य के अनुसार सभी लोग आकर तन और मन से सेवा करते है। इसके लिए हम इन तमाम सस्नेही हृदय व्यक्तियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त करते है। हमारे रसोई परिवार के सदस्य निलय शुक्ला जी की ज्येष्ठ पुत्री तनिषा शुक्ला के बर्थडे के उपलक्ष्य में बच्चों को केले और चॉकलेट वितरण किया गया इसी क्रम में हर्षित अवस्थी ने अपील की है संस्था की सेवा से प्रेरित होकर आप सभी लोग जन्मदिन फेस्टिवल जैसे खास मौकों पर जरूरतमंदों के

लिए भोजन या अन्य सामग्री खुद आकर बच्चों को वितरण कराकर भी पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अनाथ बच्चों व विधवाओं के लिए काम करेगी महिला विग इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के सक्रिय सदस्य रजनीश मिश्रा ने कहा जरूरतमंदों को खाना खिलाने के साथ-साथ अनाथ बच्चों व विधवा महिलाओं के उत्थान के लिए भी संस्था काम करना चाहती है। संस्थाद्वारा इसके लिए महिला विग गठित की जाएगी। जो अनाथ बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाएगी। वहीं विधवा महिलाओं की पेंशन में बढ़ोतरी करने के लिए आवाज बुलंद की जाएगी और सरकार से डीसी रेट के हिसाब से पेंशन की मांग की जाएगी।

भिक्षा नहीं शिक्षा सही अभियान का भी जल्द ही होगा आगाज

संस्था के एक और सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया संस्था शहर में भीख मांगने वाले नाबालिग बच्चों के लिए अपने मिशन भिक्षा नहीं शिक्षा सही को शुरू करेगी। अभी अधिक सहयोग न मिलने की वजह से ये अभियान रुका हुआ है। संस्था ने शहर में भीख मांगने वाले बच्चों के सर्वे का काम शुरू कर दिया है। अभिभावकों को जागरूक कर इन बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कराई जाएगी। और स्कूल प्रबंधको से बात कर इन बच्चों के निशुल्क दाखिलों का प्रयास किया जाएंगे।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य गगन शर्मा ने बताया कि हम गरीब बच्चों के लिए चिन्हित झुग्गी झोपड़ियो में जाकर प्रेम पूर्वक आदर भाव के साथ सभी लोग मिलकर बच्चों को भोजन व उनकी जरूरत की चीजें देकर उनके साथ समय बिताकर खुशियाँ बंटाने का प्रयास करते है और हमारे इस कार्य से प्रेरित होकर लोग संस्था की खूब सराहना कर रहे है एवं हमारे साथ आम जनता भी जुड़ कर इस नेक कार्य में बढ़चढ़ कर योगदान कर रही है। इस कार्यक्रम में शामिल अनिल शुक्ला, आचार्य चन्द्रभूषण तिवारी, पंकज राय, प्रेम आनंद श्रीवास्तव, आदित्य गुप्ता, संजीव मिश्रा, विनीत त्रिपाठी, गगन शर्मा, रवि अवस्थी, रजनीश मिश्रा, हर्षित अवस्थी, राम मिलन, संजय श्रीवास्तव, सौरभ शर्मा, आशिम रॉय, आशीष श्रीवास्तव, मिठू रॉय, श्रुति अवस्थी सहित सभी समाजसेवी सज्जनों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई डा. भीमराव आंबेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात

कछौना, हरदोई। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें जनप्रतिनिधि गण, प्रबुद्ध वर्ग, सभासद गण, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित पुरुष महिलाओं बच्चों ने बढ़ चढ़कर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कस्बा में स्टेशन मार्ग पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला सहित सभासद गण राष्ट्रीय प्रबुद्ध अंबेडकर क्लब के पदाधिकारी ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने कहा बाबा साहब ने संविधान के निर्माण में अभूतपूर्ण योगदान कर सभी को समानता के साथ जीने का अधिकार दिया। शिक्षक गया प्रसाद हंस ने बताया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब का जन्म दिवस मनाने के पीछे उनके कार्यो की चर्चा कर उनके योगदान को याद कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का दिन है। बाबा साहब के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। भंते जी ने कहा बाबा साहब सामाजिक न्याय के प्रेरणाता थे। जब हम सब जातिवाद पूंजीवाद असमानता अंधविश्वास छुआछूत से मुक्त हो तभी बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कस्बे के मोहल्ला सदर बाजार में अंबेडकर पार्क में स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर चैयरमैन राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज व बीआर अंबेडकर दलित समाज सुधारक समिति के पदाधिकारी ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ग्राम सभा समसपुर में अंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम नैरा, मोहाई, पतसेनी, अरसेनी, पकरिया ऊसर, पुरवा, कसहाई, बरौली, बर्राघुमान बिलौनी, त्यौरी, हिंदू खेड़ा, पूरब खेड़ा, कोरिहाना, उनवा, रामपुर, दीननगर आदि ग्रामों में विभिन्न आयोजन कर जन्म दिवस मनाया गया। इन आयोजनों में विचार गोष्ठी के माध्यम से जन जागरण कर कार्यक्रम भी किया गया। समता भोज भी किया गया। सभी ने संकल्प लिया ज्ञान का प्रकाश स्वयं दें व समाज में भी बांटे। ज्ञान हमें शक्ति देता है। इसका शिक्षा ही एक माध्यम है। सभी नागरिकों को सशक्त बनाता है।

इन कार्यक्रमों में बीडी कुरील, ब्लॉक कर्मी प्यारेलाल आदर्श, गया प्रसाद हंस, नवनीत कुमार, विनीत लाला, चेयरपर्सन क्रांतिवीर सिंह उर्फ रैना भैया, बृजेश कुमार हंस, शिक्षक

अशोक कुमार, रमेश कुमार, भूप नारायण, राम शंकर, पीडी वर्मा, गंगाराम गौतम, कन्हैयालाल, बालेश तिवारी, रंजीत राव, आरके गौतम, ग्राम प्रधान अनूप कुमार उर्फ मटरू, रमेश चंद्र कनौजिया, पुत्तीलाल कुरील, ग्राम प्रधान व जिला अध्यक्ष अपना दल राजेंद्र गौतम, प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश गौतम, ग्राम प्रधान बर्रा घूमन ओम प्रकाश गौतम, अरुण कुमार ढोली, प्रधान अवधेश गुप्ता, छविनाथ मौर्य ग्राम प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता अंकित कुमार उर्फ राजकुमार, भूधर कुशवाहा, संजय गौतम कसहाई, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप कुमार लोन्हारा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर नृपेन्द्र, डॉक्टर रामचंद्र, इंजीनियर सरोज गौतम आदि प्रबुद्धजनों ने बढ़चढ़कर जयंती में सेलिब्रेट किया, उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

ससुराल आए युवक का जंगल में पेड़ से लटकता मिला शव

● - परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात

कछौना, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम पूरा के जंगल में ससुराल आए एक युवक का संदिग्ध अवस्था में बबूल के पेड़ से लटकता शव मिला। कछौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सरोज कुमार पुत्र प्रहलाद कुमार निवासी भैंनगांव थाना सुरसा उम्र 30 वर्ष 11 अप्रैल को अपनी पत्नी कविता पुत्री राजकुमार निवासी लोन्हारा को लेने आया था। यहां पर कुछ विवाद होने पर वह वापस चला गया, लेकिन अपने घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी खोजबीन की। परिजनों ने कोतवाली कछौना में गायब होने की सूचना दी। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने एक युवक को सुजानपुर व पूरा के जंगल में बबूल के पेड़ में लटकता शव देखा। मृतक की पहचान सरोज कुमार पुत्र प्रहलाद निवासी भैंनगांव थाना सुरसा के रूप में हुई। परिजनों ने कोतवाली कछौना को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के दो मासूम बच्चे हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के भाई सर्वेश ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था। जिसको लेकर आपस में काफी विवाद रहता था।

नवोदित कवियित्री आकृति श्रीवास्तव की प्रथम काव्य रचना 'कृति' का विमोचन हुआ

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई जनपद की प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में नवोदित कवयित्री आकृति श्रीवास्तव की प्रथम काव्य रचना %कृति% का विमोचन आज सदन सभागार में अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात युवा कवयित्री पल्लवी मिश्रा ने मां सरस्वती की वाणी वंदना प्रस्तुत की।आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए रचनाकार आकृति श्रीवास्तव ने कहा कि यह मेरी प्रथम काव्य रचना है; जिसमें मैंने अपनी भावनाओं को स्वर देने का प्रयास किया है। हालांकि इसका वास्तविक मूल्यांकन पाठकों को ही करना हैअध्यक्षता कर रहे सदन अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी ने कहा कि श्री सरस्वती सदन निरंतर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इसी श्रृंखला में आज युवा कवयित्री आकृति की प्रथम काव्य रचना %कृति% का विमोचन संपन्न हुआ। उन्होंने रचनाकार को आशीष प्रदान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

काव्य संग्रह के समीक्षक रहे श्रेष्ठ रचनाकार डॉ राघवेंद्र मिश्र प्रणय ने कहा कि संपूर्ण विश्व ही किसी कवि की कविता है। संवेदनहीन होते समाज में आज कविताएं विशेष रूप से प्रासंगिक और अपरिहार्य हो गई हैं। समीक्षक डॉ. देश दीपक शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि सीधी-सादी बातचीत के लहजे में लिखी हुई आकृति की कविताएं नई पीढ़ी के लिए प्रेरक और मित्र की भांति सचेतक हैं।

समारोह के संचालक और सदन के मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने कहा कि आकृति की कविताएं उसकी कोमल भावनाओं का प्रकटीकरण है। जनपद का साहित्य जगत इसका हृदय से स्वागत करता है।कार्यसमिति सदस्य व रचनाकार के पिता अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि आकृति का प्रथम प्रयास निस्संदेह बहुत सराहनीय है। अपनी रचनाओं के माध्यम से वह समाज और साहित्य की निरंतर सेवा करती रहे। समारोह में रचनाकार और उसकी कृति के संबंध में सदन उपाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र राही व पूर्णिमा श्रीवास्तव ने भी संबोधित

किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो. अखिलेश वाजपेयी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी मयंक, गिरीश डिडवानिया, सरिता अग्रवाल, अभिषेक अग्निहोत्री, आलोक मिश्र, डॉ. वंशीधर शुक्ल, सीमा गुप्ता असीम, कुमुदिनी देवी, उदयराज सिंह, श्रवण तिवारी, अनूप पुरी, मृदुल श्रीवास्तव, शैफाली श्रीवास्तव,गौरव सिन्हा, धीरज श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, निशानाथ अवस्थी, माधवी श्रीवास्तव, अनमोल शुक्ल, रामेंद्र श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, पंकज अवस्थी, शशिकांत दीक्षित, राम औतार शर्मा, सर्वेश पाण्डेय, शैफाली श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्रा ने किया।

संक्षिप्त ख़बरें

समाजसेवी राजकरन सिंह के निधन पर शोक की लहर

लालगंज (रायबरेली)। सरेनी क्षेत्र के दुधवन गांव निवासी प्रख्यात समाजसेवी व विवेकानंद इंटर कॉलेज दुधवन के प्रबंधक राजकरन सिंह का शुक्रवार की देर रात को निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को गेगासों गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधिओं और हजारों की संख्या में सामान्य लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वह 81 बरस के थे। विगत कई दिनों से वह बीमार चल रहे थे। परिजनों ने उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार की शाम को उनका निधन हो गया। शनिवार को बेटे छुन्ना सिंह ने मुखाग्नि दी। निधन पर भाई रामकरन सिंह, भतीजे विजय विक्रम सिंह, नाती अखंड प्रताप सिंह सहित परिवार शोक संतप्त है। उनके निधन पर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, शिक्षक नेता राम प्रताप सिंह, शिवभूषण द्विवेदी, कमलाकांत मिश्रा, ग्राम प्रधान काल्हीगांव देशदीपक सोनी, डॉ. ओपी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, आरबी सिंह सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने शोक संवेदना व्यक्ति की है।

संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

महराजगंज रायबरेली।। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महराजगंज कस्बे के बूथ संख्या 254 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पहुंचे ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत को एक ऐसा संविधान और कानून देने का काम बाबा साहब ने किया है, जो छोटे बड़े- पिछड़े दलित भाई गरीब सबको समानता और समता देने का काम किया है, और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की विचारधारा के साथ काम किया जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को अपना परिवार मानते हैं, इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी मंडल अध्यक्ष महराजगंज विवेक पांडेय सरदार फत्ते सिंह विद्या सागर अवस्थी विजय धोनी शिव शंकर शुक्ला रवितोष त्रिपाठी उज्जवल अवस्थी विनीत वैश्य राहुल वर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

निशुल्क होगी घरेलू उपभोक्ताओं के गैस पाइप, चूल्हा और रेगुलेटर आदि की सुरक्षा की जांच

महराजगंज रायबरेली- घरेलू एल पी जी उपभोक्ताओं के गैस पाइप, चूल्हा और रेगुलेटर आदि की सुरक्षा की जांच अब निशुल्क होगी द्य पहले यह जाँच पाँच वर्ष मे एक बार शुल्क लेकर होती थी इंडियन आयल कारपोरेशन ने गैस लीकेज के कारण आग लगने की घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया है। इंडियन आयल कारपोरेशन के फील्ड ऑफिसर सुनीत सोनकर तथा अदिति इण्डेन गैस सर्विस के प्रबंधक एम पी सिंह ने बताया हमारे डिलीवरी मैन रोज घर घर जाकर गैस चूल्हा,पाइप, रेगुलेटर, किचेन प्लेटफार्म की जांच कर रहे है . गैस पाइप क्रेक अथवा पांच वर्ष से ज्यादा की होने पर उपभोक्ताओं से बदलने का आग्रह कर रहे है और किफायती दर मे बदल रहे है द्य फील्ड ऑफिसर श्री सोनकर ने बताया की यह निशुल्क जांच उपभोक्ता की सुरक्षा और कोई हादसा ना हो खतरे को कम करने के लिए शुरु किया गया है।

भीमराव आंबेडकर जी की जंयती संकुल चिल्ला के सभी विद्यालयों मनाई गई

बांदा। विकासखंड तिन्दवारी के संकुल चिल्ला के सभी पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर मीरा देवी, सुहैल ,रामसुफल कश्यप,इंद्रजीत निषाद, अभय कुमार, जितेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता,शिव नारायन निषाद,प्रमोद कुमार,कमलेश कुमार,प्रेम चंद , देवेन्द्र, विजेन्द्र नाथ ,माधुरी पांडेय ,अर्चना देवी,गीता देवी त्रह्मा गुप्ता, रेखा देवी, प्रेभा ,रामराज ,कंचन सिंह ,गुड़िया देवी व अन्य अध्यापकों ने अपने अपने विद्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई।

कमरौली पुलिस द्वारा चोरी की 05 मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

कमरौली अमेठी । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उपनिरीक्षक अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल संख्या यूपी 6 बी 5709 पर सवार अभियुक्त राहुल पाण्डेय पुत्र जगत नरायण निवासी पूरे बेचू मजरा महोना पश्चिम थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को बरसण्डा तिराहा मोड के पास से गिरफ्तार किया । मोटरसाइकिल संख्या यूपी 6 बी 5709 के कागज मांगने पर दिखा न सका । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे मैनें अपने साथी राजू उपाध्याय पुत्र सहदेव प्रसाद उपाध्याय निवासी पूरे फल्लू पाण्डेय मजरा महोना थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी के साथ मिलकर ग्राम पूरे दीना पाठक मजरे सिन्दुरवा से दिनांक 18.03.2024 की रात में चुराया था । मैं अपने साथी राजू उपाध्याय के साथ मिलकर आसपास के जिलो में मोटरसाइकिलों की चोरी करके नम्बर प्लेट बदल कर चोरी की मोटरसाइकिलों को बेंच देते है । मैने, राजू उपाध्याय के साथ मिलकर अन्य 04 मोटरसाइकिल चोरी की है जो मेरे घर पर ग्राम पूरे बेचू मजरा महोना पश्चिम में घर में छिपाकर रखी है अभियुक्त की निशान देही पर उसके घर से 1.टीवीएस स्टार यूपी 42 जे 2569 2.बजाज बाक्सर यूपी 41 ई 4309 3.हीरो सुपर स्पलेन्डर यूपी 36 डी 6334 4.बजाज प्लेटिना बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा सम्पन्न

●ऐसी परीक्षाएं बच्चों के लिए बेहद जरूरी हैं - कामता प्रसाद श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)सरेनी।छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने व प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक अंक लाने के उद्देश्य से रविवार को सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज बेनीमाधवगंज में शिक्षा फाउंडेशन एवं स्पेसिफिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा 6 से 12वीं तक के 483 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।परीक्षा निर्धारित समय सुबह 11 बजे से शुरू हुई।परीक्षा का समय 2 घंटे निर्धारित था,जिसमें 100 प्रश्नों के उत्तर देने थे।वहीं ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा का संचालन कर रहे स्फेसिफिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विगत वर्षों से इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उत्साहित करने व उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए किया जा रहा है।गांव के बच्चें भी शिक्षित होकर होनहार नागरिक बनेंगे।विद्यालय के व्यवस्थापक सुरेश कुमार ने बताया कि विगत वर्षों से इस तरह की ढ़ेरों प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उत्साहित करने,उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए किया जा रहा है।इन प्रतियोगी परीक्षाओं के तहत गांव के बच्चे भी शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनेंगे।उन्होंने बताया कि 650 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था।जिनमें से 483 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।वहीं प्रधानाचार्य कामता प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि कम उम्र में ही प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिभाग करने का अनुभव दिलाने के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में शामिल होकर बच्चों को आगे चलकर बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग का अनुभव मिल सकेगा,इससे उनमें परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार का डर नहीं होगा।ऐसी परीक्षाएं बच्चों के लिए बेहद जरूरी हैं।इस मौके पर गंगादीन शर्मा अध्यक्ष,राजकुमार शर्मा प्रबंधक, सुरेश कुमार शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, कामता प्रसाद प्रधानाचार्य, ललित श्रीवास्तव, प्रवीण, त्रियुगी नारायण, उमेश शर्मा, नीरज, अवध बिहारी, विनय पांडेय, सुमित, हरिप्रसाद, कमल अमन शर्मा, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश दीक्षित, संजय कुमार सिंह, अवधेश बाजपेई, शिवम बाजपेई, चंद्रभान पाल, रीना, रिया, सोनाली, सोनाली राय, अंकिता, गोल्डी, कल्पना, दीपाली, कशिश, हिमांशी, काजल, वैष्णवी, सीता, शालिया, प्रियांशी आदि मौजूद रहीं।वहीं नीरज,ललित श्रीवास्तव आदि का परीक्षा में विशेष योगदान रहा।

छात्र-छात्राओं में दिखा गजब का उत्साह

रविवार छुट्टी का दिन,बावजूद छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह दिखा !ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा में पिछली वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया !विगत वर्ष परीक्षा के उपरांत परीक्षा परिणाम बेहतर लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया था और उनका हौसलाअफजाई किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप इस वर्ष बच्चों ने अच्छी मेहनत व लगन के साथ एक दूसरे को अपना प्रतिद्वंद्वी मानते हुए तैयारी की व मेधावी छात्र की श्रेणी में आते हुए पुरस्कृत होने का सपना संजोए हुए परीक्षा दी !

सभी बूथों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती

● जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अंबेडकर चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

स्वतंत्र प्रभात



गौरीगंज,अमेठी। जनपद के सभी बूथो पर संविधान निर्माता डॉ0 साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर जयन्ती कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर भाजपा ज़िला कार्यालय पर ज़िलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा,पूर्व ज़िलाध्यक्ष व लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव,लोकसभा प्रभारी राजकिशोर रावत सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। शुकुल बाजार अंबेडकर चौराहे पर जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला एवं मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। मुसाफ़िरखाना के दादरा ग्राम में मंडल अध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में जयन्ती मनायी गई।जिसमें ज़िला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग, भारत को एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना को स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प है।इसी प्रकार मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये।इसी प्रकार डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर सभी वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता अपने अपने बूथों एवं जनपद में लगी हुई सभी मूर्तियों पर पुष्प अर्पित करके जयंती मनायी गयी।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। जनपद में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मो. असलम, प्रतीक्षा पांडे, अमित सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब शोषित, दलित, पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किए, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहे जिस पद पर हो वहां पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें?, आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती कलेक्ट्रेट सहित जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों में मनाई गई।

सिख धर्मावलंबियों ने मनाया बैसाखी पर्व

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के घोसियाना मोहल्ला स्थित श्री गुरु सिंह सभा में रविवार को बैसाखी का पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इससे पहले सुबह दरबार साहब प्रकाश सरदार सेवा सिंह ने किया। सभा में आई महिला संगत ने सुखमनी साहेब का पाठ किया। जाने माने वास्तुविद इंजीनियर सरदार सिंह पालू ने साहिब गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 13 अप्रैल 1699 को बैसाखी के दिन गुरु गोविंद सिंह ने केजगढ़ साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की। बैसाखी के दिन ही पंच प्यारों को दीक्षा दी गई। दयाराम, धर्मदास मोहकमचंद, हिम्मत राय, साहबचंद को अमृत छकाया गया। वाहेगुरु जी की खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह, उद्घोष के साथ पंच प्यारों की स्थापना हुई। कहा कि गुरु गोविंद सिंह कुशल शस्त्र संचालक के साथ-साथ उच्च कोटि के विद्वान थे। उनके जैसे संत और योद्धा का अनूठा समन्वय युग युगांतर के बाद देखने को मिलता है। बताया कि इस बार 325वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले से आए रागी रविंदर सिंह के जत्थे ने शबद कीर्तन से सभी को निहाल किया। वाह वाह गुरु गोविंद सिंह आपे गुरचेला कीर्तन पर संगत झूम उठी। छोटे बच्चों में मनन प्रीत, राजवीर सिंह, नवदीप सिंह ने अपने गीत प्रस्तुत किये। इसके पश्चात अरदास की गई। श्रद्धालुओं के जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के गगन भेदी नारों से हाल गूंज उठा। इसके बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान सरदार सेवा सिंह, सतपाल सिंह पालू, बलजीत सिंह, जगजीत सिंह सोनू, सतनाम सिंह, संजय चड्ढा, हरचरण सिंह, राघवेंद्र सूर्यवंशी, बलबीर सिंह, अमनदीप सिंह, आयुष सिंह, महेश सिंह, सरदार जगजीत सिंह, बलजीत सिंह, अवतार सिंह सोनू, राघवेंद्र सूर्यवंशी, संजय, रुद्रांश, ग्रेटी सहित महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

नगर पंचायत कार्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

तिंदवारी (बांदा)। भारतीय संविधान शिल्पकार, सुप्रसिद्ध समाज सुधारक, समतामूलक समाज के प्रणेता एवं भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन सुधा साहू ने कहा कि बाबा साहब द्वारा राष्ट्रहित में किया गया अद्वतीय कार्य एवं मूल्य व अद्भुत विचार सदैव अनुकरणीय रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि संविधान शिल्पी, वंचितों के नायक बाबासाहेब ने देश के सभी नागरिकों को संविधान के माध्यम से समानता व एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार जनकल्याण व सभी के लिए एक समान संविधान की दिशा में सदैव प्रेरित करते रहेंगे। बाबासाहेब के विचारों की प्रेरणा से आज मोदी जी वंचितों और पिछड़े वर्गों तक न्याय और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि रमेश चंद्र साहू ने कहा कि बाबा साहब न्याय व समता पर आधारित समाज के लिए सदा प्रयत्नशील रहे एवं उनके महान व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। यहां रामचरण वर्मा, बल्लू वर्मा, हरिश्चंद्र सिंह, आदित्य यादव, इदरीश, विनोद कुमार, निसार अहमद, अरुण सिंह पटेल, रामचन्द्र शुक्ल, विकास सिंह आदि उपस्थित रहे।

HRAI जिला अध्यक्ष युथ व नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में पन्नी मुक्त विंध्याचल जागरुकता अभियान चलाया

●सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करे, और पर्यावरण की रक्षा करे

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला यूथ अध्यक्ष व नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में आज दिनांक 13/04/2024 को विंध्याचल क्षेत्र में सिंगल युज प्लास्टिक ना युज करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया एवं लोगों से अपील की गई जिसमे दुकानदार व यत्रियो , हाथ ठेला वालो को जागरुक किया गया और लोगो ने माना भी बोला कि हम पन्नी का उपयोग अपने जिवन से धिरे धिरे उपयोग करना कम करगे पन्नी आज जरुरत से ज्यादा युज होने लगा है जिससे मनुष्य ,प्रकृति, धरती ,समुद्र मे जिव जंतु को नुकसान पहुचाने मे इसका योगदान है लोगो ने साथ देने कि भी बात कही है एवं जिला अध्यक्ष युथ राहुल गुप्ता की पहल की सराहयना भी की ये भी कहा हम सभी को मिलकर जलवायु को बचाना है क्योकि प्लास्टिक आज जल प्रदूषण का बड़ा कारण बन रहा है, इसकी वजह इस पर बढ़ती हमारी निर्भरता है। जैसे पानी पीने की बोतल, प्लास्टिक के चम्मच, टूथब्रश, थाली, कप, गिलास, बैग आदि। एक समय इनमें से अनेक वस्तुएं प्लास्टिक की नहीं होती थीं। दरअसल सहूलियत के कारण प्लास्टिक का अधिक उपयोग बढ़ा है। आज तमाम वस्तुओं की पैकिंग के लिए भी प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है। यहां तक कि बच्चों के खेलने के लिए भी प्लास्टिक के खिलौने बनाए जाने लगे हैं। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज सीनियर डीविजन नेहा गहवार,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में जी डी बी कॉलेज प्रोफेसर केक चौरसिया, एक्जीक्यूटिव ऑफिसर मिर्ज़ापुर, नगर पालिका परिषद मिर्जापुर ईओ जी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह एडवोकेट, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह,जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता एडवोकेट ,आदि मौजूद रहें है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष युथ राहुल गुप्ता व संचालान जिला महासचिव युथ शिवशंकर माली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित सत्यम अग्रहरी,किरन कुमारी, गुंजन जायसवाल मंजीत सिंह, प्रीति सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

समुद्र मंथन व वामन अवतार की कथा सुन श्रोता भावविभोर

स्वतंत्र प्रभात

डुमंडगंज। क्षेत्र के ऊंटी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को कथावाचक पंडित श्याम मुरारी महराज ने समुद्र मंथन व वामन अवतार की कथा का श्रोताओं को रसपान कराया। कथावाचक ने कहा कि देवासुर संग्राम में दैत्यों ने देवताओं को परास्त कर दिया। तब संपूर्ण देवता भगवान विष्णु के पास गए और बोले भगवन आप हमारी रक्षा करें। भगवान विष्णु ने देवताओं से कहा कि मंदराचल पर्वत को मथानी और वासुकि नाग को रस्सी बनाकर समुद्र मंथन करो। भगवान विष्णु के ऐसा कहने पर देवताओं ने दैत्यों से संधि कर समुद्र मंथन शुरू किया। समुद्र मंथन के दौरान सर्वप्रथम कालकूट विष का प्रादुर्भाव हुआ जिसे भगवान शिव ने देवताओं की विनती पर पी लिया।विष के प्रभाव से महादेव का कंठ नीला पड़ने पर उनका नाम नीलकंठ पड़ गया। समुद्र मंथन में वारूणि, ऐरावत, लक्ष्मी,शंख, कौस्तुभ मणि, अप्सरा, धन्वंतरि सहित चौदह रत्न मिले।अंत में अमृत कलश मिलने पर उसे पाने के लिए देवताओं और असुरों में संग्राम छिड़ गया।तब भगवान विष्णु विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर असुरों को मदिरा पान और देवताओं को अमृत पान कराया। इसके बाद कथावाचक ने बलि और भगवान वामन की कथा का गुणगान किया। इस दौरान यजमान भास्कर प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता चंद्र दत्त त्रिपाठी,विजय नारायण मिश्र, अरूण त्रिपाठी, बालकृष्ण मिश्र,बिजेंद्र पांडेय,पवन तिवारी, अरूण मिश्र,प्रेम सिंह, मार्कण्डेय मौर्य सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

पुलिस ने अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्कर गिरोह का किया गया पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल एवं निष्पक्ष रुप से सम्पन्न कराये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना पैलानी पुलिस द्वारा अवैध गांजे की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 05 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि बीती देर शाम थाना पैलानी को गश्त एवं चेकिंग के दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली कि कुछ गांजा तस्कर अवैध गांजे की खेप बिक्री करने हेतु जसपुरा की ओर जा रहे हैं । सूचना पर संज्ञान लेतु हुए पुलिस द्वारा कालेश्लर मन्दिर के पास 02 संदिग्ध चार पहिया वाहनों को चेक किया गया तो उसमें 06 बोरियों में 101 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया साथ ही अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 05 अन्तर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि 01 अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों ने कड़ाई से पूछताछ में बताया कि फरार अभियुक्त मोहित निगम ओडिशा व झारखण्ड से अवैध सूखे गांजे की डील करता था तथा वे सभी वहां से अवैध सूखा गांजा लाकर बांदा और आसपास के जनपदों में इसकी बिक्री करते थे । उन्होने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से उनके द्वारा यह खेप लाई जा रही थी । गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय सिंह उर्फ तन्नू सिंह पुत्र स्व0 जगदीश सिंह निवासी खप्टिहांकला थाना पैलानी, अरविन्द सिंह पुत्र राजाभईया निवासी अछरौड़ थाना मटौध ,अशोक सिंह पुत्र रामऔतार सिंह निवासी भज्जू सिंह का पुरवा, गुरेह थाना कोतवाली देहात ,भरत लाल निषाद पुत्र रामऔतार निवासी शिवपाल का डेरा मजरा खप्टिहाकला थाना पैलानी ,अमेन्द्रजीत निषाद उर्फ मिन्ता पुत्र बृजराज निवासी शिवपाल का डेरा मजरा खप्टिहांकला थाना पैलानी जनपद बांदा है। फरार/वांछित अभियुक्त का नाम मोहित निगम पुत्र अज्ञात निवासी महादेव पेट्रोल पम्प के पास तिन्दवारी रोड थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा है। जो कि मुख्य अभियुक्त है।

कभी दोषी पुलिस से डरते थे, अब निर्दोषों पर होती कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। एक समय था जब गुंडे बदमाश पुलिस से डरते थे। पुलिस भी ज्यादातर दोषियों पर ही कार्यवाही करती थी। एक पुरानी कहावत भी आम है कि सौ दोषी छूट जाए पर एक निर्दोष पर कार्यवाही न होने पाए। आज समाज दूषित हो चुका है। पैसे के लालच ने अधिकतर पुलिस वालों के जमीर को कुचल दिया है। आज पुलिस कार्यवाही करने में सही और गलत नहीं देखती। कहीं नेता के दबाव में तो कहीं पैसों के लालच में अधिकतर निर्देशों पर कार्यवाहियां हो रही हैं। अधिकतर थानों में दलालों का बोलबाला है। हां यह बात और है कि थाने के गेट पर लगे बोर्ड पर लिखा हुआ है कि दलालों का आना माना है। आज गरीब और असहाय थाने जाने से डरता है। पूछने पर बताता है कि साहब पैसा नहीं है इसलिए थाने नहीं गया और बिन पैसे सुनवाई भी नहीं होगी। ऐसा नहीं है कि उच्चाधिकारियों तक शिकायत नहीं होती। शिकायत तो होती है पर कार्यवाही शून्य होती है। जिसका कारण यह है कि मातहत उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हैं। जिससे शिकायत का नतीजा शिफर हो जाता है। आज पूरे देश में चुनाव का दौर शुरू हो चुका है। आदर्श आचार संहिता लागू है। नेता चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। वहीं पुलिस भी चुनाव में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इसलिए चुनाव में गड़बड़ी करने वाले लोगों को चिन्हित कर शांति भंग में पाबंद करने में व्यस्त है। पुलिस अधीक्षक का सख्त निर्देश है कि किसी निर्दोष व्यक्ति को पाबंद ना किया जाए। बावजूद इसके पुलिस ऐसे ऐसे निर्दोषों को पाबंद कर रही है जिससे संपूर्ण जीवन में किसी से कोई विवाद हुआ ही नहीं और ना ही जीवन में पहले किसी चुनाव में पाबंद किए गए हो। जनपद का एक चर्चित मामला थाना हसनगंज का है जहां पुलिस ने बिना जांच पड़ताल किए सात वर्ष पूर्व मृत कुरौली गांव निवासी ज्ञानेंद्र को शांति भंग में पाबंद करने की नोटिस भेज दी जबकि ज्ञानेंद्र की सात वर्ष पूर्व ही मौत हो चुकी है। परिवार वालों का कहना है कि जीते जी तो ज्ञानेंद्र से कभी किसी से झगड़ा नहीं हुआ लेकिन मरने के बाद थाने में नाम दर्ज हो गया। ऐसा ही एक अन्य मामला इसी क्षेत्र से और सामने आया है। चंदेसुवा गांव निवासी नवीन सिंह ने बताया कि पांच वर्षो से वह लखनऊ में रहकर ही रोजगार कर रहा है। और आज तक उस पर भी कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसके बावजूद पुलिस ने किसी के कहने पर उसे भी पाबंद कर दिया। इसी गांव के 60 वर्षीय गिरिजा, 60 वर्षीय मुन्ना जायसवाल व सुधांशु सिंह को भी पुलिस ने पाबंद किया है वही दूसरा मामला थाना सोहरामऊ से सामने आया है। ग्राम आशा खेड़ा निवासी मजारे पुत्र स्वर्गीय रज्जब ने बताया कि आशा खेड़ा से दर्जनों लोग ऐसे हैं जिनका जीवन में कभी किसी बाद विवाद से वास्ता सरोकार ही नहीं रहा परंतु किसी के कहने से यह नाम डाले गए हैं। जिनमें इरफान पुत्र मजारे, रमजान पुत्र अलीजान, इम्तियाज पुत्र मुस्ताक, अशफाक पुत्र मुस्ताक, दिलशाद पुत्र इमामुद्दीन, सोनू पुत्र यूनुस, इसरार पुत्र मटरू, शाहिद पुत्र गफूर, यूनुस पुत्र याकूब, शिबू पुत्र युसूफतथा अनुराग शुक्ला पुत्र सुबोध शुक्ला आदि कई नाम डाले गए हैं। सोनू ने बताया लगभग दस वर्षो से विदेश में रह रहा था पिछले वर्ष ही वापस आकर चौराहे पर ज्वैलरी की दुकान किया है कभी किसी से कोई वाद विवाद नहीं हुआ। तब भी पुलिस ने पाबंद कर दिया। यहां सवाल यह उठता है कि चुनाव में महत्वपूर्ण कार्यवाही मानी जाने वाली कार्यवाही को पुलिस बिना हकीकत से रूबरू हुए जिसमें पुलिस यह भी पता करना ठीक नहीं समझती है कि पाबंद किया जाने वाला व्यक्ति जीवित भी है या नहीं और कार्यवाही कर देती है पुलिस को ऐसी कार्यवाही में तनिक भी संकोच नहीं होता। तो आप अंदाजा लगाएं कि अन्य मामलों में क्या पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद की जा सकती है? आज पुलिस को लोगों के दिलों में न्याय की उम्मीद की शमा रोशन करने की आवश्यकता है।

मुकदमा दर्ज होने के बाद भी खनन माफियाओं पर नहीं हो रही कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

नवाबगंज (उन्नाव)। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव पाली में हो रही अवैध रुप से ग्राम सभा की भूमि पर मुकदमा लिखने के बाद तीसरे दिन भी जारी रही है। यहां पर हो रही खनन न रुकने पर क्षेत्र के लोगो का कहना है की पैसे की चमक के आगे सब सूना है। साथ में एक सत्ता पक्ष के नेता का भी वरदह्स्त है। इसका विडियो इंटरनेट मीडिया पर खुब वायरल हो रहा है कि देश में कोई कानून है कि नही या केवल मनमानी ही चलती रहेगी और खनन माफिया अपना काम करते रहेगे।

मालूम हो कि इन दिनों क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के साथ कई वेयर हाउस भी बन रहैहै। जिसके लिये हजारो डंपर मिट्ट्टी की आवश्यकता है। जिसके लिये सरकार पैसा भी दे रही है। एक्सप्रेस वे के निर्माण और वेयर हाउस में मिट्ट्टी डालने के लिये अब खनन के ठेकेदारों ने नया तरीका निकाला है। ये आसपास के गांवो में खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रुप से खनन करते है इसके लिये पूरे सिस्टम को मैनेज रखा जाता है। क्षेत्र के गांव सरोसा, डहरौली, अजैयाखेड़ा, इटकुटी, तेलियानी, पाली, मकदूमपुर में करीब 100 बीघा सरकारी जमीन पर खनन कर हजारों डंपर मिट्ट्टी खनन कर बेची जा चुकी है। जिसमें केवल पाली में जब गांव के लोगो ने विवाद किया तो मुकदमा लिख 2 लाख रुपये का जुर्माना कर कोरम पूरा किया गया। गांव पाली में मुकदमा लिखने के बाद भी निर्माण कंपनी के अधिकारी और मिट्ट्टी दे रहे ठेकेदार कुछ भी सुनने को तैयार नही है। वहां पर लगातार कंपनी के लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर खुदाई की जा रह है और कोई रोकने का प्रयास कर रहे है तो उनको धमकी देकर भगा दिया जाता है। रविवार को जब खुदाई आरम्भ हुई तो गांव के लोगो ने इसका वीडियो बनाकर इँटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। गांव के लोगो में एक ही चर्चा है कि मुकदमा लिखने के बाद भी खनन हो रहा है। इसके पीछे सत्ता पक्ष के नेता का भी हाथ है और अधिकारी किसी के दबाव में कार्यवाही करने से कतरा रहे है। इस संबध में जिला खनन अधिकारी केबी सिंह ने बताया कि मुकदमा लिखने के बाद कैसे खनन हो रहा है इसकी जांच कराई जायेगी। एसडीएम हिमान्शू गुप्ता ने बताया कि इसकी जांच करा रहे है अगर खनन हो रहा है तो कार्यवाही की जायेगी।

भण्डारा आयोजन के साथ मनायी गई अम्बेडकर साहब की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

नवाबगंज (उन्नाव)। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को विकासखण्ड कार्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। वही क्षेत्र में अनुयायियों द्वारा उनकी मूर्तियों व चित्रों पर माल्यार्पण कर भंडारे का आयोजन भी किया गया। बताते चलें कि नवाबगंज विकासखण्ड कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सराहा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहाकि बाबा साहब का पूरा जीवन आमजन के कल्याण के लिए समर्पित रहा।उन्हें संविधान का निर्माता भी कहा जाता है। उन्होंने सदैव समाज में समानता की पैरवी की है। इसलिए अम्बेडकर जयंती को समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। एडीओ मनोज कुमार ने कहाकि बाबा साहब ने समाज को जोड़ने का काम किया। उनका पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन और वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। इस दौरान बीडीयो सुरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अलका गुप्ता, सुधीर कुमार, मंजीत वर्मा, भोला सिंह, दीपू आदि ने माल्यार्पण किया। नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में डॉ शैलेन्द्र अस्थाना ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, गुरुचरन, सतीश कुमार, अमन यादव आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। राजमार्ग पर नहर के समीप डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके अनुयायियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां अर्जुन, गौतम, अंशु, आकाश, अंकित, राज सिंह व इरफान आदि लोग उपस्थित रहे।

मां दुर्गा, मां कुशहरी देवी मे दर्शन करने से होती है लोगों की मनोकामना पूरी

स्वतंत्र प्रभात

नवाबगंज (उन्नाव)। बताया जाता है नवाबगंज से 3 किलोमीटर दूरी पर लव-कुश के द्वारा मां कुशहरी देवी स्थापना की गयी। मां कुशहरी देवी के दर्शन करने से लोगों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। रोजाना सैकड़ो लोग दूर से दर्शन करने के लिए आते हैं। नवरात्र में दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बताते हैं लव और कुश अपनी माता सीता को लेने के लिए परियर जा रहे थे तो यही विश्राम करने के लिए रुके थे, यहां पास में ही एक कुआ था। तो उनके सैनिक पानी निकालने लगे तो उस कुएं से दिव्य शक्ति निकली उसने कुएं में जाकर देखा तो एक माता जी की मूर्ति मिली, जिसे टीले पर रखकर मूर्ति की स्थापना की और अपने सैनिकों को यहीं पर एक गांव बसाने का आदेश दिया। मंदिर के बाहर एक विशाल सरोवर भी बना है जिसमें बड़ी-बड़ी मछली हमेशा पड़ी रहती हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं मछलियों को दाना खिलाते हैं और अपनी मनोकामना को पूर्ण करते हैं। यहां पर पहुंचने के लिए आप लोग ट्रेन से भी आ सकते हैं और नवाबगंज से किराए हेतु रोड के माध्यम से पहुंच सकते हैं कुशहरी देवी से 3 किलोमीटर दूरी पर नवाबगंज में दुर्गे मां का भी मंदिर है बताया जाता है। इस मंदिर की स्थापना परशुराम जी के द्वारा हुई थी दोनों जगह के

दर्शन करने से श्रद्धालु हर मनोकामना पूर्ण होती है। हजारों की संख्या में नवरात्रि आने पर लोगों की भीड़ देखने को मिलती है यहां पर चैत्रवर मेला बहुत प्रसिद्ध है दूर-दूर से लोग इस मेले में आते हैं और रुक कर दर्शन कर अपनी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

ई-खसरा पड़ताल पूरी करने में दूसरे स्थान पर उन्नाव

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। जिले के किसानों के खेत में बोई गई फसलों की जानकारी के लिए कराए गए ई-खसरा पड़ताल का काम पूरा हो गया है। पड़ताल में जुटाई गई 11.35 लाख खसरों की जानकारी की फीडिंग भी हो गई है। नियत समय में काम पूरा करने पर जनपद को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है।

बताते चलें कि नवंबर 2023 माह में प्रदेश सरकार ने ई-खसरा पड़ताल योजना शुरू की थी। इसके जरिए राजस्व व कृ?षि विभाग के कर्मचारियों को फील्ड पर जाकर मौके से बोई गई फसल की जानकारी देनी थी। जिले में करीब पांच माह काम चला। राजस्व व कृ?षि विभाग के अलावा ग्राम्य विकास व पंचायतीराज विभाग के कर्मचारी लगाए गए। काम पूरा करने की समयाव?धि पहले छह अपैल थी। बाद में इसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया। निर्धारित समय में जिले में 1135196 खसरों की फीडिंग कराई गई। इस कार्य में जनपद प्रदेश में दूसरा स्थान पर रहा। उपकृ?षि निदेशक डॉ. मुकुल तिवारी ने बताया कि ई-खसरा पड़ताल से किसानों की सही फसल और उसके नुकसान की जानकारी हो सकेगी। उन्हें अब समय पर फसल नुकसान का मुआवजा भी मिल सकेगा। सरकार का इस योजना को लाने का मुख्य उद्देश्य किसानों द्वारा की गई खेती एवं फसलों की सही जानकारी प्राप्त करना था। खसरा ऑनलाइन होने से अब शासन तक प्रत्येक खेत में बोई गई फसलों की जानकारी पहुंच गई है।

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने में विफल प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात

बीघापुर (उन्नाव)। बीघापुर तहसील क्षेत्र के प्रमुख मार्गो पर ई-रिक्शा वाहनों की अनियंत्रित गति एवं मानक से अधिक सवारियों को भरकर मनमाने ढंग से किराया वसूलने की दूषित प्रवृत्ति पर प्रशासन अंकुश लगा पाने में पूर्णतया विफल साबित हो चुका है।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के ऊंचगांव-लालकुँवा व बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर पिछले काफी अर्से से ई-रिक्शा वाहनों की भरमार है। इन प्रमुख मार्गो पर फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा वाहनों पर शासन प्रशासन तथा परिवहन विभाग का कोई प्रतिबंध नही है। जिसका खामियाजा गरीब क्षेत्रीय जनता को प्रतिदिन भुगतना पड़ रहा है। अधिकांश ई-रिक्शा वाहनों के चालक नाबालिग है। अधिक कमाई के चक्कर मे अनाप सनाप सवारियां भरकर दिनभर दौड़ लगाते है। प्रायः इनकी चपेट में आकर मार्ग दुर्घटनाएं भी हो रही है फिर भी प्रशासन मौन है। पिछले काफी अर्से से बिना परमिट व लाइसेंस धारी ई रिक्शा चालको का बक्सर, ऊंचगांव, धानीखेड़ा, बारा, टेढ़ा आदि चौराहों पर बोलबाला है। असीमित सवारियों को वाहन में भूसे की तरह ठूंस-ठूंस कर भरकर बिना



परमिट के अनियंत्रित गति से ई-रिक्शों की दौड़ का दैनिक चक्र जारी है। इन ई-रिक्शा वाहनों पर पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग के अब तक चलाये गए सारे अभियान पूर्ण रूप से फीके ही नजर आ रहे है। मार्ग दूर्घटनाओं में अनवरत इजाफा ही नजर आ रहा है।

संतकबीर विद्यापीठ स्नाकोत्तर महाविद्यालय में तीरंदाजी संघ का हुआ उद्धाटन-राकेश मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात

मगहर/संतकबीरनगर। संतकबीर स्नाकोत्तर महाविद्यालय मगहर के प्रांगण में तीरंदाजी संघ के जिलाध्यक्ष राकेश मिश्र के संयोजन में रविवार को संतकबीरनगर तीरंदाजी संघ का भव्य उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोरख प्रान्त रमेश जी के द्वारा फीता काटकर किया किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि संतकबीरनगर सांसद इंजीनियर परवीन निषाद ने तीर चलाकर कार्यक्रम आगे बढ़ा। इस दौरान मुख्यातिथि रमेश जी ने कहा कि तीरंदाजी भारत का पारम्परिक युद्ध कौशल रहा है। जिसके विभिन्न काल खंडों में अनेक दिव्य महापुरुषों ने अपना उचित योगदान प्रदान किया। चाहे प्रभु श्रीराम चाहे महाभारत के धनुष धारी अर्जुन हों। यह एक ओलम्पिक खेल के रूप में 8 अगस्त 1973 को विश्व स्तर पर स्थापित हुआ। इस खेल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। आज भारत द्वारा ओलंपिक में खेले जाने वाले छः खेलों में से एक है। इसपर भारत सरकार भी पूरा ध्यान दे रही है। यह खेल तीन प्रकार का होता है। पहला इंडियन राउंड, दूसरा रिकर्व राउंड और तीसरा कम्पाउंड राउंड होता है। कार्यक्रम संयोजक एवं तीरंदाजी संघ के जिलाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि इस खेल से युवाओं को जोड़कर उनकी प्रतिभा को तराशने का कार्य किया जायेगा। इस खेल से जुड़ पद्मश्री व अर्जुन अवार्ड पाने वाले लिम्बाराम, डोला बनर्जी, दीपिका कुमारी, तरुणदीप राय, सत्यदेव प्रसाद, कैलाश सिंह, योगेंद्र राणा, वेद कुमार आदि तमाम लोगों ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। आगे कहा कि तीरंदाजी सीखने वाले युवकों को संतकबीर विद्यापीठ स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण के साथ ही काशीराम जिला स्टेडियम खलीलाबाद में भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। हर सुविधा प्रदान की जाएगी। जिससे तीरंदाजी में युवकों के कौशल को निखार जा सके। पदम श्री एवं अर्जुन अवार्ड पाने वाले लिम्बाराम, डोला बनर्जी, दीपिका कुमारी, तरूण दीप राय, ध्यान चन्द्र अवार्ड सत्यदेव प्रसाद जो भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच भी है। विभिन्न खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन किए है। इस मौके पर सांसद इंजीनियर प्रवीण निषाद, उपाध्यक्ष डाक्टर रत्नेश कुमार मिश्र, सचिव त्रयम्बक उपाध्याय ,श्रीराम गुप्त, शिवनरायन बर्मा, विपुल कुमार मिश्र, राजेश गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेत्रीय सुनीता अग्रहरी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश प्रकाश मिश्र, अदील खान, राघवेन्द्र पाल आदि लोग उपस्थित थे।

जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती

● - कलेक्ट्रेट में एडीएम ने बाबा साहब के चित्र पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

● - हमारा संविधान भारत की आत्मा है, सवैधानिक दायरे में रहकर जनता की सेवा करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि-एडीएम

● - सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन में धूमधाम से मनाई गई डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीरनगर। भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयन्ती जनपद में बड़े धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी डा0 सुनील कुमार उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद अपर जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने बतौर संविधान समिति के अध्यक्ष संविधान बनाते समय समाज के हर वर्ग, हर तबके का ध्यान रखा। भारतीय संविधान में भारत के नगारिक को समान अधिकार मिले, इसके लिए कई देशों के संविधान को भी अपने देश के सविधान में लिया गया जिसका परिणाम है कि विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, भाषाओं आदि की विविधता के बावजूद हमारा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है। डा0 साहब की जयंती के अवसर पर सभी सरकारी दफ्तरों, तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर भी गोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। अपर जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे सब संवैधानिक दायरे में रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम जहां भी ,जिस भी पटल पर है वहां स्वयं को रखकर सोचें और हर जरूरतमंद की मदद करें तो निश्चित ही समाज की दशा और दिशा बदल जाएगी। इसी क्रम में भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती विकास भवन सभागार में बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार एवं विकास भवन के अन्य अधिकारियों ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने कहा कि भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर का योगदान बहुत है, कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो संवैधानिक व्यवस्था बनाई वह अपने आप में विशिष्ट है उनके द्वारा निर्मित संविधान को यदि गंभीरता से समझना है तो भारतीय संविधान के लागू होने से पहले की व्यवस्थाओं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि हम विविधताओं, विषमताओं, असमानताओं के बावजूद, इतने वर्षो से साथ बने हुए है तो इसका बहुत बड़ा कारण हमारा संविधान ही है। बाबा साहब के संविधान ने भारत को वह ऊँचाईयां दी है जिसके कारण आज भारत पूरे विश्व में एक अलग और मजबूत राष्ट्र के रूप में नजर आता है। जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी एन0आर0एल0एम0, जिशान रिजवी, पी0डी0 संजय नायक सहित समस्त अधिकारी ने कहा कि यदि हमें अपने दायित्व का बोध हो और हम उनका सम्यक निर्वहन निष्ठा के साथ करें तो निश्चित ही डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अधिकारी गणों द्वारा बताया गया कि हम सबकों मिल करके बाबा साहब के सपने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को साकार करने के प्रति काम करना चाहिए जिससे हमारे समाज का सर्वांगीण विकास हो। कार्यक्रम का संचालन एवं बाबा साहब के व्यक्तित्व का वर्णन जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चन्द्र, जिला अल्पसख्यंक कल्याण अधिकारी प्रवीण मिश्र, मुख्य कार्यपालक अधिकारी मत्स्य विजय मिश्र, प्र0 जिला युवा कल्याण अधिकारी आराधना द्विवेदी, ए0डी0 एस0टी0ओ0 रविन्द्र यादव, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, फांसी के फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव। रविवार दोपहर अमरसस निवासी रोहित विमल की 27 वर्षीय पत्नी पूनम का शव छत पर बने कमरे के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकता देख रोहित ने परिजनों को सूचित किया। रोहित बाहर से लौटकर घर आया तो पूनम उसे नहीं दिखी। ऊपर जाकर बेड रूम में उसे ढूढ़ने पहुंचा था। जहां छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे पत्नी का शव लटका देख नीचे बैठी मां सुमिता को बुलाया। शोर गुल सुनकर दरवाजे भीड़ इकठ्ठा हो गयी। एसओ संजीव कुमार, सीओ माया राय व नायब तहसीलदार यसवंत सिंह मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान कमरे की कुंडी टूटी पड़ी मिली। साथ ही कमरे में टूटा मोबाइल व टूटी चूड़ियां भी मिली। मृतका के भाई राजेश व मां राजेश्वरी ने रो रोकर दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों पर मारपीट करने व हत्या करने का आरोप लगाया है। पूनम की शादी 29 फरवरी 2020 को हुई थी। दो बहन एक भाई में सबसे छोटी थी शादी के चार साल के दौरान कोई सन्तान नहीं थी। पति रोहित कुबैत में नौकरी करता है 15 फरवरी को आया था।

मतदान करने जाएंगे, उन्नाव को सशक्त बनाएंगे

नवाबगंज (उन्नाव)। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिलाधिकारी ध्जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा जनपद का स्वीप आइकॉन बनाए जाने के क्रम में प्रथम बार वोट देने जा रहे मतदाताओं तथा उनके माता-पिता से संपर्क किया गया गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर सभी मतदाताओं की मेहनत को सफल बनाने का प्रयास किया और उन सभी से निवेदन किया कि जनपद के मतदान का प्रतिशत इस बार रिकॉर्ड तोड़ हो जाए। स्नेहल पांडे ने लालपुर, सोहरमऊ, तकिया, सतगुरु खेड़ा मिर्जापुर, मडियामऊ जैसे गांव में जाकर इस मुहिम को गति प्रदान की तथा मतदाताओं को जागरूक किया।

मधुमक्खियों के हमले से तीन घायल

उन्नाव। पुरवा क्षेत्र के गांव भूखनखेड़ा निवासी आशाराम अपनी बहन गोपिका को बाइक से सीएचसी दवा लेने गया था। जहां से वापस घर जा रहा था। भूखनखेड़ा के पास अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से जान बचाने के लिए दोनों बगल में बने तालाब में पानी में कूद गए। जिसके बाद जान बच सकी। वहीं साईकिल से जा रहे क्षेत्र के असेहरु गांव निवासी रज्जनलाल पर भी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। आसपास के लोगो ने किसी तरह मधुमक्खियों को भगाया। ग्रामीणों ने तीनो घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा हैं।

इंग्लिश स्पीच कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन

बांगरमऊ (उन्नाव)। क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आर एस पब्लिक स्कूल में रविवार को इंग्लिश स्पीच कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में तर्क शक्ति विकसित करना है। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कॉम्पिटिशन में विभिन्न ग्रुप्स के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता अंतर्गत छात्र छात्राओं ने ष्माई स्कूल माई प्राइडष् विषय पर अपने विचार व्यक्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधक श्री अहमद ने कहा कि बच्चों में तर्क शक्ति और वक्तव्य की क्षमता विकसित करने हेतु समय समय पर ऐसे आयोजन अति आवश्यक हैं। इसके अलावा बच्चों में विषय प्रस्तुतीकरण के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक श्री अहमद ने सीनियर विंग से रोनित कटियार, प्रतीक पटेल, अन्वी गुप्ता, अंशिका, माही पटेल, अस्मित कटियार, अक्षरा गुप्ता, फलक आदि छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की शिक्षिका शुभी पांडेय ने किया। आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई, रुचि पांडेय, शिखा एवं कॉर्डिनेटर आमिर सहित सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

बाबा साहेब की 133वीं जयंती पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

बांगरमऊ (उन्नाव)। स्थानीय डॉ अंबेडकर योजना समिति द्वारा रविवार को नगर के मोहल्ला प्रेम गंज स्टेशन मार्ग से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में करीब एक सैकड़ा वाहनों के साथ हजारों महिला और पुरुष शामिल हुए। शोभायात्रा उन्नाव हरदोई मार्ग से इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से मुड़कर नौनिहाल गंज बाजार होते हुए बिल्हौर बाईपास मार्ग तिराहा स्थित आलवक बुद्ध विहार में समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल वाहनों पर बाबासाहेब, ज्योतिबाफुले, राजा चंवर सेन, महात्मा बुद्ध, रामा सामी पेरियार व मान्यवर कांशीराम आदि महापुरुषों के चित्र लगे थे। साथ ही वाहनों के दोनों तरफबाबासाहेब आंबेडकर की शिक्षाएं शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो आदि के अलावा शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पिएगा वहीं दहाड़ेगा जैसे अनेक नारे लिखे हुए थे। तहसील प्रशासन द्वारा शोभायात्रा की सुरक्षा हेतु भारी पुलिस बल सहित राजस्व कर्मियों को भी तैनात किया गया। शोभायात्रा में आयोजक सुनील गौतम सभासद, राजेन्द्र प्रसाद गौतम, करुणा शंकर, आकाश गौतम, अंकुर गौतम व अंकित गौतम के अलावा सभासदों में आशीष, वीरपाल, पप्पू कुशवाहा व आफाक अहमद सहित सोहन आंबेडकर, अतुल, राजा, देवेश, सूरज, अनुराग, मोहित, आकाश, अभिषेक व सुमित आदि हजारों महिला व पुरुष शामिल हुए।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व ऋय ध् विक्रय की रोकथाम हेतू चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त गोरख निषाद पुत्र रेनई निषाद निवासी कुसौना खुर्द थाना मेंहदावल को ग्राम जब्बार के पास से 650 ग्राम अवैध गांजा के साथ सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का अक्षरः पालन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वालो में दरोगा अवधेश कुमार सिंह, दीवान मैनेजर प्रसाद, सिपाही भूपेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग कुमार सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

देह व्यापार अड्डे पर पुलिस का छापा तीन महिलाए समेत पॉच गिरफ्तार

गिरफ्तार महिला पुरूष देवरिया, बस्ती, आजमगढ़ के निकले निवासी

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व ऋय/विक्रय की रोकथाम हेतू चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रामकृपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान तीन अभियुक्ता , आशा सिंह उर्फदुर्गावती पत्नी नर्वदेश्वर निवासी पथरदेवा थाना तरकुलवा जनपद देवरिया, अंजली यादव पत्नी राजेश यादव निवासी फूलसराय खैरुद्दीनपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़, बेबी पत्नी दिलीप निवासी बभनान भटहा जंगल थाना गौर जनपद बस्ती व दो अभियुक्त, रिंकू गुप्ता पुत्र लालजी गुप्ता निवासी गढ़गोरिया थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती, श्याम प्रकाश चौरसिया पुत्र बाबूलाल चौरसिया निवासी बेलवाडाड़ी थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती को इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प काँटे के पास स्थित ढाबे से संदिग्ध अवस्था में 08 पैकेट कण्डोम, 02 अदद एण्ड्रायड फोन व 1700 रु0 नकद के साथ सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का अक्षरः पालन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया गया। पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 311/2024 धारा 3/4/5/7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956(सिट अधिनियम पुनर्निर्मित) थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा बरामदगी में 08 पैकेट कण्डोम, 02 अदद एण्ड्रायड फोन व 1700 रु0 नकद प्राप्त हुआ। गिरफ्तार करने वालो में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रामकृपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक ए0एच0टी0यू0 छोटेलाल, प्रभारी महिला थाना पूनम मौर्या, चौकी प्रभारी कांटे राकेश कुमार, दीवान दीनानाथ राजभर, राकेश कुमार गौड़, सिपाही दिलीप गौड़, अनूप यादव, कृष्णानन्द शाह, महिला सिपाही दुर्गावती खरवार, पूजा जायसवाल, अंजूलता की भूमिका सराहनीय रही।

संक्षिप्त ख़बरें

धूमधाम से मनाई गई डा0 बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती

बांदा। कचेहरी के अम्बेडकर पार्क का है जहां पर रविवार को भीमराव अम्बेडकर जी का 133 वां जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को सुबह से ही डा.बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा में फूल माला चढ़ाकर और पुष्पांजलि कर किया गया उनको याद व उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। शहर में निकाली गई विशाल बाइक रैली जुलूस जिसमें सैकड़ों की संख्या में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के हजारों अनुयाई व बहुजन सेवा संघ, संघमित्रा बौद्ध विहार, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा,व भारतीय बौद्ध महासभा बांदा ,भीम आर्मी,संत गाडगे समिति,आल शिक्षक कर्मचारी संघ, सहित अन्य बहुजन संगठन रहे। बाइक रैली जुलूस के दौरान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के अनुयाईयो ने जगह जगह स्टाल लगाकर फूल बरसाए व लोगो को जलपान आदि कराते नजर आए

बांदा के कचहरी चौराहे पर अंम्बेडकर पार्क में मनाया गया उनका बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर का जन्मोउत्सव कार्यक्रम रहे।

डा.अम्बेडकर के आदर्शों को हमे अपनाना चाहिएः आयुक्त

बांदा। डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा, बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय मे डा. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए तथा डा. अंबेडकर जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त श्री अनिल कुमार सिंह तथा आयुक्त कार्यालय के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे स डॉवभीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार बांदा में जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान को तैयार करने में अंबेडकर जी का अहम योगदान रहा है स डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह प्रसिद्ध दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद् थेस हमें उनके जीवन आदर्श से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रोटी बैंक सोसाइटी ने ग्रामीणों को बांटे कपड़े और बर्तन

बांदा। रविवार को भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर शेख़ सादी जमा के संरक्षण में, रिज़वान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद अज़हर महामंत्री बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में ग्राम प्रधान कैथ का पुरवा संजय त्रिपाठी के सहयोग से ग्राम कैथ का पुरवा के ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें,बर्तन आदि का वितरण किया गया।साथ ही तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा ग्राम कैथ का पुरवा के ग्रामीणों को90 मतदान के लिए तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी।ग्रामीणों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया।उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारी, सदस्य एवं शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग किया।मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, रिया खान महिला महामंत्री, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखण्डी नाका, राबिया खातून, अब्दुल शफ़ीक़ कल्लू, अलीमुददीन, महेंद्र पाल सदस्य आदि।

लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरलतब हो कि अभियुक्त द्वारा जिला पंचायत गेट नं0-01 के पास से एक लड़की से मोबाइल लूट की घटना को तथा नजरबाग सब्जी मंडी से एक मोटरसाइकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अलग-अलग अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना अभियुक्त को रोशन मैरिज हॉल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त के कब्जे से अलग-अलग घटनाओं में लूटा गया मोबाइल फोन व चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है ।

रिश्वत लेते लेखपाल पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। रिपोर्ट लगवाने के नाम पर 50 हजार रुपये घूस लेने के बाद भी हलका लेखपाल ने फर्जी रिपोर्ट बनाकर लगा दी। युवक ने जब अपने रुपये वापस मांगे, तो मारपीट की गई। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना गजरौला के गांव नकटिया निवासी रामचंद्रलाल ने बताया कि गांव में गाटा संख्या 197 पर उनका व उनके भाई कंठीलाल का खेत है। कई वर्ष पूर्व वहां पर सेलर लगाकर बाउंड्रीवॉल करा ली थी। गांव के प्रधान चुनावी रंजिश मानते हैं। इसके चलते प्रधान ने लेखपाल से फर्जी शिकायत कराई कि यह ग्राम समाज की जमीन है।मौके पर पहुंचे लेखपाल जितेंद्र कुमार कश्यप ने धमकाते हुए मकान पर बुलडोजर चलवाने की बात कही। रिपोर्ट लगवाने के नाम पर 50 हजार रुपये सुविधा शुल्क के रूप में मांगे। बने हुए मकान का निर्माण न टूटे, इसके लिए उन्होंने अपने भतीजे अशोक कुमार वर्मा के साथ लेखपाल के साथी आमान को 25 अक्तूबर 2022 को 25 हजार रुपये और तीन दिसंबर को 20 हजार व थाना दिवस पर पांच हजार रुपये दिए। इसके साक्ष्य भी पीड़ित के पास मौजूद हैं। इसके बाद भी हलका लेखपाल ने गलत रिपोर्ट लगाई। जब उन्होंने तहसील पहुंचकर अपने रुपये वापस मांगे, तो लेखपाल ने हाथापाई शुरू कर दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर लेखपाल जितेंद्र कुमार कश्यप और उसके साथी आमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है.

रिछा पालिका अध्यक्ष के पति ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता प्रत्याशी ने कियास्वागत

●भाजपा में शामिल होने पर भाजपा पत्याशी जितिन प्रसाद ने चेयरमैन का किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/बहेड़ी। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रके रिछा नगर पंचायत अध्यक्ष कैंसर जहां के पति तनवीर अहमद काला बच्चा भाजपा में शामिल हो गए। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा प्रत्याशी जितन प्रसाद ने भाजपा पार्टी में शामिल कराया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र रिछा नगर पंचायत अध्यक्ष कैंसर जहां के पति तनवीर अहमद उर्फ काला बच्चा अब भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें पीलीभीत - बहेड़ी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी जितन प्रसाद ने पीलीभीत में अपने आवास पर भाजपा में शामिल कराया।

काला बच्चा, क्षेत्र के मुस्लिम मतदाताओं पर असर रखते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि मतदान से मात्र कुछ दिन पूर्व काला बच्चा के भाजपा में शामिल होने का भाजपा को लाभ मिलेगा। काला बच्चा की रिछा नगर पंचायत में मुस्लिम वोटरों पर बहुत अच्छी पकड़ है उम्मीद है कि भाजपा को इससे फायदा मिलेगा। नहीं बहेड़ी के मौजूदा विधायक अतौरहमान भी रिछा नगर पंचायत से ताल्लुक रखते हैं अब देखना यह है कि काला बच्चा रिछा से भाजपा को कितना समर्थन बहुमत दिला पाते हैं।

रेलवे किरासिग के पास संदिग्ध हालात में पड़ा मिला युवक का शव

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। सुबह घर से निकले युवक का शव रेलवे किरासिग के करीब संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साई धाम कॉलोनी के रहने वाले सुरेश ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करते हैं। उनका पुत्र रामसेवक (30) वर्ष भी मेहनत-मजदूरी कर अपना घर चलाता है। रामसेवक की चार साल पूर्व मुरादाबाद की रहने वाली खुशबू से शादी हुई थी। बताते हैं कि शादी के बाद से ही दोनों में अनबन रहने लगी। करीब एक वर्ष पहले उसकी पत्नी मायके मुरादाबाद चली गई थी। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे रामसेवक घर से निकला था। शाम करीब पांच बजे राहगीरों ने बिलगवां रेलवे क्रॉसिंग फाटक के पास उसका शव पड़ा देखा। लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पिता ने बताया कि उनका पुत्र सुबह पीली टी-शर्ट व जूते पहनकर निकला था। उसके जूते पैरों में नहीं थे। आंखों से खून भी निकल रहा था। पेट व शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटों के निशान थे।

हालांकि परिजनों ने किसी से रंजिश होने की बात से इन्कार किया है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सिख़ समाज ने शाल ओढ़ाकर किया सपा प्रत्याशी भगवत का स्वागत दिया समर्थन

लगातार बढ़ रहा सपा का कारवा सपा प्रत्याशी ने कहा सभी का मिल रहा समर्थन

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत/अमरिया- आज समाजवादी पार्टी के पीलीभीत लोकसभा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने सदर विधानसभा क्षेत्र के अमरिया के बढ़ेपुरा ग्रीन लैंड शादी हाल मे कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित किया जिसमे उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा सम्मेलन के बाद उन्होंने दर्जनो ग्रामो जिनमे करगैना पीरा, करगैना करगैनी, सुकटिया, ढेरम, सरेनी तिरकुनिया, हरायपुर में जनसंपर्क किया और आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा की किसान विरोधी और किसानो की हत्यारी भाजपा सरकार किस मुँह से जनता के बीच जाएगी कई जगह से भाजपा प्रत्याशियों को दौड़ाने तक की खबरें सामने आ रही है यही हाल पीलीभीत के भाजपा प्रत्याशी का जो पहले ही हार मान चुके है इस बार का चुनाव जनता लड़ रही और वह भाजपा के लोगो की जमानत जब्त कराकर उसके साथ हुई अराजकता का बदला लेगी उन्होंने बसपा को बी.टीम बताया इसके अतिरिक्त कार्यक्रम मे पहुंचे किसान नेता तेजिंदर सिंह विर्क ने भी अपने सम्बोधन मे कहा की आज समय आया है इन किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेकने का हम सब को अपने किसानो की शहादत का बदला इस सरकार को बदल कर लेना चाहिये यही उनके प्रति सच्ची श्रधाजली होगी उन्होंने कहा की किसानो के ऊपर कार चढ़ाने वाले के पिता को आज भी भाजपा ने मंत्री बनाकर रखा है जो की किसानो का घोर अपमान है उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार को जिताने की अपील की इस अवसर पर अन्त मे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओ का और जनता का अभिवादन किया तथा सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव जी, श्री युसूफ कादरी जी, श्री नफीस अहमद अंसारी जी, श्री गुर्जर सिंह जी किसान नेता, श्री कुलदीप सिंह भूल्लर जी , श्री विवेक जी, श्री बलराम सागर जी, श्री राजकुमार राजू जी, श्री रूपराम जी, श्री अमर सिंह जी, श्री गुपेंद्र सिंह जी, श्री तेजेंद्र सिंह जी, श्री पलविंद्र सिंह जी, श्री कुलवंत सिंह जी, श्री नवाब सिंह जी, श्री भूरा भाई जी , श्री महाराज सिंह जी, श्री संजीव कुमार जी, श्री शंकर लाल जी, श्री राम प्रसाद राठौर जी, श्री राम कैलाश पाण्डेय जी, श्री रामचंद्र शर्मा जी, श्री अमित राठौर जी, श्री अकील अहमद जी, श्री मेहंदी रजा जी, श्री बंधु, श्री आकिल जी, श्री फरहान अली, श्री दानिश जी एवं श्री कालीचरण जी समेत इंडिया गठबंधन के सभी पार्टी पदाधिकारीगण, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अफसरों की मिली भगत से अलीगढ़ में फैला अवैध कालोनियों का जाल

●अवैध कालोनियों का कारोबार; न नक्शा, न लेआउट, जिधर चाहा बना दी कालोनी,जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। जिले में बिल्डर और प्रापर्टी डीलर बिना नक्शा और ले आउट पास कराए ही कालोनी काट रहे हैं। विभागीय अभियंताओं की मिलीभगत के चलते हर महीने विकास प्राधिकरण को लाखों रुपये के राजस्व की चपत लग रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार मौन हैं। अफसरों की मिली भगत से अलीगढ़ में फैला अवैध कालोनियों का जाल, निर्माण के बाद जगता है सरकारी तंत्र शहर के चारों तरफ अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैला है। अफसरों की मिलीभगत से दशकों से यह खेल चल रहा है। अब शासन स्तर से प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित सभी अवैध कालोनियों के सर्वे के आदेश हुए हैं। अभियंताओं की टीम इसकी सूची तैयार कर रही है।

निर्माण के बाद जगता है सरकारी तंत्र

शहर के चारों तरफ अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैला है। अफसरों की मिलीभगत से दशकों से यह खेल चल रहा है। अब शासन स्तर से प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित सभी अवैध कालोनियों के सर्वे के आदेश हुए हैं। अभियंताओं की टीम इसकी सूची तैयार कर रही है। 300 के करीब कालोनियां चिह्नित हो चुकी हैं। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) से अब तक महज 53 कालोनियां ही स्वीकृत हैं। इनमें आधा दर्जन कालोनियां एडीए की विकसित हैं। अहम बात यह है कि अवैध कालोनी के निर्माण के बाद ही सरकारी तंत्र जगता है।

शहर में सुनियोजित विकास की जिम्मेदारी एडीए की है। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा महायोजना तैयार की जाती है। फिलहाल महायोजना 2021 संचालित है। प्राधिकरण इसी के हिसाब से शहर में नक्शे पास करता है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति से राजस्व जमा कराया जाता है। इस राशि से शहर में विकास कार्य होते हैं। लेकिन, दशकों से शहर में बेतरतीब तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में अवैध कालोनियों से शहर जकड़ चुका है। वहां बुनियादी सुविधाओं के लिए जरूरी संसाधन तक नहीं हैं। एडीए से बिना ले आउट और नक्शा पास कराए ही कालोनियां बनती चली जा रही हैं।

25 किमी क्षेत्र में 80 से अधिक कालोनियां

खैर से 10 किमी आगे निकलकर सोफा गांव पड़ता है। यहां से लेकर टप्पल तक की दूरी करीब 25 किमी है। इस मार्ग में सड़क के दोनों ओर तेजी से अवैध कालेनियां बन रही हैं। प्रापर्टी के काम से जुड़े एक व्यक्ति के अनुसार 25 किमी लंबे इस मार्ग पर करीब 80 अवैध कालोनियां हैं। नोएडा व एनसीआर की कई निजी कंपनियां भी यहां आकर कालोनी काट रही हैं। इसमें कुछ क्षेत्र यमुना विकास प्राधिकरण के दायरे में भी आता है लेकिन वहां भी हाल एडीए की तरह ही है। लेन-देन के फेर में पूरा काम चल रहा है।

एक एकड़ में 50 लाख का नुकसान

अवैध कालोनियों से एडीए को भी राजस्व की मोटी चपत लगती है। जानकारों के मुताबिक एक एकड़ जमीन पर आवासीय कालोनी का ले आउट पास कराने पर करीब 50 लाख की धनराशि खर्च होती है, लेकिन बिल्डर आउट पास न कराकर इस पूरी धनराशि को बचा लेते हैं। इसी के चलते वह सस्ते दामों में प्लाट की बिक्री करते हैं। वहीं, ले आउट पास कराने वाले बिल्डरों को इनके चलते नुकसान होता है।

जिम्मेदार करते हैं खानापूर्ति

इन अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर एडीए के अफसर और अभियंता केवल खानापूर्ति करते हैं। अधिकतर कालोनियों के खिलाफ केवल नोटिस की कार्रवाई होती है और उसके बाद लेन-देन के खेल से फाइल गायब हो जाती हैं। फिलहाल खैर क्षेत्र में अवैध कालोनियां के लिए अवर अभियंता यासीन, सहायक अभियंता वेद प्रकाश सिंह और प्रभारी सचिव अंजुम बी जिम्मेदारी हैं।

सरकारी जमीनों पर भी प्लाटिंग

विकास प्राधिकरण से कालोनी का ले आउट पास कराने के लिए तहसील की एनओसी लेना अनिवार्य होता है लेकिन, कुछ लोग राजस्व विभाग की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर ही कालोनी काटकर प्लाटिंग कर रहे हैं। इसी के चलते यह ले आउट पास नहीं कराते हैं। इन्हें पता है कि सरकारी जमीन पर ले आउट जारी कराना संभव ही नहीं है। ऐसे में यह ऐसे ही प्लाट काटते रहते हैं।

इनका कहना है...

उपाध्यक्ष अपूर्वा दुबे अलीगढ़ विकास प्राधिकरण का कहना है कि अवैध कालोनियों को लेकर विकास प्राधिकरण बेहद सख्त है। अब निकाय चुनाव के बाद खैर रोड पर तेजी से विकसित हो रहीं अवैध कालोनियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। जिम्मेदार अभियंताओं से भी जवाब तलब होगा।

वक्त की मार झेल रहे प्रतिभाशाली को नहीं मिल रहा कार्य।

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/वक्त किमर को झेल रहे नाम चीन वाले शहर बरेली में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जो किसी भी परिचय के मोहताज नहीं परंतु समय ने ऐसा मारा जिन्हें अपना गुजारा करना भी मुमकिन नहीं हो पा रहा वह कोई और व्यक्ति नहीं बरेली जनपद के बाल जती कुवा सर्वोदय स्कूल की गली में निवास करने वाले राकेश सक्सेना है।

जिनकी योग्यता और विवेकशीलता एक अलग पहचान रखती है इसके आगे एक इंजीनियर भी इतनी जल्दी कार्य नहीं कर सकता ऐसा लोगों का मानना है प्लांट पर आवास बनाने के लिए वह बहुत जल्द मानचित्र बनाकर सौंप देते हैं साथ ही उनके बनाए गए मानचित्र नक्शा नजरी को आज तक किसी भी इंजीनियर ने अवीकृत नहीं किया है । परंतु वक्त की मार ऐसी पड़ी के इतनी गुणवत्ता होने के बाद भी राकेश सक्सेना को कार्य नहीं मिल पा रहा है जिसके पश्चाताप में भी संसहय में रहते हैं यदि उनको लोग गुड वक्ता के अनुसार लोग उनकी योग्यता का लाभ उठाएं तो भवन निर्माण करने वालों को कम दामों में मकान का मानचित्र प्राप्त होगा । और इनका भी गुजारा भत्ता आराम से होता रहेगा जिसके लिए वह केवल वक्त को ही दोषी मानकर अपने घर में सुनसान बैठे रहते हैं जब कोई व्यक्ति आ जाता है तो उसका मानचित्र बनाने के बाद इस पैसे से अपना

पेट पलते हैं एक कुशल योग होने के बाद भी उनकी योग्यता का लोग लाभ नहीं ले पा रहे हैं.

बिना रवन्ना प्रपत्र के ओवरलोड ट्रकों की निकासी पर तीन ट्रक सीज

●100/2 खदान में बिना रवन्ना प्रपत्र के निकलते हैं ट्रक

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। खप्टिहाकला स्थित 100/2 खदान में हिस्ट्रीशीटर के द्वारा असलहे के दम पर निकल जाते हैं बिना रवन्ना प्रपत्र के ट्रक 100/2 खदान में इस समय ओवरलोड मोरंग से भरकर बिना रवन्ना प्रपत्र चार दर्जन से अधिक ट्रैकों को निकला जाता है। जसपुरा कस्बे चौराहा से होकर निकलते हैं रात दिन ट्रक जिससे होती है आए दिन दुर्घटना जालौन जनपद के कई थानों में कई मामले में आरोपी है। कल्याण सिंह जिसके द्वारा अवैध असलहो के साथ लोकेशन देकर निकल जाते हैं ट्रक इस समय ओवरलोड मोरंग से भरकर बिना रवन्ना प्रपत्र के दिन रात निकल कर राजस्व का लाखों रुपए का चूना प्रतिदिन लगाया जाता है,जब भी तहसील प्रशासन उक्त खदान पर बिना रवन्ना प्रपत्र को लेकर ट्रकों की जांच करता है तो जांच के दौरान बिना रवन्ना प्रपत्र के ओवरलोड ट्रकों का संचालन किया जा रहा है। वहीं बीती रात एस डी एम पैलानी शशिभूषण मिश्र के निर्देश पर नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश व नायब तहसीलदार पैलानी मुहम्मद मुस्तकीम व जसपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में तीन ओवरलोड ट्रकों के ड्राइवरों ने प्रशासन को देखकर ट्रक छोड़कर भाग खड़े हुए वही उन ट्रकों को जसपुरा थाना में लाकर सीज कर खड़ा कर दिया गया है। तहसीलदार पैलानी विकास पाण्डेय ने बताया कि ग्राम प्रधान खप्टिहाकला मैना देवी निषाद की शिकायत पर छापा मारा गया और ट्रकों पर खनिज, राजस्व,परिवहन व सेल्टैक्स की कार्रवाई कर सीज किया गया है। वहीं एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्र ने बताया कि लगातार दो माह से बिना रवन्ना प्रपत्र को ओवरलोड ट्रकों की निकासी सौ बटा दो खदान से की जा रही है, फटकार व कारवाई के बावजूद बिना रवन्ना प्रपत्र के ओवरलोड ट्रकों की निकासी की जा रही है। यदि ऐसा ही होता रहा तो जल्द बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अंबेडकर जयंती पर्व के रूप में धूमधाम से मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात

जसपुरा/बाँदा। ब्लाक जसपुरा के अंतर्गत ग्राम गड़रिया के अंबेडकर पार्क में बाबा साहब के स्टेच्यू में सबसे पहले भीमराव अंबेडकर सेवा समित के अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा ने माला डालकर फूल अर्पित किये वही से अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम कि शुरुवात की गई इसके बाद कार्य कार्क्रम की शुरुआत एडवोकेट अशोक कुमार वर्मा ने डॉ भीमराव अंबेडकर साहब के विषय मे बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर महान समाज सुधारक एव भारतीय बहुज्ञ विधि वेता, अर्थशास्त्री,राजनीतिग् एव समाज सुधारक थे वही तोप सिंह ने बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर राष्ट्र की एकता एव अखंडता को सदैव सर्वोपरी रखा है और बाबा साहब अंबेडकर की जयंती भारत मे ही नही पूरे विश्व मे मनाई जाती हैं उन्होंने दवे कुचले गरीब वंचित लोगो को उठाने का काम किया है। स्वतन्त्र भारत के प्रथम कानून मंत्री थे वही कार्क्रम में बच्चो को कापियां भी वितरण किया गया। वही कस्बा जसपुरा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसपुरा की वार्डेन पूनम गुप्ता ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र में पुष्प अर्पित कर बच्चो को बाबा साहब के विषय मे प्रकाश डाला और वार्डेन ने बच्चियौ को फल ,मीठा वितरण किये वही पी जे एस विद्यालय के प्रधानाचार्य जयनारायण सिंह ने भी बाबा साहब के चित्र में फूल अर्पित कर उनके बताए गए मार्गो पर चलने को संकेत दिए कार्क्रम में उपस्थित दुर्गेश वर्मा,संतराम बालमीक, पुत्तन गौतम, अनिल, अंकुश, सुनील, रामचंद्र, अवधेश, नवल प्रजापति, विनोद, सुनील वर्मा सभाजीत यादव, विजय, गंगाराम, चंद्रपाल, छेद्दू वर्मा, शिवा वर्मा, संदीप , अमरप्रसाद आदि उवस्थित रहे। इस तरह से क्षेत्र में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती धूम धाम से मनाई गई है।

16 अप्रैल को लगेगा निःशुल्क नेत्र शिविर

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। अयोध्यावासी समाज के गौरव स्व. कल्लूराम गुप्ता की पुण्य तिथि पर 16 अप्रैल 24 को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कान्हा कुंज मैरिज लान के संस्थापक सुरेश कान्हा , शंकर बाबू गुप्ता द्वारा कान्हा कुंज लाज में किया जा रहा है सुरेश कान्हा ने बताया की अपनी पिता की पुण्य तिथि पर सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सहमति से सदगुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय के डा. पंकज गुप्ता व उनकी पूरी टीम के सहयोग से 16 अप्रैल को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है । कान्हा ने बताया की मरीजों का परीक्षण व उपचार मुहैया कराया जायेगा । सुरेश कान्हा और शंकर बाबू गुप्ता ने बांदा जनपद के सभी नेत्र से संबंधित मरीज 16 अप्रैल 24 को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक नेत्र परीक्षण कराने हेतु इच्छुक लोग अपना आधार कार्ड की फोटो कापी लेकर लोहिया पुल बांदा के पास स्थित कान्हा कुंज में समय पर पहुंचने की अपील की है।

संक्षिप्त ख़बरें

बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

अदलहाट, मीरजापुर। क्षेत्र के ग्राम सभा रैपुरिया में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करते हुए भारतीय जनता पार्टी नरायनपुर मंडल के उपाध्यक्ष मिथिलेश पाठक ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर हम सभी लोगों को चलना चाहिए बाबा साहब ने सभी देशवासियों को संविधान के माध्यम से एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ के मंडल प्रभारी पंडित प्रमोद गोस्वामी ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब का योगदान और समाज सुधारक के रूप में उनकी भूमिका विशेष रही है । मंडल अध्यक्ष डॉ विजय सिंह ने भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व व विचारों पर प्रकाश डाला । उक्त? अवसर पर अपना दल विधानसभा अध्यक्ष धनंजय सिंह, मण्डल अध्यक्ष कैलहट सर्वेश पटेल, संतोष चौरसिया, शिव जयसवाल, तौकीर अहमद, आशुतोष दुबे, बालेन्द्र प्रसाद, राम सुरत सिंह, एडवोकेट मुकेश पटेल, महिला मोर्चा जिला मंत्री पार्वती मौर्य, अश्वनी उपाध्याय, आशीष सिंह,सहित तमाम जनमानस उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती

ड्रमण्डगंज। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। क्षेत्र के गलरा ग्राम पंचायत भवन पर पूर्व प्रधान अरूण मिश्र के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अरूण मिश्र ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने आजीवन देश के दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। दलितों और पिछड़ों को उनका हक दिलाने में उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।क्षेत्र के पटेहरा गांव में पूर्व विधायक सूर्य भान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीजे और गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा यात्रा निकाली। शोभायात्रा पटेहरा से प्रारंभ होकर रतेहचौराहा सेमरा कलां होते हुए ड्रमंडगंज बाजार में समाप्त हुई।ड्रमंडगंज में प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता ने ग्रामीणों संग डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसी तरह क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों व सरकारी कार्यालयों में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

डॉ अम्बेडकर के 133वीं जंयती के अवसर पर मण्डलायुक्त ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



मीरजापुर। रविवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के 133वीं जंयती के अवसर पर आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी। आयुक्त कार्यालय सभागार में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, तथा उनके व्यक्तित्व, कृतित्व के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया। संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय में संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र द्वारा डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर मण्डलीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

स्वास्थ्य हमारे जीवन का अनमोल रत्न है - रवि सरोज- ग्राम प्रधानपति जखांव

● पूरे भदोही को स्वस्थ करना हमारा लक्ष्य -अताउल अंसारी - अध्यक्ष भदोही साइकिलिंग क्लब

स्वतंत्र प्रभात

भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक सप्ताह की तरह इस रविवार भी सुबह भोर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज से साइकिल यात्रा निकाली गयी। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस एस यादव और डॉ आशुतोष यादव ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। लोगों को जागरूक करते हुए सभी लोग शहीद तिराहा, कांजी हाउस, जोहरपुर होते हुए ननवकपुर पहुंचे। वहां पहुँचने पर जखांव के ग्राम प्रधानपति रवि सरोज भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे और सभी साइकिल चालकों का माला पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया और कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन का अनमोल रत्न है, आप स्वस्थ हैं तो असंभव काम को भी संभव कर सकते हैं।

प्रधानपति ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर ननवकपुर, मेन जखांव, रामबकशपुर, घुरीपुर, नवलपुर का भ्रमण करते हुए हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को सुबह उठने, योग, व्यायाम करने, साइकिल चलाने के फ़ायदे के बारे में जागरूक करते हुए ननवकपुर में इसका समापन हुआ ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा कई प्रदेश में पहुचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है। साइकिल यात्रा में अताउल अंसारी, डॉ एस एस यादव, डॉ आशुतोष यादव, रमा शंकर मौर्या, प्रमोद मौर्या, राजीव जायसवाल, अनिल बिन्द, प्रदीप बिंद, फरहान अंसारी, फिरोज अंसारी, अजय बिंद, प्रवीण सिंह टंडन, भरथरी बिंद, राजकुमार, जगदीश, गोरख सरोज, जय शंकर सरोज, अरविंद सरोज समेत आदि रहे।

इस बार नहीं होगा सेल्हा मिया का मेला, पुलिस की रिपोर्ट के बाद नहीं दी अनुमति

स्वतंत्र प्रभात

तहसील कलीनगर का मेला इस बार नहीं होगा। पुलिस ने नई परंपरा से मेला होने, कमेटी का विवाद न्यायालय में विचाराधीन होने आदि की जानकारी रिपोर्ट में दी है। जिसके बाद मेला आयोजन को स्वीकृति नहीं दी गई। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव सेल्हा में होली के बाद लगने वाले मेले में खासी भीड़ रहती है। इस बार होली के बाद मेला नहीं कराया गया। हालांकि मेला प्रबंधक अब्दुल खलीक खां ने मेला कराने के लिए 29 मार्च से दो अप्रैल तक की अनुमति का आवेदन कलीनगर एसडीएम कार्यालय में दिया तो कमेटी के सदर अकीलुर्रहमान ने 26 से 30 अप्रैल तक मेला कराने का आवेदन किया। दो लोगों की ओर से अलग-अलग तिथियों में मेला कराने के आवेदन पर एसडीएम कलीनगर ने पुलिस से रिपोर्ट तलब की। एसओ माधोटांडा, सीओ पूरनपुर ने नई परंपरा के आधार पर मेला कराने, एक ही आयोजन को अलग-अलग दो लोगों की ओर से और अलग-अलग तिथियों में कराने के लिए आवेदन करने, पूर्व में मेला आयोजन के संबंध में धन गबन को लेकर रिपोर्ट दर्ज होने और मामला कोर्ट में विचाराधीन होने पर मेले की अनुमति नहीं देने की संस्तुति की। इस पर एसडीएम ने आवेदनों को निरस्त कर दिया। सेल्हा का मेला होली के बाद पड़ने वाले शुक्रवार से शुरू होता है। इसका हवाला त्योहार रजिस्टर में अंकित है। तब मेला न कराकर इस बार आयोजन को नई परंपरा डालने की कोशिश गई। इसके अलावा मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण मेले की अनुमति नहीं दी गई है।

जनपद में धूमधाम व हर्षोउल्लास से मनाई गई भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती

● जिलाधिकारी ने डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जनपदवासियों को दी बधाई व शुभकामना

डीएम ने जनपद के सभी मतदाताओं से संविधान प्रदत्त मताधिकार का 25 मई को अवश्य वोट करने की अपील

हमारा संविधान भारत की आत्मा है, संवैधानिक दायरे में रहकर जनता की सेवा करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि-पुलिस अधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 14 अप्रैल 2024/ भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती जनपद में बड़े धूमधाम व हर्षोउल्लास से मनाई गई। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विशाल सिंह ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर जनपद वासियों को बधाई व शुभकामना दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकरी कुंवर वीरेंद्र मौर्य,उप जिलाधिकारी श्याम मणि त्रिपाठी, सहायक खाद्य आयुक्त चंदन पांडेय आदि उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट में आयोजित डॉ भीमराव अम्बेडकर-व्यक्तित्व व कृतित्व कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने बतौर संविधान समिति के अध्यक्ष संविधान बनाते समय समाज के हर वर्ग, हर तबके का ध्यान रखा। भारतीय संविधान में भारत के नगारिक को समान अधिकार मिले, इसके लिए कई देशों के संविधान को भी अपने देश के सविधान में लिया गया, जिसका परिणाम है कि विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, भाषाओं आदि की विविधता के बावजूद हमारा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील किया कि संविधान प्रदत्त मताधिकार का 25 मई को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाते हुए अपने कर्तव्यों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बने। पुलिस अधीक्षक डा0 मीनाक्षी कात्यान ने डॉ भीम शराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारियों-कर्मियों से कहा कि वे सब संवैधानिक दायरे में रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम जहां भी ,जिस भी पटल पर है वहां स्वयं को रखकर सोचें और हर जरूरतमंद की मदद करें तो निश्चित ही समाज की दशा और दिशा बदल जाएगी। इसी क्रम में भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती विकास भवन सभागार में बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश व विकास भवन के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर का योगदान बहुत है, कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो संवैधानिक व्यवस्था बनाई वह अपने आप में विशिष्ट है उनके द्वारा निर्मित संविधान को यदि गंभीरता से समझना है तो भारतीय संविधान के लागू होने से पहले की व्यवस्थाओं को समझना होगा।

जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश ने कहा कि हम विविधताओं, विषमताओं, असमानताओं के बावजूद, इतने वर्षों से साथ बने हुए है तो इसका बहुत बड़ा कारण हमारा संविधान ही है। बाबा साहब के संविधान ने भारत को वह ऊँचाईयां दी है जिसके कारण आज भारत पूरे विश्व में एक अलग और मजबूत राष्ट्र के रूप में नजर आता है। कार्यालय,जिला विद्यालय निरीक्षक पर डा अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विकायल भारती ने कहा कि यदि हमें अपने दायित्व का बोध हो और हम उनका सम्यक निर्वहन निष्ठा के साथ करें तो निश्चित ही डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अन्य अधिकारी गणों द्वारा बताया गया कि हम सबकों मिल करके बाबा साहब के सपने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को साकार करने के प्रति काम करना चाहिए जिससे हमारे समाज का सर्वांगीण विकास हो। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर जनपद के समस्त कार्यालयों ,तहसील, विकास खंडों, संस्थाओं, प्रतिष्ठानों, ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित करते हुए उनके विचारों, सिद्धांतों, शिक्षाओं, पर बल दिया गया. जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित.

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नगर के लोगो से किया शिष्टाचार भेंट

स्वतंत्र प्रभात

चुनार। केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को नगर में पहुंचकर लोगो से जनसंपर्क कर शिष्टाचार भेंट किया। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले लोवर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चुनार पहुंची उसके बाद ऐबकपुर , बालूघाट ,गायत्री माता मंदिर ,टैकोर बहरामपुरगंज ,बहरामगंज,दरगाह शरीफ, उस्मानपुर ,लाल दरवाजा,गोला बाजार, चौक बाज़ार ,काजी टोला ,भरपूर लाइन मुहल्ले में लोगो से मिलकर मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी,इस दौरान लोगो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया । कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा बालूघाट स्थित गृहराज निषाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । इस दौरान ज्योतिषाचार्य बृजेश चतुर्वेदी ,विजय कुमार वर्मा, चंद्रहास गुप्ता, मेघनाथ सिंह,शंकर सिंह चौहान, अनिल सिंह, आलोक श्रीवास्तव, सुरेश वर्मा, सभाजीत सिंह, अशोक कुमार अवस्थी, विनोद कुमार शर्मा, श्रीधर चतुर्वेदी, राजकुमार वर्मा, उदय शंकर शर्मा, सहित भाजपा , अपना दल के कार्यकर्ता सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक, गीत व लोकनृत्य प्रस्तुत कर आगामी एक जून को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने के प्रति किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। रोडवेज परिसर विन्ध्याचल में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के क्रम में जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने तथा आने वाले श्रद्धालुओं को भी अपने मताधिकार के महत्व एवं मतदान करने के प्रति मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप विशाल कुमार के मार्ग निर्देशन में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय मुहकोचवा के छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुत ही आकर्षक मतदाता जागरूकता पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवढ़िया के छात्र-छात्राओं के द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को अपने मताधिकार करने के प्रति जागरूक किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय गोसाईपुर, संस्कार पब्लिक स्कूल पाण्डेयपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय छानबे, रानीकर्णावती कम्पोजिट विद्यालय नगर पालिका के छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत, नुक्कड़ नाटक व नृत्य प्रस्तुत लोगो को एक जून को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने के प्रति अपील की गयी। इसी क्रम में लोकगायक जटाशंकर व उनकी टीम के द्वारा मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत प्लस करने हेतु सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति गीतो के माध्यम से जागरूक करते हुये अपील की गयी। उन्होने अपने लोकगीत के माध्यम से आगामी एक जून को अपने बूथ पर सबसे पहले पहुंचकर मतदान करने के प्रति संदेश दिया गया तो वही विभिन्न विकास खण्डो के ग्राम पंचायतो में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से सम्बन्धित रैली निकालकर एक जून को अपना वोट अवश्य डालने के लिये लोगो से अपील किया गया। रोडवेज में आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर मंजरी राय, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्रा उपस्थित रहें।

स्वीप के तहत 15 अप्रैल को 08 कस्बों में बाइक रैली व सभा के माध्यम से मतदाताओं से रूबरू होंगे जिलाधिकारी

● ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोटर टर्नआउट वाले 08 कस्बों में 15 अप्रैल को बाइक रैली के माध्यम से डीएम मतदाताओं को करेंगे जागरूक।

कम मतदान सहभागिता वाले 08 बस्बों के चौराहो पर डीएम मतदाताओं को सम्बोधन के जरिये करेंगे जागरूक

15 अप्रैल को 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली कलेक्टेऊट से सुरियावॉ तक अवश्य शामिल हो-जिला निर्वाचन अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 14 अप्रैल, 2024:- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद भदोही में छठें चरण में 25 मई, 2024 को मतदान तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत संकल्पित जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में व प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में विविध कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल, को प्रातः 08:30 बजे कलेक्टेऊट परिसर से सुरियावॉ तक मतदाता जागरूकता बाइक रैली व सभा जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा स्वयं चलाकर/नेतृत्व में निकाली जाएगी। यह बाईक रैली कलेक्टेऊट से लखनों तिराहा, पाली बाजार, दानूपुर, मतेथू, सुरियावॉ, होते हुए मोढ़, गडेरियापुर, कलेक्टेऊट परिसर में संगोष्ठी के साथ समाप्त होगी। सभी स्थलों पर आयोजित मतदाता जागरूकता सभा को जिलाधिकारी द्वारा सम्बोधित किया जायेगा। जिसमें जनपदीय अधिकारियों सहित तहसील भदोही व ज्ञानपुर, विकास खंड व नगर पंचायत-ज्ञानपुर व सुरियावॉ बेसिक व माध्यमिक के शिक्षक पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, क्रीडा विभाग, परिवहन विभाग, मनरेगा कार्मिक, कृषि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण सहित अन्य कार्मिक, पत्रकार बंधु ,भदोहीवासी आदि लोग सम्मिलित रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने उपर्युक्त क्षेत्रवासियों से अपील किया कि वे लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए निकाली जा रही मतदाता जागरूकता रैली व सभा में अवश्य सहभागिता करें। ''भदोही के मतदाताओं ने ठाना है, मतदान का नया रिकॉर्ड बनाना है।'' कालीन है जिसकी पहचान, उसे है लोकतंत्र पर अभिमानष। आओ मिलकर अलख जगाए,शत प्रतिशत मतदान कराए। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम। उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी 15 अप्रैल को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली कलेक्टेऊट परिसर से सुरियावॉ तक में अवश्य शामिल हो। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित.

विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में कैन्सर मरीजों के लिए किया गया SDP दान

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के कुल 11 रक्तवीर साथियो ने टाटा मेमोरियल होमी भाभा कैन्सर हॉस्पिटल वाराणसी जाकर सिंगल डोनर प्लेटलेट्स स्ष्ठक्कदान किया । दान करने वाले - संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी , कार्य. सदस्य हिमांशू कसेरा , विनय कुमार , सक्रिय सदस्य मोहित कसेरा , अमन कुमार सेठ ,रोहित जैन , विकल वर्मा ,दीपक सिंह ,सर्वेश कुमार , मोहित सेठ , आदित्य चौरसिया रहे । उपस्थित संस्था के सचिव अभिषेक साहू ने बताया कि अपनी संस्था मीरजापुर के साथ ही साथ वाराणसी में भी रक्त की सेवा रक्तदातायो के साथ से देती है ताकि मानवता का परम कर्तव्य निभता रहे । संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने स्ष्ठक्कदान करते हुए बताया कि आज मुझे अपना 55 वां डोनेशन करते हुए सबसे ज्यादा गर्व महशुस इस बात का हो रहा है अपनी संस्था ने मुझे मेरे जन्मदिन पर कैम्प आयोजित करके सबसे बड़ा तोहफा दिया और उत्साह बढ़ाया यह तभी सम्भव हो पाता है जिसमे महान रक्तवीरो का साथ हो , जो अपना कीमती समय निकाल कर नेक कार्य मे सदैव साथ खड़े रहते है । जल्द ही संस्था अगले स्ष्ठक्कैम्प में नए रक्तदातायो को लेकर होमी भाभा वाराणसी आयेगी । मौके पर इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष पैरिवाल , कीरत सिंह डंग , आदित्य बरनवाल , शशांक गुप्ता , सौम्या दुबे एवं बनारसी इश्क के फाउंडर रोहित साहनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

वाराणसी के मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ विंध्याचल देवी धाम में विधिवत मंत्रोचार के साथ किया दर्शन पूजन

●जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं के बारे में भी ली जानकारी

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर । मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल में वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने विंध्याचल पहुंच कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ विधिवत दर्शन-पूजन कर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। दर्शनोपरांत वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने गंगा तट स्थित पक्का घाट का भी अवलोकन किया। तत्पश्चात वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने जिलाधिकारी के साथ विधि विधान पूर्वक धाम स्थित हवन कुंड में हवन इत्यादि करने के पश्चात गंगा तट पर पक्का घाट का भी अवलोकन करते हुए गंगा नदी के मनोरम तट का वर्णन किया। जिलाधिकारी ने पक्का घाट, न्यू वी0आई0पी0 मार्ग पर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि साफ सफाई से लेकर सभी आवश्यक सेवाएं चुस्त व दुरुस्त होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में आने आने वाले दूर-दूर के दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को स्पष्ट रूप से साफ सफाई की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निरंतर सफाई अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

बीएसपी का टिकट घोषित न होने पर लोग असमंजस में

करछना, प्रयागराज। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जहां बीजेपी सत्ताधारी पार्टी ने नीरज त्रिपाठी पूर्व गवर्नर रहे स्व केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र पर दांव लगाया जो अभी तक कोई चुनाव नहीं लडे है। वहीं दूसरी ओर सपा व कांग्रेस गठबंधन से कुंवर उज्जवल रमण सिंह को टिकट देकर एक मजबूत उम्मीदवार पेश किया।जो स्वयं विधायक और मंत्री रह चुके है के नाते जनता से जुड़े होने का लाभ उठा सकते हैं। उनके पिता कुंवर रेवती रमण सिंह खुद दो बार सांसद रहे जिनके कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर जोश कायम है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी होने के वावजूद भी कांग्रेसी अपनी उपेक्षा को लेकर उहापोह की स्थिति में है। आखिरी खिलाड़ी बहुजन समाज पार्टी पर सभी पार्टियों के नेताओं की नजरें टिकी हुई है। लोगों की मानीं जाय तो यदि बहुजन समाज पार्टी ने इस बार प्रयागराज से कुर्मी विरादरी से किसी को उम्मीदवार बनाया तो नेताओं की धड़कन तेज होंगी। सत्ता दल से कुर्मी विरादरी की नाराजगी जहां जताई जा रही है वहीं बसपा की बेस बोट पलटती नहीं दिख रही। इस प्रकार सभी दल के नेताओं की नजर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पर टिकी है।

नाली न बनने से खड़ंजा रोड पर बह रहा गन्दा पानी

कोराव, प्रयागराज। क्षेत्र के कोरांव तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत डीही खुर्द के सुखराम केसरवानी के घर तक पूर्व ब्लाक प्रमुख गायत्री प्रसाद तिवारी उर्फ मंडन गुरु जी के द्वारा भ्रमण के दौरान इस पुरवे में आने जाने वाले रास्ते की हालत जर्जर देखते हुए अपने कोटे के तहत इन्टर लाकिग रोड़ को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए दुसरे दीन से कार्य चालू कराते हुए एक हफ्ते के अन्दर बनवा दिए इस प्रकार के इनके कार्य को लेकर आज भी चर्चा में बनें हुए हैं। लेकिन पानी निकास हेतु ब्लाक के कर्मचारी एवं प्रधान प्रतिनिधि रामानुज ने इन्टर लाकिग रोड़ के किनारे पक्की नाली हेतु नाप जोख करा चुके हैं बीचों बीच इन्टर लाकिंग रोड़ पर घरोका गन्दा पानी बह रहा है यहि नही पूर्व शक्तिपिठ मां देबी का स्थान है जहा पर नौरात्र में भक्तों का ताता लगा रहता इस धर्म अस्थल पर जाने वाले इसी रास्ते में नाली का निर्माण न होने से गन्दे पानी पर आने जाने को लोग मजबूर हैं। ग्रामीणों ने खन्ड बिकास अधिकारी कोरांव का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाली का निर्माण कराने की मांग की जा रही है।

कम्प्यूटर सिखाने को बनाए भवन को गेस्ट हाउस में तब्दील किया था

स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से भी शिकायत की थी

मथुरा। बरसाना स्थित राधा विहार एडेड इंटर कॉलेज गेस्ट हाउस को लेकर वर्तमान में चर्चा के केंद्र में है।कालेज कैम्पस में छात्रों को सिखाने के लिए कम्प्यूटर भवन बनाया था, लेकिन धंधा चमकता देख संचालकों ने उसे गेस्ट हाउस में बदल दिया था। इस बावत "कम्प्यूटर सिखाने को बनाए भवन में चलाया जा रहा गेस्ट हाउस" शीर्षक से हमने खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशन के बाद प्रकरण से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। रात में ही गेस्ट हाउस लिखे बोर्ड को उतार दिया। कालेज प्रबंधक भी सतर्क हो गए। बताते चलें कॉलेज प्रांगण में विद्यार्थियों को कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए दो मंजिला इमारत बनाई गई थी। स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर अवश्य दौड़ गई कि उनके पाल्य कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। कॉलेज मुनीम ने स्टूडेंट्स की इच्छाओं को दरकिनार करते हुए भवन को गेस्ट हाउस में तब्दील कर दिया था। अब जिम्मेदार लोग मामले को दबाने में लगे हैं।

पर्यवेक्षक ने किया स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट के कार्यों का निरीक्षण

शिकोहाबाद। लोकसभा चुनाव पर नजर रखने के लिए रविवार को पर्येवेक्षक अनिल शशि ने फिरोजाबाद में दस्तक दी। पर्यवेक्षक ने नसीरपुर और जसराना क्षेत्र में स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट के कार्यों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम नसीरपुर क्षेत्र अंतर्गत एक्सप्रेस वे के समीप की जा रही वाहनों की चेकिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण करने वाली टीम को दिशा निर्देश भी दिये। इसके बाद उन्होंने जसराना क्षेत्र में निरीक्षण किया। यहां पर भी टीम से वार्ता की और उन्हें निर्देश दिये। इसके बाद पर्यवेक्षक तहसील सभागार में पहुंचे। यहां पर उप जिलाधिकारी आदेश सागर, तहसीलदार राखी शर्मा और अन्य स्टाफ के साथ मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए की जा रही कार्यवाही और चेकिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत में चुनाव में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराये जाएं।

ललितेश पति त्रिपाठी के समर्थन में मियाँकापुरा में चुनावी सभा

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। फूलपुर। एनडीए सरकार ने देश के आम आदमी के साथ धोखा दिया है। सबका साथ सबका विकास का नारा देकर सत्ता में आई भाजपा ने देश में भाईचाराको बांटकर, अमन चैन को बिगाड़ कर, सम्प्रदायिकता को बढ़ावा देकरआम आदमी के साथ धोखा किया है। उक्त बातें आज भदोही लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन से तृण मूल कांग्रेस के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के समर्थन में मियाँकापुरा में आयोजित जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि, समाजवादी चिंतक, प्रोफेसर अलीखान विभागध्यक्ष अशोका विश्व विद्यालय ने कहीं।उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब के इस हिंदुस्तान में बेरोजगारी, महंगाई, न्याय, समता की बात होनी चाहिए लेकिन भाजपा ने लोंगो को मुख्य मुद्दे से गुमराह करके धर्म और मजहब के नाम पर लड़ना चाहती ही जिससे सचेत रहने की जरुरत है।

सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करन निर्मल ने कहा कि लड़ाई देश में सामजिक न्याय, समता और आम आदमी के अधिकार दिलाने की है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, बेरोजगारों को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू हों इसके लिए इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकानाहोगा। मुख्य वक्ता एम एल सी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। यह चुनौती भी है। सभा की अध्यक्षता सपा विधानसभा अध्यक्ष श्याम सूरत सरोज ने किया तथा संचालन लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष एवं आयोजक नवीन यादव ने किया।

इस मौके पर दान बहादुर मधुर जिला प्रवक्ता सपा प्रयागराज, विधायक श्रीमती विजमा यादव, प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी, सैयद इफ्तेख़ार हुसैन, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, राजू पासी, कमला यादव,आर एन यादव, इंजी. विक्रम यादव, सुरेश यादव, अकमल इमाम, उत्तम यादव,सुरेन्द्र यादव, हरिश्चन्द्र यादव, पवन यादव, शुभम सरोज,बबलू बजती, रंगीलाल यादव, अंशू पासी, राजबहादुर यादव, अवधेश ने अपने विचार रखें।

डीआरएम साहब गोण्डा आदर्श स्टेशन है या टैक्सी स्टैंड...

● - कौन है इस्लाम जिसका दखल प्लेटफार्म तक ही नहीं ओवर ब्रिज पुल के नीचे लगे दुकानों तक रहता है इन इससे डरती है जीआरपी और आरपीएफ नहीं कर पाती कोई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा– आदर्श रेलवे स्टेशन का हाल भी विचित्र है।यहां दो-दो वाहन स्टैंड हैं।सूत्र बता रहे है कि एक वैध तो दूसरा अवैध।दोनों स्टैंड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने परिसर में ही चल रहा है,जो यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ा रहा है।यह इसलिए संभव है कि सुरक्षा कर्मियों का इन्हें संरक्षण है।जीआरपी का कहना है कि परिसर कोतवाली क्षेत्र में आता है जबकि विभागीय अधिकारियों का निरीक्षण होने पर गेट तक सुरक्षा कर्मी तैनात होते हैं,तब इन वाहनों का दूर तक पता नहीं चलता।सूत्रों की मानें तो रेल प्रशासन ने स्टेशन के उत्तर तरफ टैक्सी स्टैंड स्थापित किया ताकि आदर्श रेलवे स्टेशन की सुंदरता बनी रहे और यात्रियों को असुविधा न हो।स्टेशन साफ-सुथरा दिखाई दे।इसके विपरीत परिसर में खड़े वाहन विभाग को मुंह चिढ़ा रहे हैं।चौबीस घंटे डग्गामार परिसर को जाम रखते हैं लेकिन सुरक्षा कर्मी उन्हें देखते तक नहीं।कारण खुद समझा जा सकता है।आलम यह कि लोगों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में नाकों चने चबाने पड़ते हैं।किसी यात्री ने वाहन चालकों का प्रतिरोध किया तो उनकी दबंगई आसमान छूने लगती हैं।सूत्र बताते हैं वाहन चालक साहब को नजराना देते हैं। जब साहब की जेब गर्म हो तो आम यात्रियों से उन्हें क्या लेना-देना है।टैक्सी चालक जहां चाहें शौक से अपने वाहन खड़ा करें।यहां तो सब कुछ साहब के रहमो करम पर चलता है।साहब को यात्रियों से कोई मतलब ही नहीं है। वह तो सब सिविल पुलिस जाने की रेलवे स्टेशन के बाहर क्या हो रहा है।

चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बिना अनुमति गाड़ियों का काफिला निकालने और जनसंपर्क करने पर बृजभूषण शरण सिंह सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

● - पहली बार किसी के प्रचार के लिए थानों से रिपोर्ट मांगी गई है

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा– जिले में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का एक और मामला दर्ज किया गया है।इस बार आचार संहिता के उल्लंघन में कोई और नहीं बल्कि कैसरगंज के बहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह फंसे हैं।खरगूपुर थाने में कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।बिना अनुमति गाड़ियों का काफिला निकालने और जनसंपर्क करने पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।गौरतलब है कि कैसरगंज सीट से अभी किसी दल ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।उम्मीदवार को लेकर कयासों का दौर जारी है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम चंद्रशेखर ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि इससे पहले करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र के एआरओ ने उनके खिलाफ नोटिस जारी की थी।एडीएम ने बताया कि कटरा विधानसभा क्षेत्र के एफएसटी टीम प्रभारी डॉ.नजमुल इस्लाम की ओर से शनिवार को थाना खरगूपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।इसके मुताबिक 12 अप्रैल को करीब 10.30 बजे से कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने थाना खरगूपुर क्षेत्र में कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर बाजार,गोपाल बाग, भोलाजोत, गोकरन शिवाला, भटपी, भवनियापुर, देवरिया कला पिपरा भोधर, सुसगंवा, असिधा, लहदोवा, राजाजोत, अनन्तपुर, चौरा भारी, नव्वागांव में करीब पचीस से तीस गाड़ियों के काफिले के साथ जनसंपर्क किया वर्तमान में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद में धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू है।यह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।इससे पहले बिना अनुमति सभा करने के आरोप में गोंडा से सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा और भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के खिलाफ भी आचार संहिता उल्लंघन पर मुकदमा दर्ज कराया था।

तीन दिन पहले जारी हुई बृजभूषण को नोटिस

आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का एक और मामला सामने आया है।कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह आचार संहिता के उल्लंघन में फंस गए हैं।आचार संहिता उल्लघन मामले में तीन दिन पहले कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह को एसडीएम कर्नलगंज की ओर से नोटिस जारी किया गया था।पहले से मंजूरी लिए बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों का काफिला निकालने तथा धारा 144 का उल्लंघन करने के चलते यह कार्रवाई की गई है।नोटिस भेजकर सांसद से जवाब-तलब किया गया था।सांसद बृजभूषण का जवाब मिलने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीएसए ने किया आकस्मिक निरीक्षण, स्कूल बंद शिक्षक नहीं मिले

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है इसीलिए जिला प्रशासन सजग दिख रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा परिषदीय स्कूलों में निरंतर निरीक्षणों का क्रम जारी है। हाल ही में किए गए निरीक्षणों में कई शिक्षक बिना किसी सूचना के स्कूलों से गायब मिले तो कई स्कूल बंद मिले। सभी स्कूलों को स्पस्टीकरण हेतु नोटिस जारी किए गए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय फतिहा फरह के निरीक्षण में संजीव कुमार यादव (प्र.अ.) एवं दुर्गेश कुमार (नि.प्र.अ.) बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन 121 के सापेक्ष केवल 47 छात्र-छात्रा उपस्थित पाये गये। प्राथमिक विद्यालय नगला खडू वि.ख. गोवर्धन में निरीक्षण के समय केरन सिंह शिक्षा मित्र उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करने के उपरान्त अनुपस्थित पाये गये।

प्राथमिक विद्यालय परासौली वि.ख. गोवर्धन में निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन 50 के सापेक्ष मात्र 25 छात्र-छात्राएं उपस्थिति पायी गयी। उक्त विद्यालय में 05 बच्चों का नवीन नामांकन किया गया है। प्राथमिक विद्यालय मुड़ेसी वि.ख. मथुरा के निरीक्षण में विद्यालय में साफ सफाई,रंगाई पुताई का स्तर सही नहीं मिला।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोक नगर, के समय चितरंजन (इं0प्र0अ0) द्वारा उपस्थिति पंजिका के पत्र व्यवहार में मतदान पर्ची लाने की लिखा पाया गया। फोन पर किसी सक्षम अधिकारी से बात कराने को कहा गया तो उन्होंने बात नही कराई । निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के नामांकन 33 के सापेक्ष केवल 06 छात्र-छात्रा उपस्थित पाये गये। वर्तमान सत्र में शून्य बच्चों का नवीन नामांकन पाया गया।

उच्च प्राथमिक स्कूल नौगांव प्रथम चौमुंहा के निरीक्षण में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की कम उपस्थिति मिली।उच्च प्राथमिक विद्यालय सरूआ जंगली राया में नामांकन 90 के सापेक्ष 3 बच्चे ही उपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर (1-8) मांट समय से पूर्व ही बंद मिला ।समस्त स्टाफ का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही प्राथमिक स्कूल भोजपुर फरह, प्राथमिक विद्यालय ततारपुर चौमुंहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगाँव-सेकंड चौमुंहा, प्राथमिक विद्यालय नगला मौला चौमुंहा में भी निरीक्षण किया गया।

मथुरा आरपीएफ ने पक्षी तस्करी पर किया बड़ा पर्दाफाश

● - 2 ट्रेन कोच अटेंडेंट को किया गिरफ्तार, सफेद 42 कबूतर बरामद

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा– सफेद कबूतरों की तस्करी बड़े स्तर पर की जाती है जिसकी मांग बड़े अंतरराज्यीय बढ़ रही है। इन कबूतरों को बड़ी ऊंची कीमतों पर बेचा जाता है । मथुरा जंक्शन पर अटेंडेंट कबूतरों की तस्करी करते पकड़े गए हैं। आरपीएफ टीम ने आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नस्ल के 42 सफेद कबूतर बरामद किए है । दोनों आरोपी कोच अटेंडेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ट्रेन के एसी कोच में तैनात अटेंडेंट तस्करी का काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले एक कोच अटेंडेंट शराब तस्करी के मामले में पकड़ा गया था । अब आरपीएफ टीम ने प्रतिबंधित नस्ल के सफेद कबूतरों को तस्करी के मामले में गोल्डन टेंपल मेल ट्रेन में तैनात दो कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है।

दोनों के कब्जे से टीम ने कार्टन बॉक्स में छिपाकर रखे गए 42 कबूतर बरामद किए हैं। कबूतरों से भरे दोनों कार्टन ट्रेन के एसी कोच बी 1 और बी 6 में रखे हुए थे। पकड़े गया आरोपी सुनील लोधी पुत्र दाताराम लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी शमशाबाद रोड ग्राम अकबरपुर थाना ताजगंज क्ला कोच में अटेंडेंट का काम कर रहा था। दूसरा आरोपी अनुराग चौहान पुत्र मुकेश सिंह चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी माधव नगर कॉलोनी थाना हजीरा जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश क्ल6 कोच में अटेंडेंट था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वह लुधियाना से सफेद कबूतर लेकर आते हैं। मथुरा, बड़ोदरा और रतलाम में सफेद कबूतर की सप्लाई करते थे।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सफेद कबूतर की अधिक मांग रहती है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के खरीदार ऊंची कीमत देकर सफेद कबूतर खरीदते हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी, एस सी आरपीएफ जितेंद्र सिंह परिहार, एसआई जीआरपी कुलवीर सिंह तरार, हेड कांस्टेबल अजय पाल मीणा, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और अजय सिंह शामिल रहे।

तस्करी के आरोप में लगातार पकड़े जा रहे हैं कोच अटेंडेंस

ट्रेन के एसी कोच में तैनात कोच अटेंडेंट लगातार तस्करी के मामले में पकड़े जा रहे हैं । कुछ दिन पहले मथुरा में आरपीएफ और सीआरपी टीम ने एक कोच अटेंडेंट को शराब तस्करी के मामले में पड़ा था । कोच अटेंडेंट बिहार में शराब की सप्लाई देता था । ट्रेन यात्रियों को भी ऑन डिमांड शराब उपलब्ध कराता था। इसके अलावा हाल में ही आगरा कैंट जीआरपी टीम ने सोना तस्करी के मामले में ट्रेन के कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है। अब मथुरा आरपीएफ ने कबूतर तस्करी के मामले का खुलासा किया है।

हजारों में है बरामद हुए सफेद कबूतरों कीमत

बताया जा रहा है कि बरामद हुए 42 सफेद कबूतरों की कीमत हजारों में है। आरपीएफ टीम ने बरामद हुए कबूतरों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। बरामद हुए कबूतरों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। मथुरा जंक्शन के आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी ने बताया कि गोल्डन टेंपल मेल ट्रेन के एसी कोच B1 और B6 से 42 सफेद कबूतर बरामद किए गए हैं। ट्रेन के क्ला एसी कोच में तैनात अटेंडेंट और क्ल6 एसी कोच में तैनात अटेंडेंट को गिरफ्तार किया गया है । दोनों अटेंडेंट लुधियाना से सफेद कबूतर लेकर आए थे। कबूतरों को कागज के कार्टन में बंद करके रखा गया था। मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए कबूतर बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।आरोपियों के खिलाफ निर्माण अनुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जातीय गणित में उलझी सियासत से कबीर की धरती भी हैरान

● - सपा से पप्पू निषाद को प्रत्याशी घोषित होने पर जिले का सियासी तापमान ऊफ्रान पर

क्या कहता है संतकबीरनगर लोकसभा सीट का समीकरण

संत कबीर नगर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें तीन सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीरनगर। संत कबीर नगर लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से एक है। पहले यह क्षेत्र बस्ती जिले का हिस्सा था, लेकिन बाद में 5 सितंबर 1997 को संत कबीर नगर के रूप नए जिले की स्थापना कर दी गई। संत कबीर नगर को महान संत कबीर दास की धरती के रूप में जाना जाता है। 2002 में बने परिसीमन आयोग की सिफारिश पर 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। इसके एक साल बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव लड़ा गया।

2019 में बीजेपी प्रत्याशी प्रवीण निषाद जीते

साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में संत कबीर नगर लोकसभा सीट से भाजपा को जीत मिली थी। बीजेपी ने यहां से प्रवीण कुमार निषाद को खड़ा किया था। जवाब में बसपा ने भीष्म शंकर तिवारी को मैदान में उतारा था। उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा के बीच चुनावी गठबंधन था और यहां से बसपा ने अपना उम्मीदवार उतारा। प्रवीण कुमार निषाद को 467,543 मत प्राप्त हुए तो भीष्म शंकर तिवारी के खाते में 4,31,794 वोट आए थे। चुनाव में मुकाबला काटे का रहा और महज 35,749 मतों के अंतर से प्रवीण निषाद को जीत मिली थी।

2014 में शरद त्रिपाठी ने की थी जीत हासिल

साल 2014 लोकसभा चुनाव की बात करें तो उस वक्त देश में पीएम मोदी की लहर थी। उस वक्त बीजेपी ने शरद त्रिपाठी को मैदान में उतारा था। बसपा ने भीष्म शंकर तिवारी तो सपा ने भाल चंद्र यादव को टिकट दिया था। इस चुनाव में शरद त्रिपाठी को 3,48,892 वोट, भीष्म शंकर तिवारी को 2,50,914 वोट और भाल चंद्र यादव को 2,40,169 मत प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में तीनों ही उम्मीदवारों को दो-दो लाख से ज्यादा वोट हासिल हुए थे। हालांकि भाजपा के शरद त्रिपाठी ने 97,978 मतों के अंतर से चुनाव में जीत हासिल की और सांसद बने थे।

संत कबीर नगर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें

संत कबीर नगर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें तीन सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस संसदीय सीट को तीन जिलों के क्षेत्रों को शामिल कर बनाया गया। अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर की विधानसभा सीटों को इस नई संसदीय सीट में शामिल किया गया। संत कबीर नगर लोकसभा सीट का अस्तित्व ज्यादा पुराना नहीं है और 2008 के परिसीमन के बाद यह सीट अस्तित्व में आई थी। इस सीट से बसपा के भीष्म शंकर तिवारी ने जीत हासिल करते हुए पहले सांसद बने थे।

संतकबीरनगर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

संतकबीरनगर लोकसभा सीट पर कुल 19,44,454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटर की संख्या 8,87,227 है। वहीं पुरुष वोटर की संख्या 10,57,144 है। एक अनुमान के मुताबिक, जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है।

महिला थाना प्रभारी ने चार परिवारों के मध्य कराया सुलह समझौता

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के तहत आज 14 अप्रैल को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर थानाध्यक्ष पूनम मौर्या एवं नियुक्त सदस्य रिफ़्तुल्लाह अंसारी के अध्यक्षता में चार मामले आये। जिसमें सुलह समझौता करवाया गया। प्रथम पक्ष रेखा पत्नी प्रमोद निवासी ग्राम हरपुर बुदहट थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर व द्वितीय पक्ष प्रमोद पुत्र खदेरू निवासी ग्राम खैरवा थाना बखिरा के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। प्रथम पक्ष जमीरून्निशा पत्नी रमजान निवासी ग्राम सिरसी टोला पूरब बाग थाना धनघटा व द्वितीय पक्ष रमजान अली पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम सिरसी टोला पूरब बाग थाना धनघटा के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। प्रथम पक्ष रीता गुप्ता पत्नी बृजमोहन निवासी ग्राम बकौली कला थाना धनघटा व द्वितीय पक्ष बृजमोहन गुप्ता पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम घुनघन कोठा (मंझरिया) थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। प्रथम पक्ष शान्ति देवी पत्नी कृष्णा निवासी ग्राम सेखुर्द थाना मेहदावल व द्वितीय पक्ष कृष्णा पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम सेखुर्द थाना मेहदावल के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

मथुरा में दिनदहाड़े ताले चटकाकर,घर में लाखों की चोरी

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। जनपद में इस समय अपराध में बड़ा उछाल आ गया है आए दिन लूट हत्या के साथ चोरी भी खूब धड़ले हो रही हैं। महानगर के महोली रोड़ स्थित बल्देव पुरी कालौनी में दिन दहाड़े मकान का ताला तोड़ कर हुई चोरी से क्षेत्र में हडकंप मच गया। चोर घर से करीब 5 लाख रूपये के जेवरात व सामान चुरा ले गये। चोरी की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया है। रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे बल्देवपुरी एक्सटेंशन महोली रोड़ निवासी किशोर सिंह पुत्र रामवीर सिंह जब अपने घर पहुंचे तो घर के ताले टूटे हुये थे। ताले टूटे देख उनके होश उड़ गये और पेरों से जमीन खिसक गई।

उन्होने पड़ौसियों को चोरी होने की जानकारी दी। जब वह घर के अंदर पहुंचे तों अलमारी आदि खुली हुई थी। तथा उसमे रखा जेवर इत्यादि गायब था। बताया जाता है कि किशोर सिंह जो एक फेक्ट्री में काम करते है। रविवार सुबह 10 बजे परिवार के साथ घर में ताला लगा कर लगन सगाई में गये थे जब वह दोपहर आये तो घर का ताला टूटा मिला था। मकान स्वामी ने बताया कि चोर घर से 5 लाख के जेवरात और सामान चुरा ले गये। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आस पास लगे सीसीटीवी को चैक कर रहे है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद राजीव कुमार सिंह मौके पर आ गए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जल्दी ही चोरी के खुलासे का आग्रह किया।

मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली से किया मतदान को प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। आई.ओ.पी वृंदावन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के आदेश के अनुपालन में प्राचार्य प्रवीण कुमार सारस्वत के निर्देशन में तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. दीनदयाल के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता नाटक की प्रस्तुति राजकीय महाविद्यालय मांट मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा की गई। राजकीय महाविद्यालय मांट मथुरा की बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशु उपाध्याय द्वारा समर्पण से समर्पण को मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक में पायल तिवारी, अंशु उपाध्याय, वेद प्रकाश एवं योगेश की मुख्य भूमिका रही। गुरु प्यारी सत्संगी के निर्देशन में राजकीय महाविद्यालय मांट कि छात्र छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता कठपुतली शो का आयोजन किया गया। आईओपी वृंदावन के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली मुख्य बाजार में निकाली तथा मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया जो कई किलोमीटर के दायरे में बाजार के लोगों को जागरूक करती हुई 26 अप्रैल को अवश्य करें मतदान का संदेश दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हेमंत कुमार, पूर्व प्राचार्य डॉ. रेनू वाला, डॉ. बी के शर्मा, डॉ. योगेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

बासंतिक नवरात्र की अनुपम मंगलमयी बेला में भक्तों ने मां कात्यायनी का भक्ति भाव से किया पूजन

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड- चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को भक्तों ने मां जगदम्बा की अनुपम स्वरूप ममतामयी माँ कात्यायनी का पूजन भक्ति भाव से कर दुर्गा ससशती का पाठ किया।महर्षि कात्यायन के अप्रतिम तेज से उत्पन्न? हुई मां सिंह पर सवार हैं। इनकी चार भुजाएं हैं दो में पुष्प, खड़ग एवम दो भुजाएं अभय का वरदान देती हुई। अतुल बलशाली मां कात्यायनी अपने भक्तों की सदैव रक्षा करती हुई,मनोवांक्षित फल प्रदान करती रही हैं।पाकुड़िया प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में माता की अर्चना,भक्ति भाव से भक्त वृन्द कर रहे हैं।नवरात्र के शुभावसर पर प्रकृति में अनूठी सुषमा निखर रही है।

विजैया चौक पर डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती, मो क्यूम हुए शामिल

बरही- बरही प्रखण्ड अंतर्गत गुड़ियो विजैया चौक पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई मनाई गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जीप प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो क्यूम शामिल हुए। इस दौरान विजैया चौक पर शामिल हुए सभी लोगों ने डॉ बीआर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत को सभी के लिए एक न्यायपूर्ण स्थान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। भारत के संविधान को लिखने में मदद करने जैसे डॉ. अम्बेडकर के विचारों और कार्यों ने दुनिया भर में कई लोगों को प्रेरित किया है। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, डपोक पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास, महिला नेत्री कांति देवी, बैजनाथ यादव, सुरेश यादव, कार्तिक पासवान, विद्या सागर पासवान, रामकिशन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे थे।

अभाविप मधुपुर इकाई ने डॉ. अंबेडकर को किया याद

मधुपुर/देवघर/झारखंड-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुपुर इकाई के कार्यकर्ताओं ने बीते रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर मधुपुर कोर्ट मोड़ स्थित बाबा भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अभाविप मधुपुर इकाई के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित यादव ने कहा कि भीमराव अंबेडकर न केवल दलितों के बल्कि पूरे देश के नेता हैं जिन्होंने भारतीय संविधान को बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। मौके पर उपस्थित नगर मंत्री सुदामा यादव ने कहा कि भारत के संविधान को आकार देने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान सम्मानजनक है। उन्होंने पिछड़े वर्गों के लोगों को न्याय, समानता और अधिकार दिलाने के लिए अपने जीवन को देश के प्रति समर्पित कर दिया। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष घनश्याम कुमार, कॉलेज पूर्व अध्यक्ष सूरज कुमार, विजय कुमार, चंदन कुमार, सुमित मेहरा, गोलू कुमार, दीपक कुमार, पंकज कुमार, पीयूष, आदित्य, रितेश कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बरही उपमुखिया संघ का हुआ विस्तार, अध्यक्ष रोहित यादव, सचिव बालेश्वर यादव एवं कोषाध्यक्ष बने अजीत निषाद

बरही- अंबेडकर जयंती के अवसर पर बरही उपमुखिया संघ का विस्तार किया गया। बैठक की शुरुआत डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में बरही प्रखंड के उपमुखिया संघ के अध्यक्ष के पद पर रोहित यादव खोड़ाआहार पंचायत निवासी, सचिव बालेश्वर यादव करसो पंचायत निवासी एवं कोषाध्यक्ष अजीत निषाद बरही पश्चिमी पंचायत निवासी को मनोनीत किया गया। साथ ही संगठन की मजबूती, क्षेत्र में हो रहे मनमानी एवं आम जनों के साथ हो रहे लापरवाही पर नकेल कसने एवं अन्य विषयों पर चर्चा हुई। मौके पर बलराज यादव डपोक पंचायत, दामोदर वर्मा धनवार पंचायत, विनोद यादव पंचमाधव पंचायत प्रतिनिधि, अशोक राणा बेंदगी पंचायत, संतोष कुमार प्रजापति करियातपुर पंचायत प्रतिनिधि, मोहम्मद इजहार कोनरा पंचायत प्रतिनिधि, वीरेंद्र कुमार रसोईया धमना पंचायत, विनोद यादव बसरिया पंचायत प्रतिनिधि, फिरोज निजामी मलकोको पंचायत प्रतिनिधि, मनोज उपाध्याय बरही पूर्वी पंचायत व अन्य उपस्थित रहे।

नुकीला धारदार स्टोन मेटल आरइओ रोड पर आवागमन हुआ जोखिम भरा- ग्रामीण

● ग्रामीणों ने विधायक से की उक्त जीर्ण पथ नये शिरे से निर्माण कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड- ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के आवागमन की सुविधा हेतु पंथों के निर्माण हेतु,केन्द्र व राज्य सरकार ग्रामीण सड़क निर्माण विभाग का गठन किया है ताकि,ग्रामीण सड़कों का निर्माण कर ग्रामीण जन जीवन को सीधे प्रखण्ड व जिला मुख्यालयों से जोड़ा जा सके। हालाकि, पाकुड़िया प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर,पथों का निर्माण किया जा रहा है तथापि प्रखण्ड के लागडुम पंचायत के चिरूडीह पहाड़ टोले से,लागडुम हाट सड़क पुलिया तक की उबड़ खाबड़ व नुकीला स्टोन मेटल रोड पर,आवागमन काफी मुश्किल? भरा है।उक्त बातें कहते हुए 13अप्रैल को लागडुम ग्राम के कई युवकों व बड़ी संख्या में, उपस्थित ग्रामीणों ने कहा जीर्ण रोड पर नंगे पांव चलने पर पांव छिल जाता है। लोगों ने बताया पहाड़ टोला से हाट तक सड़क से बड़ी संख्या में, महेशपुर प्रखण्ड के डुम डूमी तथा अन्य गांवों से लोग इसी मार्ग से प्रतिदिन आते जाते हैं और प्रतिदिन, छात्र छात्राऐं एवम ग्रामीण पैदल, वाइक से जर्जर रोड से आवागमन करते हैं। लोगों ने बताया कि वर्षा के मौसम में कठिनाई काफी बढ़ जाती है आने जाने में।ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा यदि उक्त जीर्ण पथ का पक्की करण नये शिरे से करा दिया जाय तो,इस ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आटो टोटो आदि से आवागमन सहज हो जायेगा।लोगों का मानना है सड़क काफी नुकीला तथा क्षतिग्रस्त होने से आवागमन काफी कठिनाई भरा होता है। ग्रामीणों ने उक्त जर्जर आर,इ,ओ सड़क नव निर्माण कराने की मांग, स्थानीय विधायक माननीय स्टेफन मरांडी से की है ताकि ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा हो।

रेन्बो स्कूल बरही में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

● डॉ भीमराव अंबेडकर प्रगतिशील विचारों के चलते करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं :- सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि देकर नमन किया। साथ ही साथ डॉ भीमराव अंबेडकर के महान कार्यों का अभिवादन किया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन से सम्बन्धित अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि वे अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण महिलाओं को बराबरी का अधिकार, मौलिक दायित्व की भी बात की। उन्होंने बताया कि अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होने अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी और सभी से उनके पदचिन्हों पर चलने का अनुरोध किया। मौके पर शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, विद्यापति यादव, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, विक्रम कुमार, रिफ्फत प्रवीण, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी स्वेता, रानी कुमारी एवं सतीश कुमार उपस्थित रहे।

खेरौन महोत्सव के कथा मंच में शामिल हुए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल, महायज्ञ के अधिकारियों ने किया स्वागत

● यज्ञ से वातावरण होता है शुद्ध- मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात

बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम खेरौन में श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह खेरौन महोत्सव के आयोजित बीते रात कथा मंच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दीप प्रज्वलित एवं संध्या आरती कर शुभारंभ किया। वही मंच पर उपस्थित खेरौन महोत्सव के सह महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह के द्वारा मनीष जायसवाल को फूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। वहीं मनीष जायसवाल ने कथा वाचिका कृष्णा लाडली प्रिया जी को माला पहनाकर कर स्वागत किया और उन्हें नमन किया इसके पहले मनीष जायसवाल ने यज्ञ मंडप में मत्था टेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। मनीष जायसवाल ने खेरौन महोत्सव सह महायज्ञ समिति अधिकारी धन्यवाद दिया। साथ ही श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन कार्यक्रमों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा की उत्पत्ति होता है। भागवत कथा के श्रवण कर अनुसरण करने पर मानवीय जीवन में आमूल चूल परिवर्तन होता है।

वही मौके पर मौजूद खेरौन महोत्सव के आचार्य अमित उपाध्याय वाराणसी जी ने कहा कि कलियुग में कथा ही भगवान तक पहुंचने का सरल मार्ग है श्रवण करे और लाभ ले। मौके पर खेरौन महोत्सव के आचार्य अमित उपाध्याय वाराणसी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, सचिव अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष कलू सिंह, हजारीबाग जिला महामंत्री सुनील साहू, रंजीत चंद्रवंशी, रमेश ठाकुर, भोला सिंह, शंभू सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रदुमन सिंह, गोपाल साव, लोकेश सिंह, रामधीन यादव, शैलेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अवध सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, भीम सिंह, सुरेंद्र सिंह, बीरबल सिंह, रंजीत सिंह, पवन सिंह, कालेश्वर साहू, दिलीप साहु, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, विनय सिंह, प्रकाश सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, आरपी सिंह, दिनेश्वर सिंह, कामेश्वर साहू, खेमलाल साहू, देवनंदन सिंह, कमलेश सिंह, उमेश सिंह, सकलदेव सिंह, राधेश्याम सिंह, कृष्ण सिंह, तावेश्वर सिंह, अमरजीत सिंह, विराट सिंह, अमन सिंह, अमन सिंह सनिल सिंह, अनिल सिंह, हरिओम सिंह, बलराम सिंह, बांटी सिंह, राजकुमार सिंह, सुजीत सिंह, चंदन सिंह, देवराज सिंह, राजवीर सिंह, पवन सिंह, विशाल सिंह, सत्यम सिंह, सुधीर सिंह, सुत्रीराज सिंह, राजन सिंह, आलेश सिंह, यशमंत सिंह, मंजीत सिंह, राहुल यादव, अभय सिंह, आनंद सिंह, संजय साव, रूपेश सिंह, आनंद सिंह, रौशन सिंह, आशीष मेहता, सागर साव, सौरव कुमार यादव, सौरव सिंह कुंदन सिंह, मोहित सिंह, अनिल यादव, सुमन सिंह, अजित सिंह, नितेश कुमार सिंह सहित कई श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

गोड्डा शैलेंद्र भगत के हत्यारो को गिरफ्तार नहीं करने पर आक्रोशित ग्रामीण

● पोड़ैयाहाट पंचायत के ग्रामीण लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात

पोड़ैयाहाट, गोड्डा- पोडैयाहाट में शैलेंद्र भगत हत्याकांड के 8 दिन बीत जाने के बावजूद घटना को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया है. हत्याकांड से जुडे कांड में संलिप्त तीन-चार अपराधी अभी भी फरार हैं. सूत्रों के अनुसार हत्याकांड का मास्टरमाइंड अंकित यादव व बिट्टू यादव भी इनमें शामिल है. पोड़ैयाहाट की पुलिस नहीं पकड़ पायी है. अंकित यादव व बिट्टू यादव ने भी हत्याकांड को अंजाम दिया था. अंकित ने ही शैलेंद्र भगत को तीन-तीन गोली मारी थी. बिट्टू बाइक पर सवार था. गोली मारने के साथ ही बिट्टू तेजी से बाइक चलाकर अंकित को लेकर बिहार की सीमा में प्रवेश कर गया था. मगर सूत्रों की माने तो पिछले जनवरी में पोड़ैयाहाट में गोलीकांड को अंजाम देकर गिरधारी यादव की हत्या कर दी गयी थी. ठीक दो माह बाद शैलेंद्र भगत हत्याकांड को अंजाम दिया जाना किसी बड़ी साजिश के साथ जोड़ कर देखा जा रहा है. बताया जाता है कि गिरधारी यादव हत्याकांड में अंकित यादव भी शामिल था. हत्याकांड में शामिल अंकित भी पुलिस पकड़ से बाहर हैं . इस मामले में शैलेंद्र भगत के पुत्र की बकझक व मारपीट की घटना बोहरा के बिट्टू यादव से हुई थी. पुलिस सूत्रों की माने तो दोनों हत्याकांड को आपस में जोड़ कर देखा जा रहा है.इस क्षेत्र में शराब माफिया भी सक्रिय हैं. सूत्रों की माने तो अवैध शराब तस्करी की सूचना पूर्व में इन दोनों के द्वारा पुलिस को दी गयी थी. इसके बाद शराब की बड़ी खेप पुलिस को हाथ लगी थी. संभवत इसका बदला साधने के लिए शराब माफिया के द्वारा दोनों की हत्या कराकर अपना बदला साध लिया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है. पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए बिहार के बौंसी तक गयी है. हत्याकांड का संपर्क सूत्र बौंसी का श्याम बाजार भी था पकड़ाये अपराधियों का ठिकाना भी बौंसी बाजार रहा है। जानकारों के अनुसार बौंसी के श्याम बाजार का अंकित यादव भी हत्यारोपी बिट्टू व अंकित के संपर्क में है. पुलिस के लिए सिरदर्द बना डेविल्स गिरोह. पुलिस को पता चला था कि इसमें गिरोह के कई सदस्य ब्राउन सुगर नशे के आदि हो चुके हैं. जल्द ही कांड का उद्भेदन कर मास्टरमाइंड को भी सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा।

चैनपुर पुलिस ने चेकिंग अभियान चला कर टाटा सूमो वाहन से 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को किया जप्त

स्वतंत्र प्रभात

चैनपुर- चैनपुर पुलिस ने रविवार को प्रखंड के बेंदोरा गांव में चेकिंग अभियान चला कर एक सफेद रंग की टाटा सूमो वाहन से 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को जप्त किया है। थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक टाटा सूमो में अंग्रेजी शराब को लोड कर गुमला से डुमरी की ओर ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बेन्दोरा चौक के पास चैकिंग लगाया गया चैकिंग के दौरान एक टाटा सुमो गाड़ी आता दिखा। पुलिस बल के द्वारा उक्त गाड़ी को हाथ देकर रुकवाने का प्रयास किया गया परंतु पुलिस बल को देखकर ड्राइवर तेजी से गाड़ी को भागने लगा तुरंत गाड़ी से पीछा करने पर ड्राइवर गाड़ी को बीच रोड में छोड़कर ही भाग गया। गाड़ी में चेक करने पर देखा कि टाटा सूमो वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी 14 बी 3139 में कुल 13 पेटी अंग्रेजी शराब रखा हुआ था जिसे विधिवत जप्त कर थाना ले आया गया। जिसमे 144 केन बियर 500 एमएल, 48 गॉडफादर बियर, 48 मेगडोवल, 5 आरसी, एवं बी 7 शराब को जब्त किया गया है जिसकी 50 हजार रुपये अनुमानित कीमत लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त अंग्रेजी शराब दीपक कुमार सिंह पिता स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद सिंह थाना डुमरी जिला गुमला के द्वारा ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में मुख्य रूप से थाना प्रभारी अजय यादव, अशोक कुमार, मदन शर्मा, प्रदीप कुमार मेहता एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

बाबासाहब ने सामजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था- विकास राणा

● आजसू पार्टी ने मनाई अम्बेडकर जयन्ती

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ बाबासाहब भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जिला परिषद् चौक, हज़ारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। केन्द्रीय प्रवक्ता सह जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि डॉ बाबासाहब भीम राव आम्बेडकर लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, अधिवक्ता संघ के प्रमोद कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, विशाल कुमार प्रजापति, दिनेश प्रजापति, रुपेश राणा सहित अन्य लोग शामिल थे।

कटकमसाण्डी मे बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर जी की 133 वी जयंती बड़ी धूमधाम से शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात

कटकमसाण्डी हजारीबाग झारखण्ड- कटकमसाण्डी प्रखण्ड में संविधान निर्माता विश्व रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर जी की 133 वी जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से मनाई गई। कंचनपुर पंचायत के ग्राम हेदलाग में, रोमी पंचायत के ग्राम जलमा, छड़वा मे , लूपूँग पंचायत के ग्राम अस्धीर ,लूपूँग मे , ढौठवा पंचायत के ग्राम ढौठवा कटकमसाण्डी पंचायत के ग्राम कटमसाणडी , कंडसार एवं बहीमर मे बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा एवं फोटो को माला पहनाकर केक काटा गया और उनके बारे में बताया गया एवं जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाई गई कटकमसाण्डी प्रखण्ड के विभिन्न ग्राम एवं पंचायतो नीला नीला देखने को मिला।

कार्यक्रम में सुरज कुमार, धनेश्वर कुमार, उमेश रविदास, संतोष रविदास, कृष्णा कुमार, पप्पु कुमार, लक्षमन रविदास, त्रिलोकी रविदास, मिथिलेश कुमार सतीष कुमार,राहुल कुमार दास, आशीष कुमार ,अधीन रविदास, आनंद कुमार, रंजीत कुमार, श्यामदेव रविदास, राजु त्यागी, राजा कुमार आदि मौजूद रहे।

समीर उरांव के पक्ष में किया गया जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात

लोहरदगा- लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव जी के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा आज लोहरदगा सदर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जनसंपर्क अभियान हेसल,कुजरा, मगन टोली, महुआ टोली, कैमों, पतरा टोली सहित अन्य क्षेत्रों में चलाते हुए जनता से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई एवं आम जनमानस को यह बताया गया की लोहरदगा लोकसभा सीट में एनडीए उम्मीदवार समीर उरांव जिनकी छवि एक साफ सुथरी ,ईमानदार एवं गरीब नेता के रूप में है और गरीब का दर्द गरीब ही समझ सकता है ,इसलिए इस बार एक गरीब के बेटे समीर उरांव को भारी मतों से लोहरदगा लोकसभा सीट से विजयी कर दिल्ली भेजना है।आज के जनसंपर्क अभियान में आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह ,लोहरदगा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उरांव ,आजसू बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी मनोज गुप्ता (मना) सोहन साहू, मन्हो पंचायत कोषाध्यक्ष संतोष राम ,सचिव अशोक उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ,वहीं मन्हो पंचायत कमेटी का विस्तार करते हुए सचिव के पद पर अशोक कुजूर का मनोनयन किया गया, एवं ग्राम प्रभारियो का भी मनोनयन किया गया .पूर्व केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह ने कहा की जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रहेगा ,समस्त जिले में आजसू पार्टी पूरी ताकत के साथ कार्य करेगी।

रामनवमी एवं सरहुल को लेकर चैनपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

चैनपुर- चैनपुर थाना परिसर में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में रामनवमी पुजा को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई। जिसमें जिला परिषद मेरी लकड़ा, थाना प्रभारी अजय यादव एवं प्रखंड के विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए। जिला परिषद मेरी लकड़ा ने कहा की रामनवमी पुजा भाईचारगी एवं सद्भाव का पर्व है और आज तक चैनपुर प्रखंड में सभी समुदाय के लोग एक दूसरे के पर्व त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाते आ रहे हैं इसीलिए आप सभी से अपेक्षा रहेगी की सौहार्द पूर्ण ढंग से रामनवमी पुजा के त्योहार को मनाकर चैनपुर प्रखंड का नाम को हमेशा रोशन रखें। बीडीओ श्री यादव बैठा ने कहा की रामनवमी एवं सरहुल पुजा के त्योहार के दिन डीजे यदि बजता है तो उसमें किसी के मन को आहत करने वाला गाना नहीं बजना चाहिए, किसी भी प्रकार से शांति भंग न हो और सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट करने से बचें। वहीं थाना प्रभारी अजय यादव ने उपस्थित लोगों से अपील की है की रामनवमी पुजा के त्योहार में क्षेत्र में शांति का माहौल बनाएं साथ ही किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस न लगे ऐसी भाईचारगी के साथ पर्व का आनंद उठाएं एवं किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा या शांति भंग होने जैसी स्थिति बने तो फौरन चैनपुर थाना को सूचित करें। मौके पर अरविंद मौर्या, मनोहर बड़ाईक, बुधराम नायक, यमुना प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, अशोक कुमार, जावेद खान, अशोक सिंह, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संत रविदास कल्याण सिमिति शिवपुर के द्वारा मनाई गई बाबा साहब की जयंती

● बाबा साहब के बताये आदर्शो पर चलने की जरुरत- मनोज कुमार

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर में संत रविदास कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया मनोज कुमार ने किया। उक्त कार्यकम में केक काटकर व बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि कर शुरुआत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुखिया मनोज कुमार ने अपने संबोधन ने कहा कि हम सभी कों हमेशा बाबा साहब के बताये आदर्शों पर चलने की जरूरत है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सदैव शिक्षा पर बल दिया है। हम शिक्षा से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सकते हैं। मौके पर मंच संचालनकर्ता सिकंदर कुमार, समाजसेवी पूरन राम, नागेश्वर रजक, ब्रजेन्द्र रविदास, तुलसी राम, रुपलाल रविदास, अजय प्रजापति, राजीव रंजन, मोहन प्रजापति, विनय गोप, अमरदीप राम, विजय राम, कैलाश राम, रौशन कुमार, कुलदीप रविदास, गणेश रविदास, छोटन राम, बंगाली रविदास, दिनेश राम, शम्भू राम, मदन कुमार, नितेश कुमार, सुनीता देवी, चमेली देवी, मीणा देवी, यसोदा देवी सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे।

जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक लेकर जाएंगे - कामिनी राठौर

स्वतंत्र प्रभात

फिरोजाबाद- रविवार को फ़िरोज़ाबाद लोकसभा क्षेत्र के फ़िरोज़ाबाद विधानसभा क्षेत्र का बूथ सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय मोड़ा कनेटा पर महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। फ़िरोज़ाबाद के बूथ सम्मेलन को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मा. राज्?यमंत्री (स्?वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता जब मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक लेकर जाएंगे तो निश्चित ही भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 सीटों पर एक बड़ी जीत प्राप्त करेगी इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर पल देश के नाम, समाज के नाम, देश के पुनर्जागरण के नाम पर काम कर रहे हैं। जनसेवा के इस महायज्ञ को जारी रखने के लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद भी जरूरी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि, भाजपा का एक-एक बूथ अध्यक्ष पूरी ताकत के साथ उत्तर प्रदेश में विजयश्री हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें जुट जाना है और हर बूथ पर प्रचंड बहुमत के साथ विजय हासिल करनी है। बूथ जीता चुनाव जीता मूल मंत्र पर सक्रिय रहकर हर देवतुल्य कार्यकर्ताओं को कार्य करना है।। बूथ अध्यक्ष पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी है। बूथ का देवतुल्य कार्यकर्ता ही लोकसभा फ़िरोज़ाबाद में प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। भाजपा के सभी कर्मठशील बूथ अध्यक्ष फ़िरोज़ाबाद लोकसभा सहित पूरे प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है।

ऊर्जावान बूथ के कार्यकर्ताओं के दम पर विपक्षियों दलों को धराशायी होंगे। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत।लोकसभा फ़िरोज़ाबाद में हर बूथ को मज़बूत बनाने के मोदी जी की गारंटी वाले संकल्प पत्र को अपने अपने बूथों पर हर घर तक पहुँचना है। आप सभी को अपने बूथ में विपक्ष को हराना ही नहीं है बल्कि प्रचंड अंतर से हराना है। बूथ सम्मेलन को महापौर कामिनी राठौर, लोकसभा प्रभारी शिवशंकर शर्मा, लोकसभा संयोजक व्रन्दावन लाल गुप्ता, लोकसभा प्रवासी सुनील पाण्डे, विधानसभा प्रभारी बबिता चौहान, विधानसभा संयोजक सत्यवीर गुप्ता, सुनील शर्मा, शिवमोहन श्रोत्रिय ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी डॉ अमित गुप्ता, लोकसभा विस्तारक मंगलेश पाण्डे , आकाश शर्मा, उपसभापति श्याम सिंह यादव, आनन्द अग्रवाल, राजेन्द्र बौहरे, सतीश यादव, विनोद पचौरी, लायक सिंह शंखवार, उदय गुप्ता, प्रचीर सेठ, राजकुमार छिब्बर दिलीप इंजीनियर, सत्यशील गुर्जर, दीपक गुप्ता कालू, सुरेन्द्र राठौर, हिमांशु वशिष्ठ व सैकड़ों की संख्या में बूथ अध्यक्ष व पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का संचालन केशव फौजी द्वारा किया।

अवैध शस्त्र बनाते हुए दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

जसराना। थाना पुलिस ने अवैध असलाह बनाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से आठ देशी तमंचा बने हुए और कुछ अधबने तमंचा सहित बड़ी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण और सामान बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

थानाध्यक्ष जसराना अंजीश कुमार को उस समय बड़ी कामयाबी मिली, जब वह वाहन चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए अवैध शस्त्र बनाने का कार्य कर रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर बताये स्थान पर दबिश दी और वहां से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों ने अपने नाम देवेंद्र सिंह और रामाशंकर उर्फ छोटे निवासी थाना जसराना बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से 8 देशी तमंचे, 2 जिंदा कारतूस और 3 अधबने तमंचे व भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये। पूछताछ में पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि वह इन तमंचों को पांच हजार रुपये में बेंचते हैं। अवैध असलाह की बिक्री में देवेंद्र सिंह पूर्व में भी जेल जा चुका है।

संगीत उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर विकल्प विजय गर्ग

संगीत सबसे बड़ी मानवीय उपलब्धियों में से एक है। संगीत भावनाएँ पैदा कर सकता है और भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। यह मन को भी शांत करता है। संगीत आज एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। मनोरंजन उद्योग की अपार वृद्धि के साथ, संगीत में करियर तेजी से एक अच्छा विकल्प बनता जा रहा है। प्रतिभा, सच्ची रुचि, ईमानदारी और कड़ी मेहनत करने की इच्छा से संगीत के क्षेत्र में सफलता निश्चित रूप से हासिल की जा सकती है। गायन की जन्मजात प्रतिभा होना एक अद्भुत उपहार है। लेकिन इस प्रतिभा से करियर बनाने के लिए बहुत अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। किसी संस्थान से जुड़ना और प्रशिक्षण प्राप्त करना संगीत में करियर बनाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन व्यक्ति का जोर वास्तविक समर्पण और प्रतिबद्धता पर होना चाहिए। जो व्यक्ति संगीत में अपना करियर बनाना चाहता है, उसके अंदर संगीत के प्रति सच्चा प्रेम, संगीत की समझ यानी समय और लय की समझ, रचनात्मक क्षमता और मंच पर आत्मविश्वास भी होना चाहिए। संगीत उद्योग में कैरियर विकल्प जिस तरह संगीत में शास्त्रीय, लोक, जैज़, रॉक, पॉप, फ्यूजन आदि विधाओं की व्यापक विविधता है, उसी तरह इस क्षेत्र में भी अवसरों की विविधता है। जैसा कि नीचे चर्चा की गई है, इस उद्योग में कई करियर विकल्प हैं। संगीतकार- एक संगीतकार वह होता है जो विभिन्न संगीत शैलियों में मौलिक संगीत लिखता और व्यवस्थित करता है। वे पॉप से ??लेकर जैज़ और शास्त्रीय संगीत तक का मूल संगीत बनाते हैं। टेलीविज़न शो के लिए संगीत विषय और पृष्ठभूमि संगीत संगीतकारों द्वारा बनाए जाते हैं। एक संगीतकार का काम दर्शकों का ध्यान भटकाए बिना किसी फिल्म, टेलीविजन कहानी, नाटक या वीडियो गेम में कहानी बताने में मदद करना है। उनके द्वारा बनाया गया साउंडट्रैक प्रोजेक्ट के अनुरूप होना चाहिए और उचित मूड और टोन को व्यक्त करना चाहिए। एक संगीतकार में धैर्य, संगीत प्रतिभा, वाद्ययंत्रों का ज्ञान, नेटवर्किंग और मार्केटिंग, गायन आदि गुण मौजूद होने चाहिए। पेशेवर संगीतकार बनने के लिए संगीत रचना में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होगी। एक संगीतकार सालाना लगभग 7,00,000 रुपये कमा सकता है, बाकी काम और अनुभव पर निर्भर करता है। निर्माता- संगीत निर्माता रिकॉर्डिंग सत्र के सभी पहलुओं की देखरेख करता है, जिसमें सत्र की योजना बनाने से लेकर तैयार उत्पाद तक शामिल है। एक संगीत निर्माता के रूप में, आप उपकरण उपलब्ध कराने, स्टूडियो समय निर्धारित करने और धन, लागत और अन्य खर्चों को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे। एक संगीत निर्माता को संगीत का गहन ज्ञान होना चाहिए, प्रदर्शन के अनुभव वाला संगीतकार होना चाहिए और रिकॉर्डिंग उपकरण और ध्वनि इंजीनियरिंग के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। आपके द्वारा उत्पादित अंतिम उत्पाद एक गुणवत्तापूर्ण संगीत कृति का निर्माण और प्रकाशन होना चाहिए। एक संगीत निर्माता के रूप में आपकी नौकरी का एक प्रमुख पहलू गुणवत्तापूर्ण ध्वनियाँ बनाना है जो अन्य सभी सदस्यों को संतुष्ट करती हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन और इंजीनियरिंग या म्यूजिक बिजनेस में बैचलर ऑफ म्यूजिक जैसी डिग्री आपके लिए म्यूजिक प्रोड्यूसर बनने में मददगार साबित होगी। एक अनुभवी निर्माता प्रति वर्ष 12,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीतकार या गायक- संगीतकार और गायक लाइव दर्शकों और रिकॉर्डिंग स्टूडियो में वाद्ययंत्र बजाते हैं या गाते हैं। वे शास्त्रीय, जैज़, ओपेरा, हिप-हॉप या रॉक जैसी विभिन्न शैलियों में प्रदर्शन करते हैं। संगीतकारों का काम वाद्ययंत्र बजाना और कभी-कभी लाइव दर्शकों और रिकॉर्डिंग सत्र दोनों के लिए गाने गाना है। जबकि, एक गायक किसी गीत का मुख्य गायन करता है। एक गायक किसी ट्रैक की मुख्य स्वर पंक्ति गाता है। वह प्रदर्शन का मुख्य फोकस होता है, एक बैंड के विपरीत, जिसके नियमित सदस्य होते हैं जो दौरा करते हैं, रिकॉर्ड करते हैं और आम तौर पर बराबर बजाते हैंएक साथ प्रदर्शन में भूमिकाएँ। संगीत सिद्धांत या संगीत प्रदर्शन में स्नातक की डिग्री की सिफारिश की जाती है। एक गायक या संगीतकार की वार्षिक आय पूरी तरह से गायक की क्षमता और प्रतिभा पर निर्भर करती है। ध्वनि डिजाइनर- ध्वनि डिजाइनर सभी ध्वनि प्रभावों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार हैं, चाहे वे किसी विशिष्ट उत्पादन के लिए रिकॉर्ड किए गए हों या लाइव हों। वे ध्वनि प्लेबैक उपकरण स्थापित करने के लिए भी जिम्मेदार हैं और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोर्ड ऑपरेटर ठीक से प्रशिक्षित है। साउंड डिज़ाइनिंग उत्पादन का एक कलात्मक घटक है। साउंड डिज़ाइनर के पास ध्वनि प्रभाव बनाने की कल्पनाशक्ति होनी चाहिए, न कि केवल उन्हें पुनः रिकॉर्ड करने की। किसी फिल्म के माहौल के लिए निर्देशक की रचनात्मक दृष्टि को समझने और साकार करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, अच्छी ध्वनि रिकॉर्डिंग उत्पादन के समय और पोस्ट-प्रोडक्शन में पैसा बचा सकती है। एक साउंड डिजाइनर के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और साउंड रिकॉर्डिंग, प्लेबैक और संपादन उपकरण की अच्छी समझ, उत्कृष्ट श्रवण कौशल और दिशा देने और स्वीकार करने की क्षमता होनी चाहिए। साउंड डिज़ाइनर बनने के लिए साउंड डिज़ाइन में स्नातक और मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। एक साउंड डिजाइनर प्रति वर्ष 6,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीत निर्देशक- संगीत निर्देशकों को कंडक्टर के रूप में भी जाना जाता है, वे ऑर्केस्ट्रा आदि जैसे संगीत समूहों का नेतृत्व करते हैं। वे प्रदर्शन के लिए संगीत का चयन करते हैं, प्रदर्शन की व्यवस्था करते हैं और संगीतकारों के साथ काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। वे रिहर्सल और प्रदर्शन का नेतृत्व भी करते हैं। वे अक्सर संगीत समूह का नेतृत्व करने के कई प्रशासनिक विवरणों के लिए जिम्मेदार होते हैं। संगीत निर्देशक विभिन्न प्रकार के संगीत समूहों के साथ काम करते हैं, जिनमें स्कूल बैंड, युवा ऑर्केस्ट्रा और प्रदर्शन कंपनियां शामिल हैं, या वे टेलीविजन या रेडियो शो के लिए भी काम कर सकते हैं। एक सफल संगीत निर्देशक रचनात्मक, दृढ़ और भरोसेमंद होता है। उनके पास उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल है और वे भीड़ के सामने चमकते हैं। प्रदर्शन कला में एक संगीत निर्देशक के पास संचालन, संगीत सिद्धांत, संगीत रचना, या एक विशिष्ट उपकरण जैसे संगीत कार्यक्रमों में मास्टर और पीएचडी की डिग्री होती है। एक संगीत निर्देशक का औसत वार्षिक वेतन लगभग 9,00,000 रुपये है। संगीत संपादक- संगीत संपादक निर्देशकों को फिल्मों में उनकी संगीत संबंधी महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने में मदद करते हैं और फिल्म और संगीतकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी प्रदान करते हैं। वे साउंडट्रैक की संरचना करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी घटक एक साथ काम करते हैं। फ़िल्म संगीत के सफलतापूर्वक काम करने के लिए इसे खूबसूरती से लिखा जाना चाहिए, अच्छा प्रदर्शन किया जाना चाहिए और कहानी और सेटिंग के अनुरूप होना चाहिए। इसके अलावा, इसे बहुत सावधानी से फिल्म के भीतर रखा जाना चाहिए, ताकि एक्शन को अलग करने के बजाय उसे पूरक बनाया जा सके। प्रत्येक फिल्म की संगीत सामग्री और बजट के अनुसार उनकी जिम्मेदारियाँ अलग-अलग होती हैं। वे आम तौर पर फिल्म साउंडट्रैक पर प्रदर्शित सभी संगीत के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिसमें प्रस्तुत संगीत, सभी स्रोत और संगीतकार द्वारा विशेष रूप से फिल्म के लिए लिखे गए स्कोर शामिल हैं। संगीत संपादक के रूप में अपना करियर बनाने के लिए संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। एक संगीत संपादक सालाना 6,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीत शिक्षक- संगीत शिक्षक घर, स्कूल या कॉलेज में विद्यार्थियों यानी वयस्कों और बच्चों को संगीत वाद्ययंत्र बजाने या गाने के बारे में संगीत की शिक्षा देते हैं। कुछ संगीत शिक्षक लोगों को संगीत सिद्धांत के बारे में भी पढ़ाते हैं। वे लोगों को वाद्य तकनीक, स्केल, दृष्टि पढ़ना और संगीत सिद्धांत सिखाने के लिए जिम्मेदार हैं, अधिकांश संगीत शिक्षक विद्यार्थियों को संगीत परीक्षाओं, ऑडिशन और लाइव प्रदर्शन के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। कुछ लोग लोगों को रिकॉर्डिंग सॉफ़्टवेयर के बारे में भी सिखा सकते हैं, जैसे कि पीआरश उपकरण और तर्क। जबकि संगीत का उपहार साझा करना फायदेमंद और संतुष्टिदायक हो सकता है, संगीत सिखाना सिर्फ संगीत के बारे में नहीं है। आपके पास प्रभावी कक्षा प्रबंधन कौशल होना चाहिए और यह जानना होगा कि अपने छात्रों की प्रगति का आकलन और ग्रेडिंग कैसे करें। संगीत शिक्षकों के पास संगीत शिक्षा में कम से कम स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, लेकिन कई शिक्षक संगीत प्रदर्शन या संगीत शिक्षा में मास्टर डिग्री या डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल करते हैं। एक संगीत शिक्षक प्रति वर्ष लगभग 4,50,000 रुपये कमा सकता है। रिकॉर्डिंग इंजीनियर- एक रिकॉर्डिंग इंजीनियर का काम केवल ऑडियो रिकॉर्ड करना नहीं है, बल्कि इसे संपादित करना और इस तरह से मिश्रण करना है कि ऑडियो ध्वनि को यथासंभव सर्वोत्तम बनाया जा सके। सर्वोत्तम ध्वनिक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए आप लाइव इवेंट, रिकॉर्डिंग या पोस्ट-प्रोडक्शन में ध्वनि उपकरण स्थापित और संचालित करेंगे। आमतौर पर रिकॉर्डिंग इंजीनियर द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों में डिजिटल रिकॉर्डर, सुनने के उपकरण, मिक्सिंग बोर्ड और परिष्कृत कंप्यूटर प्रोग्राम और सॉफ्टवेयर शामिल हैं। रिकॉर्डिंग इंजीनियर को कला और विज्ञान के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना चाहिए और कलाकार के संगीत संबंधी सपनों को साकार करने के लिए उसकी जरूरतों को संप्रेषित करने और समझने में सक्षम होना चाहिए। इसके लिए कंप्यूटर, इंजीनियरिंग या सूचना विज्ञान या समकक्ष में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। एक साउंड इंजीनियर का औसत वेतन 4,00,000 रुपये प्रति वर्ष है। संगीत स्टूडियो प्रबंधक- स्टूडियो प्रबंधक सत्र से पहले भवन रखरखाव और स्टूडियो तैयारी की देखरेख करके स्टूडियो को कुशलतापूर्वक चलाना सुनिश्चित करते हैं। संगीत उद्योग में काम करने वाले स्टूडियो प्रबंधक आमतौर पर रिकॉर्डिंग स्टूडियो की देखरेख करते हैं और रिकॉर्डिंग के लिए कलाकारों को शेड्यूल करते हैं। कुछ संगीत स्टूडियो प्रबंधक रिकॉर्डिंग स्टूडियो के मालिक भी हैं। वे मार्केटिंग और विज्ञापन की देखरेख करते हैं, बजट डिजाइन करते हैं और ग्राहकों और इंजीनियरों के बीच कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। क्योंकि वे अक्सर वित्तीय मामलों को संभालते हैं, इच्छुक रिकॉर्डिंग स्टूडियो प्रबंधकों को भी वित्तीय पृष्ठभूमि होने से लाभ होता है। वे एक पेशेवर रिकॉर्डिंग स्टूडियो के लिए आवश्यक सभी आवश्यक उपकरण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं। एक स्टूडियो मैनेजर के संगीत व्यवसाय में जितने अधिक संपर्क होंगे, रिकॉर्डिंग स्टूडियो की व्यावसायिक सफलता की संभावना उतनी ही बेहतर होगी। उनके पास आमतौर पर संचार, प्रसारण, संगीत उत्पादन या इंजीनियरिंग में शैक्षिक पृष्ठभूमि होती है। एक स्टूडियो मैनेजर का शुरुआती वेतन लगभग 4,00,000 रुपये प्रति वर्ष है। वाद्ययंत्रवादक- वाद्यवादक एक संगीतकार होता है जो एक या एक से अधिक संगीत वाद्ययंत्र बजाता है और विभिन्न प्रकार की संगीत शैलियों का प्रदर्शन करता है। वाद्ययंत्रवादक एकल कलाकार के रूप में प्रदर्शन कर सकता है या संगत के साथ गायन में बजा सकता है, या ऑर्केस्ट्रा या बैंड जैसे संगीत समूह के सदस्य के रूप में कार्य कर सकता है। लाइव प्रदर्शन में प्रदर्शन करने और संगीत स्टूडियो में रिकॉर्डिंग में भाग लेने के अवसर भी मिलेंगे। ऐसे कई गुण हैं जो एक वाद्ययंत्र वादक की सफलता में मदद करते हैं, जिसमें एक या अधिक वाद्ययंत्र बजाने में संगीत कौशल के क्षेत्र में उच्च स्तर की शिक्षा और अनुभव, संगीत पत्रक को पढ़ने और उनसे बजाने की क्षमता और उनके भुगतान के तरीके को अपनाना शामिल है। उनका वाद्ययंत्र दर्शकों द्वारा वांछित विशिष्ट शैली पर निर्भर करता है। इस करियर में सफल होने के लिए एक लचीला व्यक्ति होना और कई प्रकार के समूहों के सामने प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहना आवश्यक है। हालाँकि एक वाद्ययंत्र वादक के लिए कोई विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकता नहीं है, उन्हें अपनी पसंद का वाद्ययंत्र बजाने में अत्यधिक कुशल होना चाहिए जो केवल वर्षों के अभ्यास और प्रशिक्षण के साथ ही आ सकता है। एक वाद्ययंत्र वादक की आय उसके द्वारा बजाए जाने वाले वाद्ययंत्र के प्रकार पर निर्भर करती है। अगर आपमें जुनून है संगीत के लिए, आप देख सकते हैं कि संगीत से संबंधित विभिन्न प्रकार के करियर उपलब्ध हैं। प्रत्येक संगीत कैरियर के लिए एक अद्वितीय कौशल सेट और अन्य आवश्यक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है। यह पता लगाने में समय व्यतीत करना महत्वपूर्ण है कि कौन सा रास्ता आपके लिए सही है। आप अपनी इच्छा और रुचि के अनुसार उपरोक्त में से किसी भी पेशे को अपने करियर के रूप में चुन सकते हैं। विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शैक्षिक स्तंभकार मलोट.

जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात

भारत की सियासत में अनेक नेता अजेय माने जाते है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ऐसे ही नेताओं में से एक थे ,लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटल जी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। माधवराव सिंधिया ने 1971 ,77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था । माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में माधवराव सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए गवालियर सीट सेअटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ ग्वालेऔर सीट से मैदान में खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था । मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी। माधवराव सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। अटल बिहारी वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लड़ूगा।अटल जी ने ये प्रस्ताव भावुकता में किया था ,उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसलना आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था। भाजपा 1984 के लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश में थी। जिसके लिए पहले कोटा और बाद में ग्वालियर सीट पर विचार किया गया,अंत में ग्वालियर सीट से उनका नाम फाइनल किया था क्योंकि ये सीट राजमाता के प्रभाव वाली सीट थी। मजे की बात ये है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्वालियर से चुनाव लड़ने से पहले माधवराव सिंधिया से पूछा था कि आप ग्वालियर से तो चुनाव नहीं लड़ेंगे ? दोनों के रिश्ते बहुत मधुर थे। माधवराव सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे तो गुना से चुनाव लड़ते हैं। ग्वालियर से क्यों लड़ेंगे ?। लेकिन ऐन मौके पर जब राजीव गांधी ने माधवराव सिंधिया की सीट बदल दी तो खुद माधवराव सिंधिया अवाक रह गए। 1984 -85 में अटल बिहारी वाजपेयी वैसे तो माधवराव सिंधिया की उम्मीदवारी सामने आते ही आधा चुनाव हार गए थे ,लेकिन उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। पांव में तकलीफ के बाद भी वे प्लास्टर बांधकर चुनाव प्रचार करते ह्द्ध। भाजपा के कुछ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अटल जी कि ऊँट पल पर हुई सभा में बम रखे होने की अफवाह उड़ाई और एक नारियल छिपकर रख दिया लेकिन हवा को नहीं बदलना था ,सो नहीं बदली। अटल जी मन मारकर गलीई-गली चुनाव प्रचार करते रह। खुद राजमाता ने सार्वजनिक रूप से अटल जी का प्रचार किया लेकिन उनका दिल आपने बेटे की जीत के लिए धड़क रहा थ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी राजमाता के मन की बात सुनी और अटल जी का साथ छोड़ दिया। अटल जी को चुनाव है=रना था सो चुनाव हार गए। चुनाव परिणामों की अंतिम घोषणा से पहले ही अटल जी ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में एक खीज भरी मुस्कराहट बिखेरते हुए कहा कि - ग्वालियर से चुनाव लड़कर मैंने मां -बेटे की लड़ाई को महल तक सीमित रहने दिया। उसे सड़क पर नहीं आने दिया।मुझे अच्छी तरह से याद है कि अटल जी ने कहा था कि- अगर मैं इस सीट से चुनाव नहीं लड़ता तो माधवराव सिंधिया के खिलाफ राजमाता चुनाव लड़ जाती और मैं यही नहीं चाहता था। आपको याद होगा कि राजमाता में राजहठ बहुत था। इससे पहले वे पार्टी के मना करने के बावजूद रायबरेली से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़कर हार चुकी थी।भाजपा कि सिंधिया परिवार के प्रति भक्ति अटल जी की हार का कारण बनी । कांग्रेस ने जब माधवराव सिंधिया को कांग्रेस से बाहर कर दिया था उस समय भी भाजपा ने सिंधिया को ग्वालियर से वॉक-ओव्हर देते हुए अपने प्रत्याशी को मैदान से हटा लिया था,वो भी केवल राजमाता की वजह से। 1984 -85 के लोकसभा चुनाव में पहली बार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने पिता माधवराव सिंधिया के समर्थन में रैली की थी। ये उनकी पहली रैली थी। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र मात्र 14 साल थी। उन्होंने अपनी मां के साथ अपने माधवराव सिंधिया के लिए चुनाव प्रचार किया था। वहीं, राजमाता ने चुनाव प्रचार में केवल एक रैली को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि एक ओर पूत है, दूसरी ओर सपूत।

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

संपादकीय

13 अप्रैल 1919- जलियांवाला बाग नरसंहार

हर साल 13 अप्रैल का दिन हर्षोल्लास से बैसाखी के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है पर इसी 13 अप्रैल के साथ भारतीय स्वतंत्रा संग्राम के इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना भी जुडी हुई है। सन 1919 में बैसाखी के दिन जलियांवाला बाग में रॉलट एक्ट के विरोध में शांतिपूर्वक ढंग से जनसभा कर रहे निहत्थे लोगों को अंग्रेज ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने गोलियों से भुनवा दिया था। जलियांवाला बाग नरसंहार भारत की आजादी के इतिहास की वो काली घटना है, जिसने ÷अंग्रेजी राज÷ का क्रूर और दमनकारी चेहरा सारी दुनिया के सामने बेपर्दा किया। यह घटना इतनी भयावह और क्रूर थी कि आज भी सोचने पर भय से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उस नरसंहार का दृश्य कैसा रहा होगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सन 1919 में भारत और खासकर पंजाब में आजादी की आवाज तेज होती देख अंग्रेजों ने जलियांवाला कांड को अंजाम दिया था। इस नरसंहार से लगभग एक माह पूर्व 8 मार्च को ब्रिटिश हकूमत ने भारत में रॉलट एक्ट पारित किया था। रॉलट एक्ट से ब्रिटिश सरकार भारतीयों की आवाज दबाने की कोशिश में थी। रॉलट एक्ट के तहत ब्रिटिश सरकार किसी भी भारतीय को कभी भी पकड़कर बिना कोई केस किए जेल में डाल सकती थी। पूरे देश में इस एक्ट के विरोध में सभाएं और विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। असल में प्रथम विश्व युद्ध के समय जो कि 1914 से 18 तक चला में भारतीय नेताओं और जनता ने खुल कर ब्रिटिशों का साथ दिया था। 13 लाख भारतीय सैनिक यूरोप, अफ्रीका और मिडल ईस्ट में ब्रिटिशों की तरफ से तैनात किए गए थे। जिनमें से 43,000 भारतीय सैनिक युद्ध में शहीद हुए थे। युद्ध समाप्त होने पर भारतीय नेता और जनता ब्रिटिश सरकार से सहयोग और नरमी के रवैये की आशा कर रहे थे परंतु ब्रिटिश सरकार ने मॉण्टेगू-चेम्सफोर्ड सुधार कानून लागू कर दिए जो इस भावना के विपरीत थे। लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पंजाब के क्षेत्र में ब्रिटिशों का विरोध कुछ अधिक बढ़ गया था जिसे भारत प्रतिरक्षा विधान-1915 लागू कर के कुचल दिया गया था। उसके बाद 1918 में एक ब्रिटिश जज सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में एक सेडीशन समिति नियुक्त की गई थी। जिसकी जिम्मेदारी ये अध्ययन करना था कि भारत में विशेषकर पंजाब और बंगाल में ब्रिटिशों का विरोध किन विदेशी शक्तियों की सहायता से हो रहा था। इस समिति के सुझावों के अनुसार भारत प्रतिरक्षा विधान (1915) का विस्तार कर के भारत में रॉलट एक्ट लागू किया गया था। जो आजादी के लिए चल रहे आंदोलन पर रोक लगाने के लिए था। जिसके अंतर्गत ब्रिटिश सरकार को और अधिक अधिकार दिए गए थे जिससे कि वह प्रेस पर सेंसरशिप लगा सकती थी, नेताओं को बिना मुकदमें के जेल में रख सकती थी, लोगों को बिना वॉरण्ट के गिरफ़्तार कर सकती थी, उन पर विशेष ट्रिब्यूनलों और बंद कमरों में बिना किसी जवाबदेही के मुकदमा चला सकती थी। इसके विरोध में पूरा भारत उठ खड़ा हुआ और देश भर में लोग गिरफ्तारियां देने लगे। देश भर के बड़े-बड़े नेताओ को गिरफ्तार कर लिया गया।इस फैसले के खिलाफ 9 अप्रैल को पंजाब के बड़े नेताओं डॉ. सत्यपाल और सैफुद्दीन किचलू ने धरना प्रदर्शन किया, जिन्हें प्रशासन ने गिरफ्तार कर कालापानी की सजा सुना दी। 10 अप्रैल को नेताओं की गिरफ्तारी का पंजाब में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए ब्रिटिश सरकार ने मार्शल लॉ लगा दिया। परन्तु इसके बावजूद लोगों अपने नेताओ की गिरफ्तारी और रॉलट एक्ट के विरोध में प्रदर्शन करते रहे। पजांब के कुछ स्थानीय नेताओं ने जलियांवाला में 13 अप्रैल 1919 बैसाखी की सुबह एक शांतिपूर्ण विरोध सभा का आयोजन किया। जलियांवाला बाग के पास ही स्वर्ण मंदिर है जहां बैसाखी दिवस के उपलक्ष में युवाओं के साथ-साथ बच्चे, बूढे और औरते भी आए हुए थे। वो लोग भी काफी संख्या में अपने नेताओं को सुनने के लिए जलियांवाला बाग पहुंच गए। इस तरह उस सभा में हजारों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए। उस समय पंजाब का लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ ड्वायर था। उसे जैसे ही प्रदर्शन की खबर लगी तभी उसने ब्रिगेडि?यर जनरल रेजीनॉल्ड डायर को प्रदर्शन रोकने के लिए कार्यवाई करने का हुक्म दिया। जनरल डायर बिना देर किए अपने सैनिको के साथ मौके पर पहुंच गया। वो अपने सशस्त्र सैनिकों के साथ बाग में घुस गया और एकमात्र निकासी द्वार को बंद कर दिया गया। डायर ने बाग में घुसते ही प्रदर्शनकारियों को बिना कोई चेतावनी दिए अपने सैनिकों को वहां मौजूद लोगों पर गोलीयां चलाने का आदेश दे दिया। हजारों लोगों का कत्लेआम शुरू हो गया और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा था। अंग्रेजी सैनिकों ने लगातार 15 मिनट तक औरतों , बच्चों, बूढ़ों और जवानों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई और 1600 से 2000 राउंड फायर किए गए। इस गोलीबारी से बचने के लिए लोगों ने वहां मौजूद एक कुएं में छलांग लगानी शुरू कर दी। कुआं इतना गहरा था कि कोई बच न सका, देखते ही देखते कुएं में भी लाशों का ढेर लग गया। जलियांवाला बाग हत्याकांड में हजारों लोगों की जान गई। लेकिन इसका असल आंकड़ा आज तक पता नहीं लग सका। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के अनुसार इस नरसंहार में कुएं में गिरकर 120 लोग और गोलीबारी से 484 की जान गई। वहीं उस जमाने के बड़े नेता मदन मोहन मालवीय का कहना था कि इस कांड में 1300 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इस नरसंहार को अंजाम देने वाले जनरल डायर का कहना था कि ÷भारतीय को ऐसा सबक सिखाना जरूरी था और वो तो बाग का प्रवेश द्वार छोटा था नही तो मैं वहां बख्तरबंद गाडिया घुसा, उन पर लगी मशीनगनों से फायरिंग करवाता÷। उस समय पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर ने डायर के इस बहशीयाना कांड से खुश हो के ब्रिटिश सरकार से डायर की पदउन्नति की सिफारिश की और उसे शाबाशी भी दी। इस नरसंहार ने उस समय पूरे देश ही नही विश्व को हिला कर रख दिया था।

दैनिक राशिफल 15/04/2024



1.मेष

थोड़ी कोशिश से ही कार्यसिद्धि होगी। समाज में पूछ-परख बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बाहर जाने का मन बनेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रतिष्ठित व्यक्ति सहयोग करेंगे।

2.वृष

घर के वृद्धजनों पर विशेष ध्यान देना होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धनार्जन होगा। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। व्यस्तता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए काम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्र व संबंधी सहयोग प्रदान करेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

3.मिथुन

प्रॉपर्टी के कार्य लाभदायक रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। जल्दबाजी न करें।

4.कर्क

दांपत्य जीवन में खुशी रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिल सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कारोबारी क्षमता तथा आमदनी में वृद्धि के योग हैं।

5.सिंह

जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबारी बड़े निर्णय ले सकते हैं। स्थायी संपत्ति में वृद्धि तथा बड़ा लाभ हो सकता है। नौकरी में प्रमोशन तथा रोजगार की प्राप्ति संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। बाहरी व्यक्ति पर ध्यान दें।

6.कन्या

मित्र, संबंधी व परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। यात्रा सफल रहेगी। बौद्धिक कार्य पूर्ण लाभ देंगे। थकान रहेगी। विरोध होगा। मातहतों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। कोई अपरिचित मार्गदर्शक मिल सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। गरीबों को भोजन कराएं।

7.तुला

अपनों का व्यवहार पसंद नहीं आएगा। बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कार्यों में अवरोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रयास करते रहें।

8.वृश्चिक

घर-बाहर मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत रंग लाएगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर से दूर प्रवास की योजना बनेगी। आय में वृद्धि होगी। आकांक्षाएं पूर्ण होने के योग हैं। मित्र व संबंधी के साथ समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

9.धनु

पारिवारिक मित्र व संबंधियों का आगमन होगा। अच्छी खबर प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। विवाद से क्लेश हो सकता है। पुरानी व्याधि उठ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। संपत्ति व मशीनरी आदि के नवीनीकरण पर खर्च अधिक हो सकता है जिसका तत्काल लाभ नहीं होगा।

10.मकर

घर में सहयोग नहीं मिलेगा। उत्तेजना व क्रोध पर नियंत्रण रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें। भागदौड़ रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेमतलब आरोप लग सकते हैं। व्यवसाय धीमा चलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

11.कुंभ

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। किसी के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। अपरिचितों पर अतिविश्वास बड़ी हानि दे सकता है। पार्टनरों से मतभेद तनाव दे सकता है। समय पर काम पूर्ण नहीं होने से चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

12.मीन

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए काम प्रारंभ करने का मन बनेगा। प्रसन्नता रहेगी। परिवार में मतभेद हो सकता है। विवाद न करें।

आपका दिन मंगलमय हो

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी

संक्षिप्त ख़बरें

प्राण आहूत करने वाले अग्निकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

कुशीनगर। अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी लाइन उमेशचन्द भट्ट व अन्य अधिकारीगणों द्वारा दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा सप्ताह हेतु फायर रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

धूमधाम से मनायी गयी अम्बेडकर जयन्ती

रूद्रपुर, देवरिया। स्थानीय उप नगर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूम-धाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में एक रैली भी निकाली गई और समापन स्थल पर केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया। रविवार को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सुबह से बसपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा।उप नगर निवासी सभासद उपेंद्र मास्टर, नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी मन्मथ त्रिपाठी, जय बहादुर गौतम आदि ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नगर में एक रैली निकाली और रैली के समापन स्थल पर केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाया। वहीं भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न संगठनों ने भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए। इसी के साथ रविवार को मेष संक्रांति के अवसर पर पड़ने वाले सतुआन त्यौहार को भी धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने जौ और चने के सत्तू का आम और पुदीना की चटनी के साथ भरपूर स्वाद लिया। गर्मी के महीने में सत्तू खाने से स्वास्थ ठीक रहता है।

अंबेडकर जयंती पर संविधान बचाने का संकल्प लेना होगा - चंद्रभूषण

देवरिया। डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर अंबेडकर जंयती के अवसर पर अंबेडकर साहब के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करने के बाद सपा नेता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि संविधान है तो बाबा साहब डा अंबेडकर हैं इसलिए संविधान बचाने का संकल्प लेना होगा। यादव ने कहा कि बाबा साहब डा अंबेडकर द्वारा संविधान में समता और सबके प्रतिनिधित्व के अधिकार के साथ हिन्दू धर्म त्याग बुद्धिज्म अपनाने का मार्ग प्रदान किया उसे भी बाधित कर जबरिया कैद करने की नाकाम कोशिशें गुजरात से शुरू हो गई हैं। गुजरात में एक सर्कुलर जारी किया गया है कि हिन्दू धर्म त्यागने और बौद्ध धर्म अपनाने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। यादव ने कहा कि भाजपाई आज बाबा साहब की प्रतिमा पर माला और उनके विचारों पर ताला लगाने में मशगूल हैं जिससे सतर्क होना होगा और इनके घड़ियाली आंसू की वास्तविकता को समझते हुए संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध होना ही बाबा साहब की जयंती पर उन्हें दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान सुरेश नारायण सिंह यादव, इकबाल अहमद, व्यास यादव,अयोध्या वर्मा, जाहिद अख्तर खां, ओपी यादव, जितेंद्र यादव चुन्नू, सचिन प्रसाद, अशोक यादव, श्यामराज कन्नौजिया, सोनू यादव, चौथी प्रसाद, परमहंस यादव, उत्तिम यादव आदि मौजूद रहे।

नगर क्षेत्र में निकाली गई शोभायात्रा, जुलूस

जन जागरण रैली के दौरान पुलिस अधिकारी,कर्मचारीगण के साथ मौजूद रहकर कार्यक्रम को सकुशल कराया जा रहा सम्पन्न

सम्बन्धित अधिकारीगण को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

मीरजापुर। रविवार को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा नगर क्षेत्र में रामनवमी पर्व के मद्देनजर निकाली गई शोभायात्रा/जुलूस/जन जागरण रैली को सकुशल एवं निर्बाध रूप से शांति एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस बल के अन्य अधिकारीगण सहित पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौजूद रहकर कार्यक्रम/जुलूस को सम्पन्न कराया जा रहा है । उक्त कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक को0शहर, प्रभारी निरीक्षक को0कटरा, प्रभारी यातायात सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

समाज के प्रखर स्वर रहे बीआर अंबेडकर - विनय जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर की जन्म जयंती पर रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के कठकुइयाँ मोड़ तिराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया। इसके पूर्व नपा कर्मचारियों द्वारा हर दिन की भांति आज भी बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा की धुलाई और सफाई की गई। इस दौरान जायसवाल ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। साथ ही बाबा साहेब के संविधान की दूरदृष्टि के कारण ही आज समाज का हर व्यक्ति एकसूत्र में बंधा हुआ है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नपा पडरौना विगत सात वर्षों से लगातार नगर में मौजूद सभी राष्ट्रपुरुषों व महापुरुषों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन धुलाई, सफाई और माल्यार्पण कर इन हुतात्माओं को सम्मान देता आया है। साथ ही उन्होंने बताया कि बाबा साहब के संविधान को समय समय पर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होंने पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सभासद प्रमोद श्रीवास्तव, पीयूष सिंह, पवन पांडेय, राधाकृष्ण यादव, निरंजन शर्मा, राजेश कुशवाहा, अजय साह, गौरव रौनियार, कुन्दन सिंह, मंथन सिंह, रियाजुद्दीन, महेंद्र प्रसाद, मनऊवर, श्याम जायसवाल, अरुण कुमार सिंह, राजेश जायसवाल, घनश्याम यादव, भगत यादव, सागर जायसवाल, सोनु शर्मा, अभिषेक चौधरी, परवेज, गौरव कुमार, शोएब, शशांक केशरवानी, दिनेश चौधरी, रामदयाल, सुमित वर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

तेज गति से आ रही ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर चाय के दुकान में घुसी ,एक गम्भीर

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर/खजनी। खजनी कस्बा क्षेत्र में आज सुबह बड़ी घटना टल गई, दर्जनों लोग मौत के मुख से बाहर हुए ,वही एक चिकित्सक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको आनन फानन में जिलाअस्पताल भेज दिया गया । चाय बिक्रेता प्रेम कुमार का काफी नुकसान हुआ । मौके पर पहुंची खजनी पुलिस ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए भेज दिया । मामला खजनी थाना क्षेत्र का है ,जहाँ सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉक कर लोग चाय की चुस्की लेने पहुंचे थे कि अचानक तेज गति आ रही ट्रेक्टर दुकान तोड़ते हुए घुस गई, उसी दौरान सर्वाधिक लोग कूद कर जान बचाए ,लेकिन डॉ के अली का पैर फंस गया, जिसके वजह से ट्रेक्टर के चपेट में आ गए , वही चाय बिक्रेता प्रेम कुमार का परिवार बाल बाल बचा ,आस पास खड़े लोग कूद कर अपनी जान बचाए ,ट्रेक्टर पर सरिया लदा हुआ था । सूचना पर पहुंची खजनी पुलिस ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर चालक के तलास में जुट गई ।

नगर पंचायत गोला कार्यालय पर मनाया गया डॉ भीमराव की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाजार, गोरखपुर । नगर पंचायत गोला कार्यालय पर रविवार को डॉ भीम राव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती मनायी गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हे याद किया।

इस दौरान भाजपा के जिलाकोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि अपनी पीढ़ी के सबसे ज्यादा शिक्षित व्यक्ति थे। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक विश्व के सभी धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन किया। साल 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद, बी.आर. अंबेडकर देश के पहले कानून मंत्री बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं चेयरमैन लालती देवी ने कहा कि डॉ साहब के बताए गये रास्ते पर चलने से सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर डॉ राजेश जयसवाल, श्रीकांत निषाद, सोनू वर्मा, संदीप सोनकर, रमाशंकर, अशोक, महबूब अली, लल्लन मद्देशिया, रणजीत सिंह, अरूण त्रिपाठी, अमरनाथ जायसवाल आदि उपस्थित रहें।

जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर

● अंबेडकर साहब का पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्षों में लगा रहा- अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें और उनके आदर्शों को याद किया गया। मौके पर लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

नौतनवां क्षेत्र के ग्राम सभा निपनिया, जमुहानी, विषखोप, रेहरा, सेखुआनी, कोहरगड्डी, बभनी, परसामलिक, खैरहवा दूबे, पडौली, सेवतरी, बरगदवा समेत अन्य गांवों में बड़े ही धूमधाम के साथ संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। ग्राम सभा सेवतरी में भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सेवतरी स्थित बौद्ध बिहार से होकर ग्राम सभा सेवतरी व परसा होते हुए पुनः बौद्ध बिहार पहुंचकर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम सेवतरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जीतबहादुर यादव ने कहा कि बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चल कर ही समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकती है। पूर्व बीडीसी सदस्य सेवतरी एवं प्रधान प्रत्याशी अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब जीवन पर्यन्त समाज को एक डोर में बांधने के लिए संकल्पित रहे ऐसे में अंबेडकर साहब का पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्षों में लगा रहा। इस दौरान जय भीम के जयकारे से पूरा गांव गूंजायमान हो उठा तथा लोग डीजे धुन पर खूब थिरकते हुए नजर आए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सेवतरी चौकी की पुलिस तैनात रही। इसके साथ ही क्षेत्र के ग्राम सभा बरगदवा में बाइक रैली का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। बाइक रैली बरगदवा से चलकर रथ के साथ दर्जनों गांवों का भ्रमण करते हुए नौतनवां ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर पुलिस तैनात रही। इस दौरान जीतबहादुर यादव, अखिलेश यादव, राजमन यादव, दर्शन प्रसाद, कोलाहल भारती, श्रवण कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

प्रभु श्रीराम के विषम परिस्थितियों में साथ देकर निषादराज ने निभाया था मित्रवत धर्म - जितेन्द्र

स्वतंत्र प्रभात

बरहज, देवरिया। प्रभु श्री राम के परम मित्र व श्रृंगवेरपुर के महाराजा निषादराज गुह्य की जयंती धूमधाम से मनाई। विजय कटरा स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने महाराजा गुह्यराज का पूजन-अर्चन किया और समाज की उन्नति, तरक्की व स्वरोजगार की रूपरेखा तय की। निषाद जितेन्द्र भारत ने कहा कि महाराज निषादराज गुह्य का जन्म त्रेतायुग में चैत शुक्ल पक्ष पंचमी को श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज में हुआ था। प्रभु श्री राम के विषम परिस्थितियों में साथ देकर निषादराज ने मित्रवत धर्म निभाया था ढ्ढ वनगमन के दौरान श्रीराम ने अपनी पहली रात अपने मित्र निषादराज के यहां बिताई थी । निषादराज ने ही केवट हरिवंश से प्रभु श्रीराम को गंगा पार करावाया। अनिल निषाद व चिंतामणि साहनी ने कहा कि इस देश के मूल निवासी निषाद वंश के लोग हैं। देश की सभ्यता व संस्कृति निषाद संस्कृति रही है।भाजपा नगर अध्यक्ष विजय सिंह रिंकू ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में निषादों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सेवानिवृत शिक्षक मोहन निषाद ने कहा कि इतिहास की यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए धन तो आता है और चला जाता है, धन से हीन होने पर कुछ नष्ट नही होता किंतु इतिहास और अपना प्राचीनतम गौरव नष्ट होने पर उस समाज का विनाश निश्चित है। निषादो की वर्तमान दशा एवं स्थिती इसका परिणाम है। इस अवसर पर सूरज प्रसाद निषाद, मुकेश पटेल, बृजा नन्द निषाद,नन्दलाल निषाद, गजानंद मौर्य दीनानाथ निशाद, ऋषुराज प्रजापति, राकेश निषाद आदि मौजूद रहें .

मंगल् घड़ी नियराईल् की शुभ दिन आईल् होऽ- आचार्य पंडित विघ्नेश पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के ग्रामभरसी बुजुर्ग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन ब्यास पीठ से प्रभु श्रीराम जन्म् कथा का रसपान कराते हुए आचार्य पंडित विघ्नेश पाण्डेय ने सोहर गीत *मंगल घड़ी नियराईल् शुभदिन आइल होऽ, ललना बाजे अवध में बधाई जनमले रघुराई नऽ हो।कौशिला के होशिला पुराईल् अचरवा जुड़ाइल् होऽ, अइले रतन चारो भाई जनमलें रघुराई नऽ होऽ।

गाया तो सभी श्रोता पाण्डाल में मंत्रमुग्ध हो ताली बजा कर गीत का आनंद लिए।

आगे महराज जी ने कहा कि रघुनन्दन के जन्म् की खबर सुन महाराज दशरथ परमानन्द में विभोर हो गये। परमानन्द में शरीर सारी सुध बुध खो देती है। तब सुमंत ने कहा कि, महाराज आप परमानन्द लिजिए। बाकी का हम सब देख रहे हैं। सुमंत बाटने की सारी हदें पार गये पुरे राज्य में धन धान्य सहित मिष्ठान वितरण कर रहे थे, इधर दशरथ हाथी, घोड़ा, गाय लुटा रहे हैं। अप्सराएं नृत्य करने लगी। देवता पुष्प वर्षा कर रहे हैं। तत्पश्चात महर्षि वशिष्ठ ने महाराज के पुत्रों का नाम रामचन्द्र, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखा। कथा के अंत में मुख्य यजमान सपत्नीक सुरेश विश्वकर्मा और चम्पा देवी ने कथा श्रवण के लिए पधारे सभी भक्तों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शशि विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा,राज कुमार मिश्र, अशोक मिश्र, मुन्ना मिश्रा,राजेश मिश्र , संगम मिश्र, जय चन्द मिश्र, राणा मिश्र, जोखन शर्मा, रामधारी, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हो कथा का रस पान किया.।

जिलाधिकारी ने डॉ अम्बेडकर के जंयती पर जनपद वासियों को बधाई देते हुये माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। रविवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के 133वीं जंयती को कलेक्ट्रेट सहित जनपद के सभी कार्यालयो में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिलाधिकारी आवास पर डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन सहित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी भरत लाल सरोज सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। समारोह को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि हम विभिन्न महापुरुषों की जन्म तिथि मनाते हैं और उनके जीवन के माध्यम से समाज, राष्ट्र के कार्य को याद करके न केवल प्रेरणा लेते हैं बल्कि जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों, विभागों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का जन्म दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है और इसका उद्देश होता है कि हमें याद दिलाना की आज विभिन्न तरह के कार्य और विभिन्न तरह के अवसरो का लाभ उठा रहे हैं वह वैसे नहीं मिल रहे हैं उसके लिए कितने लोगों ने संघर्ष झेले हैं और कितने तरह का त्याग किया है तब जाकर आज हम यहां बैठकर इसी तरह के अवसर मिल पा रहे हैं और समाज के लोगों के कल्याण के लिये कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे देश में लिंग, जाति, धर्म किसी भी आधार पर सभी को समानता का अधिकार मिल रहा है। उन्होने कहा कि समाजिक समरसता और न्याय का ढांचा है उसे स्थापित करने में बाबा साहब की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इस तरह हमारा संविधान ईश्वर के निकट ले जाता है जिस तरह कहते हैं कि ईश्वर की नजरों में सब समान होते हैं ईश्वर किसी के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता उसी प्रकार से हमारा संविधान भी किसी के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता सभी को अवसर की समता और गरिमापूर्ण न्याय लोगों को प्रदान करता है।

धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती, प्रतिमाओं, मूर्तियों पर फूलमालाऐं चढाई

● छताई में अंबेडकर जयंती के रैली में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

खजनी विकासखंड के ग्राम सभा छताई में भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडर की 134 वीं जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने डॉक्टर आँबेडकर की मूर्तियों और प्रतिमाओं पर फूलमालाऐं चढ़ा कर अपनी श्रद्धा प्रदर्शित की और शुभकामनाएं दीं। छताई गाँव मे स्थित अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। छताई अम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश आजाद ने कहा कि देश में समतामूलक समाज की स्थापना और भारतीय संविधान के लिए भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर को सदियों तक याद किया जाएगा।इस मौके पर छताई,धुवहा, मंझरिया, रक्सानारा,कटघर, खजनी क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं ने जुलूस के कार्यक्रम में गाजे बाजे के साथ हाथों में डॉक्टर आंबेडकर के चित्रों वाले नीले झंडे लिए बाबा साहेब अमर रहें के गगनभेदी नारे लगाते हुए रैलियां निकाली गई, जिसमें युवाओं महिलाओं पुरूषों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। इस दौरान आंबेडकर के जीवन से जुडे प्रसंगों पर चर्चा की गई, और उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया गया । बाबा साहेब अमर रहें और जय भीम के नारे लगाते हुए नाचते गाते युवाओं ने केक काट कर और मिठाइयाँ बाँट कर एकदूसरे को जयंती की बधाईयाँ दी इस मौके पर जगदीश आजाद,रमेश भारती, विवेक कुमार, सपा के दूधनाथ मौर्य,धीरू सिंह,गौकरन प्रधान,सूरज भारती, जय प्रकाश भारती, एडवोकेट शैलेश प्रजापति ,जुगानु भारती, बसिस्ट मुनि, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

आरएसएस के गणवेशधारी स्वयं सेवको ने पथ संचलन कर हिंदू नव वर्ष मनाया

● भारत माता व डा.हेड्गेवार के चित्रके साथ गीत गाते चल रहे थे स्वयं सेवक

स्वतंत्र प्रभात

अदलहाट, मीरजापुर। चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गणवेशधारी स्वयं सेवको ने पथ संचलन कर नगर भ्रमण कर नव वर्ष मनाया।चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा के दिन डा.केशव राव बलिराम हेड्गेवार की जन्म जयंती व संघ के छः उत्सवों मे प्रथम उत्सव के रुप मे मनाया गया। संघ के दंडधारी गणवेशधारी स्वयं सेवको ने बैकुंठपुर स्थित बोस पब्लिक स्कूल के परिसर से पथ संचलन का शुभारंभ कर लगभग तीन किलोमीटर दूरी का नगर भ्रमण कर शुभारंभ स्थल पर ही विश्राम लिया। इसके पूर्व आयोजित गोष्ठी मे स्वयं सेवको को संबोधित करते हुए जिला संचालक चुनार गौतम ने बताया कि संघ द्वारा मनाये जा रहे छः उत्सवो मे प्रथम उत्सव चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा को हिंदू नव वर्ष के रुप मे मनाते है।पथ संचलन के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समाज का कैसे उत्थान करता है,इसका आचरण कैसा है,इसका व्यवहार कैसा है,इस प्रकार का संदेश हम समाज को देते है। पथ संचलन कार्यक्रम मे भारत माता व डा.हेड्गेवार के चित्र के साथ चल रहे स्वयं सेवक सामुहिक गीत गाते हुए चल रहे थे।इस दौरान रामशकल सिह,गोबिंद शंकर ओझा, आलोक सिंह,सुमित जायसवाल, प्रमोद गोस्वामी, डा.विनोद सिंह,शिव जायसवाल, ब्लाक प्रमुख चन्द्र प्रकाश सिह, अशोक केशरी , राजकुमार सिह,मेवालाल वर्मा, संजय जायसवाल, बसंत केशरी, महेश जायसवाल आदि तमाम दंडधारी स्वयं सेवक साथ चल रहे थे।

शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का हुआ आयोजन

भाटपार रानी,देवरिया। उपनगर के रानी पोखरा पर श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन श्री राम कथा वाचक सुश्री ऋचा मिश्रा ने श्री राम कथा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का शिव पुराण कथा का रसपान कराया। उपस्थित सभी महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने श्री शिव बारात की कथा सुनकर भाव विभोर हो गए और भक्ति में डूब गए। यज्ञ समिति के संयोजक व नगर पंचायत भाटपार रानी के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता गुप्त, शिक्षक उदय नारायण सिंह झुना यादव रामदरश गुप्त, डा जयप्रकाश नारायण, भूपेंद्र सिंह, हरिचरण कुशवाहा, सतीश बरनवाल, आर के हैंडलूम के प्रोपराइटर गुड्डू रौनियार, विनोद रौनियार, संजय रौनियार, देवेश रौनियार सहित श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। कथावाचक रिचा मिश्रा ने शिव बारात की चर्चा करते हुए बताया कि ईश्वर की प्रति आस्था संशय से नहीं बल्कि समर्पण से मिलती है। परिस्थितियों चाहे जो भी हो लेकिन आप अपने विश्वास को ईश्वर के प्रति लगाए रखिए। भगवान आपकी जरूर सुनेंगे और आपकी सारी कामनाएं पूर्ण होंगे, भगवान शिव बड़े भोले हैं और अपने सभी भक्तों की मुरादे पूरी करते हैं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चियों व पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सिपाही गम्भीर रुप से घायल

शिवगढ़,रायबरेली। ड्युटी कर वापस थाने लौट रहे सिपाही को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, टक्कर से सिपाही बाइक सहित सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां सिपाही की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया। करीब डेढ़ साल से शिवगढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल रामआसरे कुम्भी बार्डर से ड्यूटी खत्म कर रात करीब साढ़े नौ बजे थाने लौट रहा थे तभी थाने से चंद मीटर पहले बांदा - बहराइच मार्ग पर स्थित भवानीगढ़ चौराहे पर बछरावां की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे राम आसरे सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए मौके पर इकट्ठे लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि सिपाही का हाथ फ्रैक्चर हुआ है ट्रक और चालक को पकड़ लिया गया है।

इजराइल पर ईरान के हमले की United Nations ने की कड़ी निंदा

● - कहा दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती

स्वतंत्र प्रभात

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए अधिकतम संयम बरतने का आग्रह किया, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने शनिवार को एक बयान में कहा, ''आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ईरान द्वारा इजराइल पर किये गए हमले के कारण तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए अधिकतम संयम बरतने का आग्रह किया, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने शनिवार को एक बयान में कहा, ''आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।÷

उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, "मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।" संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी मिशन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पत्र के जरिए सूचित किया है कि ईरान ने 13 अप्रैल की देर रात इजराइल के सैन्य ठिकानों पर सैन्य हमले किए हैं। ईरानी मिशन ने कहा कि ईरान ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अधिकार के तहत यह कार्रवाई की है जो इजराइली सैन्य आक्रामकता के जवाब में है, खासकर एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी राजनयिक परिसरों पर इज़राइल के हमले की प्रतिक्रिया में है।

ईरानी मिशन ने कहा,÷अफसोस की बात है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने कर्तव्य में विफल रही है, जिससे इजराइली शासन को अंतरराष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन करने की अनुमति मिल गई है। इस तरह के उल्लंघनों ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।÷ इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर ईरान आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करने में संकोच नहीं करेगा।

मिशन ने कहा कि अगर इजराइल सरकार ने फिर से सैन्य आक्रामकता दिखायी तो ईरान का जवाब निश्चित रूप से बहुत कड़ा होगा। ईरानी मिशन ने कहा, ÷इजराइली शासन द्वारा किसी भी अन्य सैन्य उकसावे को लेकर चेतावनी देते हुए ईरान किसी भी खतरे या आक्रामकता के खिलाफ अपने लोगों, राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और ऐसे धमकी या आक्रामकता का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कड़ाई से जवाब देने के अपने अटूट दृढ़ संकल्प को दोहराता है।÷

स्थिति पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रविवार शाम को बैठक करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भी पश्चिम में बदलते हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हाल में हुए इजराइली हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के संदर्भ में अपनी कार्रवाई को स्पष्ट किया है। फ्रांसिस कहा, ईरानी प्रतिक्रिया ने पश्चिम एशिया में पहले से ही तनावपूर्ण और शांति एवं सुरक्षा की नाजुक स्थिति को और खराब कर दिया है। फ्रांसिस ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने का आह्वान किया।

संक्षिप्त ख़बरें

रामनवमी महोत्सव कमेटी की हुई बैठक

पकड़ीदयाल नगर पंचायत बैंक रोड श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम नवमी महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा निकालने को लेकर रामनवमी महोत्सव कमेटी की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें शोभायात्रा के लिए रूट निर्धारित करने तथा कार्यक्रमों का समय निर्धारित करने पर विचार विमर्श किया गया। इस संदर्भ में राम नवमी महोत्सव कमिटी के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस साल 17 अप्रैल को रामनवमी महोत्सव आयोजन होगा रामनवमी शोभायात्रा पूरे नगर पंचायत में भ्रमण कर राम जानकी मंदिर में समाप्त होगी सुबह 11 बजे से पूजा प्रारंभ, दोपहर 2 बजे से शोभायात्रा शाम 6 बजे से प्रसाद वितरण तथा रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

योगाभ्यासियों ने ली शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ

शिकोहाबाद। नगर की आवास विकास कॉलोनी में प्रतिदिन योग कक्षा लगाई जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग योगाभ्यास करने आते हैं। रविवार को सभी लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर योग बैलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगला चूरा के योग प्रशिक्षक योगाचार्य डॉ. पीएस राना ने साधकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग है। हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि मतदान से हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जितना अधिक मतदान होगा हमारा लोकतंत्र भी उतना ही अधिक मजबूत होगा। शपथ के दौरान सुनहरीलाल, रामअवतार, अनुराग, अभिषेक, जयवीर सिंह तौमर, उर्मिला उपाध्याय, कमला राजपूत, सुमन, ई. गिरंद सिंह, आरसी चौहान, गुड्डू यादव, संजेश यादव सहित बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे। अंत में योगाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

100 लीटर देशी शराब सहित 1 गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त को 100 लीटर देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त मौनू पुत्र राजवीर निवासी सौनेलाल की चक्की के पास हिमायुपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद को हिरनगाँव रेलवे फाटक से उलाऊ जाने वाले रास्ते से 100 कदम आगे टूण्डला से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 100 लीटर देशी शराब बरामद हुई। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

जिला विज्ञान क्लब ने किया भारतीय संविधान के जनक को नमन

स्वतंत्र प्रभात

सिरसागंज- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने भारतीय संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 133 वीं जन्म जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने के साथ श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की चौदहवीं व अंतिम संतान थे। वे हिन्दू महार जाति से सम्बंध रखते थे, जो तब अछूत कही जाती थी और इस कारण उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में विधि का अभ्यास करते हुए अछूतों की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें ऊपर उठाने के प्रयास किए। उनका प्रथम संगठित प्रयास केंद्रीय संस्थान बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना थी, जिसका उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के साथ ही अवसादग्रस्त वर्गों के रूप में संदर्भित बहिष्कार के कल्याण करना था। दलित अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, प्रबुद्ध भारत और जनता जैसी पाँच पत्रिकाएं निकालीं। वे एक प्रतिभाशाली एवं जुझारू लेखक थे। इसलिये उन्होंने मुंबई के अपने घर राजगृह में ही एक समृद्ध ग्रंथालय का निर्माण किया था। जिसमें उनकी पचास हजार से भी अधिक किताबें थीं। उन्होंने अपने लेखन द्वारा दलितों व देश की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उनका महापरिनिर्वाण 06 दिसम्बर 1956 को दिल्ली में उनके आवास पर हो गया।

जिला भाजपा कार्यालय टूण्डला पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को सभी भाजपा पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात

टूण्डला- जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय टूण्डला पर संविधान रचियता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को सभी भाजपा पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश के इंदौर शहर स्थित महू में हुआ जिसका आज नाम बदलकर डॉ भीमराव अंबेडकर नगर कर दिया गया है दुनिया में उन्होने अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनाई इसी के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर जी सुधारक होने के साथ साथ एक लेखक भी थे वो हिंदी की 32 डिग्रिया के साथ साथ 9 भाषाओं के बेहतर जानकार थे उन्होंने लंदन ऑफ स्कूल इकोनॉमिक्स से 2 साल 3 महीने में 8 साल वाली पढ़ाई पूरी की थी और उसी स्कूल से डॉक्टर ऑल साइंस नामक एक दुर्लभ डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले भारत के ही नहीं दुनिया के वह एक मात्र व्यक्ति थे ऐसे ओजस्वी महान व्यक्ति को हर भारत वासी नमन करता है भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथो पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, संयोजक शिवशंकर शर्मा, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता,

चेयरमैन प्रतिनिधि हरीश,क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, राजन सिंह निषाद, सुनील पाठक मनप्रीत सिंह कीर, कौशल दीक्षित, हरीश चंदानी, प्रदीप जैन, पप्पू फौजदार, जुबीन भारद्वाज, दीपक ठेनुआ, विनोद सिंह, राजेश अग्रवाल, जयवीर सिंह,आदि शामिल रहे।

2024 बीजेपी का वादा 3 करोड नए घर,सस्ती गैस

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले सभी दलों ने मतदाताओ को रिझाने के तहत अपना-अपना घोषणा-पत्र जारी करना शुरू कर दिया है।पार्टियों ने किसी भी सूरत में सत्ता तक पहुंचने की कवायद में एक से बढकर एक घोषणाओ- वादों से भरा पिटारा खोल दिया है। इसी कडी में रविवार का दिन बीजेपी के नाम रहा। भाजपा के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी मे लोकसभा चुनाव घोषणापत्र जारी कर दिया। इस मौके पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, निर्मला सीतारमण राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। आपार्टी ने अपने वादे-इरादे के घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र हित में भाजपा %बडे% और कडे फैसले लेने से पीछे नहीं हटती ,क्योंकि हम मानते हैं कि हमारे लिए पार्टी से बडा देश है।हम एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढेगें।बीजेपी समान नागरिक संहिता(यूसीसी) को भी देशहित में उतना ही जरूरी मानते है। भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।,पीएम मोदी ने कहा %ये मेरी गारंटी है%। वहीं यूनिफॉरम सिविल कोड लागू करने का वादा,देश में वंदे भारत स्लीपर ,वंदे भारत चेयरकार,और वंदे भारत मैट्रो,उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण भारत में एक बुलेट ट्रेन, और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन चलेगी।इसके लिए बाकायदा सर्वे का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा। मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी।3 करोड नए घर बनाएं जाएगे.70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो,मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च वर्ग से ही क्यों न हो। उन्हें 5 लाख रूपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। सभी घरों के लिए सस्ती पाइपलाइन गैस उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं बिजली बिल जीरो करने की दिशा में काम होगा, पीएम सूर्यग्रहण बिजली योजना लॉन्च होगी। घर में बिजली मुफ्त, एक्स्ट्रा बिजली से भी पैसे मिलेगे।मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढाकर 20 लाख की गई। दिव्यांग साथियों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।

ट्रांसजेंडरस को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। घोषणा-पत्र के मुताबिक भाजपा 3 तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने जा रही है। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हम नए-नए एजूकेशन इंस्टीटयूट खोल रहे हैं।यूनिवर्सिटीज बना रहे हैं।मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं।फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हम देशभर में हाईवे,रेलवे ,एयरवेज और वॉटर वे को आधुनिक बना रहे हैं।डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर-के लिए हम 5जी का विस्तार कर रहे हैं। 6 जी पर काम कर रहे हैं।भाजपा का संकल्प भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इसके अलावा स्वय सहायता समूह को आईटी ,शिक्षा ,स्वास्थ्य, रिटेल और पर्यटन, के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने का निर्णय। भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर जाएगी।,भारत को ग्लोबल न्यूट्रीशन हब बनाएगे।दिव्यांग जनों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं 2047 तक भारत को एक विकशत देश बनाने का लक्ष्य तिरुवनंतपुरम कल्चरल केंद्रों का निर्माण करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद भाजपा के संकल्प पत्र पर काम शुरू हो जाएगा।सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर पहले ही काम शुरू कर दिया है।

एक ऐसी समस्या जिससे देश के 35 करोड़ लोग प्रभावित मगर चुनाव से मुद्दा ही गायब, घोषणापत्रों में जिक्र तक नहीं

● - भारत में पानी का गंभीर संकट किसी से छिपा नहीं है. लंबी लाइनों में खड़े होकर टैंकरों से पानी भरते लोग या बारिश की कमी से सूखती फसलें, ये अब आम सी बात हो गई हैं.

स्वतंत्र प्रभात

गर्मी का मौसम आते ही पानी सोने जितना कीमती हो जाता है. दुनिया की कुल आबादी का 17% भारत में रहता है, मगर यहां दुनिया के सिर्फ 4% ताजे पानी के स्रोत मौजूद हैं. देश की 140 करोड़ आबादी में से 35 करोड़ लोगों को सुरक्षित पेयजल तक पहुंच नहीं है. लेकिन आश्चर्य की बात है कि किसी नेता ने ये गंभीर मुद्दा नहीं उठाया है और न ही किसी राजनीतिक पार्टी अपने घोषणापत्र में इस समस्या का जिक्र तक किया है.

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में हजारों लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है. बारिश पर भारत की निर्भरता इस समस्या को और बढ़ा देती है, क्योंकि मानसून का आना अब अनिश्चित हो गया है. जलवायु परिवर्तन से भी पानी की कमी की समस्या गंभीर हो रही है.

बेंगलुरु में दिखने लगा है जल संकट

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु बीते एक महीने से जल संकट से जूझ रहा है. यहां बारी बारी से लोगों को टैंकर के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है. यहां पानी का स?तर पिछले 5 सालों में मार्च महीने में सबसे कम था. बेंगलुरु आईटी हब है. यहां गूगल जैसी कंपनियां हैं, यहां पहले से ही पानी की सप्लाई कम कर दी गई है. रिपोर्ट्स के अनुसार बेंगलुरु के 14,700 बोरवेलों में से 6,997 सूख चुके हैं.

इंडस्ट्रियल राज्य जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और कृषि प्रधान राज्य उत्तर प्रदेश, पंजाब में पानी का स्तर 10 साल के औसत से भी कम है. पिछले साल मानसून बहुत कमजोर रहा था. पिछले 100 सालों में अगस्त का महीना सबसे सूखा रहा था, ऐसा इसलिए क्योंकि उस वक्त एल निनो मौसम पैटर्न हावी था. वहीं कई इलाकों में बारिश कम हुई थी, जबकि कुछ इलाकों में ज्यादा बारिश हुई थी.

बेंगलुरु में पानी की कमी की क्या है वजह

बेंगलुरु के 1.5 करोड़ लोगों को हर दिन कम से कम 2 अरब लीटर पानी की जरूरत होती है, जिसमें से 70% से ज्यादा पानी कावेरी नदी से आता है. बेंगलुरु को पानी की कमी का सामना इस वजह से करना पड़ रहा है क्योंकि कावेरी नदी बेसिन में कम बारिश हुई है. इस कारण बेंगलुरु के जलाशयों में पानी का स्तर बहुत कम हो गया है. अभी बेंगलुरु का मुख्य जलाशय %केआरएस डैम% अपनी क्षमता का 28% से भी कम पानी से भरा हुआ है.

इसके अलावा भी बेंगलुरु में पानी की कमी के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं जिनमें शहर की बढ़ती आबादी और पानी की बर्बादी भी शामिल है. एक जमाने में हरे-भरे इलाकों में अब टेक्नोलॉजी पार्क, ऊंची ऊंची बिल्डिंग बन गई हैं. इस वजह से जमीन के नीचे पानी सोखने की क्षमता बहुत कम हो गई है.

बेंगलुरु में गरीब तबके के लोग पानी की कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं. साफ-सफाई और स्वच्छता के लिए पर्याप्त पानी न होने से उनकी सेहत को भी खतरा बना हुआ है. लोग टैंकरों से पानी भरने के लिए लंबी लाइनों में खड़े दिखाई दे रहे हैं.

भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का सपना ऐसे कैसे होगा पूरा

महाराष्ट्र और पंजाब जैसे राज्यों में गन्ना और धान जैसी ज्यादा पानी वाली फसलों को उगाया जाता है. पानी की ज्यादा जरूरत होने के बावजूद महाराष्ट्र देशभर का 22% गन्ना अकेला उगाता है, जबकि बिहार सिर्फ 4% ही उगा पाता है. इसी तरह, पंजाब में धान के खेतों को सींचने के लिए इस्तेमाल होने वाले पानी का 80% भूजल स्रोतों से ही आता है. साथ ही विदेशों में ज्यादा पानी वाली फसलें निर्यात करने से भी देश का काफी मात्रा में पानी खर्च होता है.

मतलब है कि फसल को उगाने में जितना पानी लगता है, उतना ही पानी निर्यात के साथ देश से बाहर चला जाता है. अगर देश में पानी की कमी बनी रहती है, तो इससे उद्योग-धंधे और शहरीकरण भी प्रभावित होंगे, जो भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने के सपने को पूरा करने में बाधा डाल सकते हैं.

राजनीतिक दलों को इस ओर ध्यान देना क्यों जरूरी?

सरकार और राजनीतिक दलों के लिए भारत में जल संकट पर गंभीरता से ध्यान देना बेहद आवश्यक है क्योंकि पानी ही जीवन का आधार है. पानी की कमी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों में इच्छाशक्ति की कमी दिख रही है. पानी की कमी से लोगों की सेहत, कृषि और अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है. सामाजिक अशांति और विस्थापन हो सकता है. अगर इस समस्या को नहीं सुलझाया गया तो देश का आर्थिक विकास भी प्रभावित हो सकता है.

घोषणापत्र में राजनीतिक क्या-क्या ऐलान कर सकते थे?

देश में जल संकट से निपटने के लिए राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में बहुत से ऐलान कर सकते थे. जैसे नए जलाशय यानी कि डैम बनाने का ऐलान करना. बारिश के पानी को स्टोर करके उसे सही तरीके से

इस्तेमाल करने पर जोर दे सकते थे. कम पानी वाली खेती की तकनीकें अपनाने पर जोर देने का वादा कर सकते थे. प्रदूषित पानी को साफ करके पुनः इस्तेमाल में लाने की संकल्प ले सकते थे. पानी की बर्बादी रोकने के लिए कोई ठोस फैसला लेने की बात कर सकते थे.

अगर राजनीतिक दल इन अहम बातों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करते और इस ओर गंभीरता से ध्यान देते, तो भविष्य में जल संकट से निपटना आसान हो सकता है. जल संकट एक बहुत बड़ी चुनौती है लेकिन सरकार की ठोस इच्छाशक्ति और कोशिशों से इसका समाधान किया जा सकता है.

राजनेताओं से जल संकट को चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने का आग्रह

भारत सरकार के पूर्व सचिव शशि शेखर ने बीते महीने सभी राजनीतिक दलों से अपने चुनावी घोषणापत्र में %जल संकट% का मुद्दा शामिल करने का आग्रह किया था. मुंबई में 21 मार्च को आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने ये आग्रह किया था.

शशि शेखर ने द हिंदू से बात करते हुए कहा था, महाराष्ट्र सूखे और पानी की कमी की समस्या से साल दर साल जूझ रहा है. इस संकट को लेकर सभी राजनीतिक दलों की जवाबदेही होनी चाहिए. हर विधायक और सांसद को इस बारे में काम करना चाहिए. महाराष्ट्र में 4000 बांध सूख चुके हैं, जिससे नदियां सूख गई हैं. जलाशयों में तो खरबों लीटर पानी जमा है लेकिन खेतों तक कितना पानी पहुंच रहा है? महाराष्ट्र में पहले कभी गन्ने की खेती नहीं होती थी, यह बिहार की फसल थी. गन्ना सूखे वाले इलाकों के लिए उपयुक्त नहीं है. किसानों को सूखा सहन करने वाली फसलों की खेती की ओर रुख करना चाहिए.